CMYK

अधिकतम :39°C
न्यूनतम: 25°C

सेंसेक्स / निफ्टी
82,391.72
25,104.25

सोना / चांदी
99,070
1,09,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, बुधवार 11 जून 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 149 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 14 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**कैटरीना कैफ बनीं मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**यार्कशायर के लिए खेलेंगे ऋतुराज गायकवाड़**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर लगा 15 हजार हर्जाना

**लखनऊ।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने तथ्यों को छिपाकर निगरानी याचिका दाखिल करने पर यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड पर 15 हजार रुपये का हर्जाना लगाकर याचिका खारिज कर दी। यह मामला बरेली के एक मकान व इमामबाड़े के पास की 17 दुकानों की वक्फ डीड का था। न्यायाधीश जसप्रीत सिंह की एकल पीठ ने यह फैसला यूपी शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड की ओर से दाखिल पुनरीक्षण (निगरानी) याचिका पर दिया। इसमें विवादित संपत्तियों के लिए मुतवल्लियों की तैनाती के वक्फ ट्रिब्यूनल के वर्ष 2024 के एक फैसले को चुनौती देकर रद्द करने का आग्रह किया गया था।

### विदेश मंत्री का दावा: पाक को फिर उसी की भाषा में समझाएंगे

# पाक का तबाह एयरबेस राफेल की दक्षता का सबूत

**ब्रुसेल्स।** भारत ने पाकिस्तान पर सैन्य कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के लगभग तीन सप्ताह बाद पुन: चेतावनी दी है कि संघर्ष के मूल कारण अब भी यथावत बने हुए हैं और आगे कभी भी आतंकवादी हमलों से उकसाए जाने पर भारत पाकिस्तान में कहीं भी और किसी भी हद तक हमला करने के लिए तत्पर है।

विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने ब्रुसेल्स की यात्रा के दौरान बेल्जियम के समाचारपत्र पोलिटिको के साथ एक साक्षात्कार में कहा कि यह (पाकिस्तान) एक ऐसा देश है जो राज्य की नीति के साधन के रूप में आतंकवाद के उपयोग में पूरी तरह से लिप्त है। यही पूरा मुद्दा है। यह पूछे जाने पर कि क्या पिछले महीने युद्ध शुरू होने की परिस्थितियां अभी भी हैं, उन्होंने कहा कि यदि आप आतंकवाद के प्रति प्रतिबद्धता को तनाव का मूल कारण कहते हैं, तो बिल्कुल, यह है। दस मई को सैन्य कार्रवाई रोकने के बाद से एक भारतीय अधिकारी द्वारा भारतीय पक्ष को हुए नुकसान के बारे में कुछ टिप्पणियों के बारे में पूछे जाने पर, उन्होंने कहा कि भारत के लड़ाकू विमानों और मिसाइलों ने पाकिस्तानी वायुसेना को इसके विपरीत कहीं अधिक व्यापक नुकसान पहुंचाया है, जिससे पाकिस्तान को शांति के लिए गुहार लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा कि जहां तक मेरा संबंध है, राफेल कितना प्रभावी था या अन्य प्रणालियां कितनी प्रभावी थीं – स्पष्ट रूप से, मेरे लिए प्रसन्नता का सबूत पाकिस्तानी पक्ष में नष्ट और अक्षम हवाई क्षेत्र हैं। लड़ाई 10 तारीख को एक कारण से और केवल एक कारण से बंद हुई, जो यह था कि 10 तारीख की सुबह हमने इन आठ पाकिस्तानी, मुख्य आठ पाकिस्तानी हवाई क्षेत्रों पर प्रहार किया और उन्हें अक्षम कर दिया।

**संघर्ष के मूल कारण यथावत बने हुए हैं, भारत ने दी पाकिस्तान को चेतावनी**



## आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है: नित्यानंद राय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा है कि आतंकवाद का एकमात्र उद्देश्य दुनिया भर में भय फैलाना और समाज को अस्थिर करना है इसलिए इसे निर्णायक रूप से पराजित करना जरूरी है। श्री राय ने मंगलवार को यहां 23वें राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार में कहा कि आतंकवाद वैश्विक शांति, विकास और मानवाधिकारों के लिए सबसे गंभीर खतरा बन गया है। उन्होंने कहा कि हमारा अनुभव है कि आतंकवाद को पूरी तरह से हराने के लिए हमें केवल सैन्य कार्रवाई से ज्यादा की जरूरत है। इसके लिए वैश्विक सहयोग जरूरी है। देशों को एक साथ आना चाहिए, खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और आतंकवादियों के इरादों तथा तंत्र का पर्दाफाश करना चाहिए जिससे कि उनके नेटवर्क को प्रभावी ढंग से खत्म किया जा सके। आतंकवाद की प्रकृति पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि यह किसी एक देश की भौगोलिक सीमाओं तक सीमित नहीं है।

## बेंगलुरु भगदड़: आरसीबी के मार्केटिंग हेड को राहत नहीं

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु भगदड़ मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने आरसीबी के मार्केटिंग प्रमुख निखिल सोसले को अंतरिम राहत देने से इन्कार कर दिया है। अदालत ने 11 जून तक आदेश सुरक्षित रखा है। चार जून को बेंगलुरु में चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मचने और उसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने इस मामले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के विपणन प्रमुख निखिल सोसले को किसी प्रकार की अंतरिम राहत देने से मंगलवार को इन्कार कर दिया। अदालत ने सोसले की याचिका पर अपना आदेश 11 जून तक सुरक्षित रखा। सोसले को केंद्रीय अपराध शाखा ने छह जून को गिरफ्तार किया था। सोसले ने अपनी याचिका में छह जून को सुबह उन्हें गिरफ्तार किए जाने की वैधता पर सवाल उठाया था।

# पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में दिया गया आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि देश में पिछले 11 वर्षों में रक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है और सरकार ने रक्षा उत्पादन में आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता पर विशेष जोर दिया है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के मौके पर शीर्ष नेतृत्व की ओर से सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया जा रहा है।

इसी कड़ी में प्रधानमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में देशवासियों के सामूहिक संकल्प और रक्षा क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भरता तथा प्रौद्योगिकी में उत्कृष्टता की ओर ले जाने के अटूट दृढ़ संकल्प पर गर्व व्यक्त किया। श्री मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा कि पिछले 11 वर्षों में हमारे रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं, जिसमें आधुनिकीकरण और रक्षा उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर बनने पर स्पष्ट ध्यान दिया गया है।

**■ देशवासी भारत को और मजबूत बनाने के संकल्प के साथ जिस तरह से एकजुट हुए हैं यह देखकर खुशी होती है: मोदी**



## ऑपरेशन सिंदूर: पीएम 33 देशों से लौटे सात डेलिगेशन से मिले, साथ डिनर किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार शाम ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख दुनिया को बताकर देश वापस लौटे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों से मुलाकात की। उनके साथ डिनर किया। डेलिगेशन ने पीएम से अपनी यात्रा का अनुभव शेयर किया। 59 सदस्य 33 देशों की यात्रा पर गए थे। जिनमें 51 नेता और 8 राजदूत शामिल हैं। डेलिगेशन का नेतृत्व 7 सांसदों ने किया था। इनमें भाजपा से रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जदयू के संजय कुमार झा, डीएमके के कनिमोझी, करुणानिधि, एनसीपी (एसपी) की सुप्रिया सुले, कांग्रेस सांसद शशि थरूर और शिवसेना (शिंदे गुट) के श्रीकांत एकनाथ शिंदे शामिल थे।

## यूपी में बदलेगा मौसम, गरजेंगे बदरा

**लखनऊ।** प्रचंड गर्मी और लू का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 36 घंटों में आंधी और गरज चमक के साथ वर्षा का अनुमान व्यक्त किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले 36 घंटों में पूर्वी उत्तर प्रदेश में कहीं-कहीं वर्षा अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने के आसार हैं, वहीं 12 जून से पूरे प्रदेश में कहीं-कहीं आंधी और बूंदाबांदी का अनुमान है। मौसम का बदला मिजाज 16 जून तक जारी करने की संभावना है। इस दौरान आंधी और वर्षा के चलते गर्मी से फौरी राहत मिलने की आशा है। विभाग के अनुसार मंगलवार को प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। पिछले 24 घंटे में झांसी और आगरा में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। इस दौरान उष्ण हवाएं (लू) और उमस भरी गर्मी लोगों को झुलसाती रही।

# दिल्ली के अपार्टमेंट में आग, कूदने से दो बच्चों समेत तीन की मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के द्वारका जिला स्थित एक अपार्टमेंट में आग लगने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह घटना पूर्वाह्न करीब 10:00 बजे द्वारका सेक्टर 13 स्थित शब्द अपार्टमेंट की है। आग की लपटों में घिरे फ्लैट से जान बचाने के लिए करीब 35 साल के यश और उनके परिवार के दो अन्य बच्चों ने सातवीं मंजिल की बालकनी से छलांग लगा दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों को तत्काल पास के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि आग की इस घटना में यश की पत्नी और बड़े बेटे भी घायल हो गए। फायर ब्रिगेड कर्मियों ने दमकल की आठ गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया।





xmart *Price indicated is Ex-Showroom price of MX1 petrol variant (All India). Terms of offer may be altered/amended/withdrawn without prior notice. Accessories shown are not part of standard equipment. *T&C apply. To book online visit auto.mahindra.com.

BAJRANG MOTORS
HALDWANI 7617595006 9997191416 | PITHORAGARH 7060201577 | ALMORA 9997051025 | BAGESHWAR 8126177772 | CHAMPAWAT 8126177778

KUMAR AUTOWHEELS PVT.LTD.
RUDRAPUR 8192835111 8449101234 | KASHIPUR 8449904477 | KHATIMA 8191899023 | SITARGANJ 8193899109

## संक्षिप्त समाचार

### मुंबई में एमबीबीएस तीसरे वर्ष के छात्र ने की आत्महत्या

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेज और सर जे जे अस्पताल में एमबीबीएस के तीसरे वर्ष के एक छात्र ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा प्राथमिक जांच से पता चला है कि छात्र अवसाद में था। पुलिस के अनुसार रोहन रामफेर प्रजापति (22) ने रविवार रात सर जे जे अस्पताल परिसर में अपने छात्रावास के कमरे के छत पंखे से कथित तौर पर फांसी लगा ली। घटना का पता तब चला जब उसका रूममेट रितेश विश्वकर्मा उसी दिन रात 10-50 बजे छात्रावास के कमरे में आया। उन्होंने बताया कि प्रजापति को अस्पताल के आपातकालीन खंड में ले जाया गया लेकिन उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रजापति का शव उसके माता-पिता को सौंप दिया गया है और जांच जारी है।

### बस्ती में हाईटेंशन तार से चिपककर सगे भाइयों की मौत

**बस्ती।** उत्तर प्रदेश में बस्ती जिले के नगर थाना क्षेत्र मे मंगलवार को हाईटेंशन तार की चपेट में आने से दो सगे भाईयों ी मौत हो गई। पुलिस सूत्रो ने बताया कि क्षेत्र के खुटहन गांव निवासी विश्वबल्लभ यादव (23) और शशि भूषण (25) सगे भाई है। मंगलवार को किसी काम के लिए दोनो एक लोहे की सीढ़ी ले जा रहे थे कि रास्ते में सीढ़ी हाईटेंशन तार में स्पर्श हो गई और दोनो गंभीर रुप से झुलस कर अचेत हो गए। दोनो को आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि 10 फिट पर लटक रहे हाईटेंशन तार को ऊपर करने के लिये कई बार बिजली विभाग में शिकायत किया गया लेकिन बिजली विभाग द्वारा कुछ नहीं किया गया।

### आरक्षण पर जम्मू-कश्मीर कैबिनेट ने मसौदा तैयार किया

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में मौजूदा आरक्षण नीति के खिलाफ शिकायतों पर गौर करने के लिए पिछले साल गठित जम्मू-कश्मीर कैबिनेट उप-समिति ने अपनी रिपोर्ट का मसौदा तैयार कर लिया है, जिसे कैबिनेट की बैठक में रखा जाएगा। यह जानकारी कैबिनेट उप-समिति की प्रमुख जम्मू-कश्मीर की मंत्री सकीना इटू ने दी है।

### फारूक अब्दुल्ला वंदे भारत में सवार हुए

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को श्रीनगर के नौगाम रेलवे स्टेशन से कटरा तक वंदे भारत ट्रेन में सफर किया और इस सेवा की सराहना की तथा इसे स्थानीय लोगों और पर्यटन के लिए वरदान बताया। गौरतलब है कि नौगाम रेलवे स्टेशन उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेलवे लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो कश्मीर को जम्मू क्षेत्र और शेष भारत से जोड़ता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू की गई घाटी को जम्मू के कटरा शहर से जोड़ने वाली दो सेमी-हाई-स्पीड ट्रेनों का परिचालन सात जून को शुरू हुआ। अब्दुल्ला ने ट्रेन में सवार होने से पहले संवाददाताओं से कहा कि ट्रेन सेवा पर्यटन को महत्वपूर्ण बढ़ावा देगी और निवासियों के लिए यात्रा को आसान बनाएगी।

# भारतीयों पर अत्याचार को लेकर ट्रम्प से बात करें पीएम

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ **अमेरिकी राष्ट्रपति दबाव बना रहे: कांग्रेस**

कांग्रेस ने कहा है कि अमेरिका में भारतीयों को लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारतीयों पर हो रहे अत्याचार को रोकने में विफल रहे हैं, इसलिए अब श्री मोदी को तत्काल अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से इस बारे में बात करनी चाहिए।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश ने मंगलवार को यहां सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि अमेरिका में भारतीय नागरिकों के सम्मान को ठेस पहुंचाई जा रही है और अपमानित करने की घटना ट्रम्प के राष्ट्रपति पद पर बैठने के साथ से आरंभ हो गई थी जो रुकने का नाम नहीं ले रही है। रमेश ने कहा कि मोदी सरकार भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में विफल हो रही है। पहली बार किसी अमे. रिकी राष्ट्राध्यक्ष ने वॉशिंगटन डीसी में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने की घोषणा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति लगातार भारत पर दबाव बनाए रखने का श्रेय ले रहे हैं। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी युद्ध विराम या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों पर बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पाए हैं। भारत और भारतीयों के सम्मान की रक्षा करना पीएम की सबसे महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों में से एक है। हम मांग करते हैं कि मोदी राष्ट्रपति ट्रंप से बात करें और भारतीयों के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अमेरिका में भारतीय छात्रों में व्याप्त भय के मामले में हस्तक्षेप करने की अपील करें।

# छह राज्यों में लू का अलर्ट, बारिश की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **47.3 डिग्री पारे के साथ श्रीगंगानगर सबसे गर्म, असम में अब भी 1.63 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित**

देश के उत्तरी राज्यों में तेज गर्मी का दौर जारी है। देश के 6 राज्यों के 18 शहरों का तापमान सोमवार को 45 डिग्री के ऊपर रहा। इन राज्यों में राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली और ओडिशा शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47.3 डिग्री पार के साथ देश में सबसे गर्म रहा।

दिल्ली-एनसीआर समेत पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मंगलवार को भी हीट वेव और तेज गर्मी की चेतावनी जारी रही। दिल्ली में आज भी तापमान 45 डिग्री पार के पास जा सकता है। राज्य में अगले दो दिन के लिए हीट वेव-गर्मी का आरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने राजस्थान में तेज हीट वेव का रेड अलर्ट जारी किया है।

सबसे ज्यादा असर पश्चिमी जिलों जैसलमेर, बाड़मेर, जोधपुर, पाली, जालोर, सिरोही में है। हरियाणा में भी सोमवार को तापमान 45 डिग्री के आंकड़े को भी पार कर गया। प्रदेश में सिरसा 46.4 डिग्री तापमान के साथ सबसे गर्म रहा। असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन राज्य के 1.63 लाख लोग अभी भी बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में इस साल बाढ़ और लैंडस्लाइड की घटनाओं में 27 लोगों की मौत हो चुकी है। फिलहाल कोई भी नदी खतरे के निशान के ऊपर नहीं बह रही है। पिछले 6 साल की तुलना में इस साल आंध्र प्रदेश में दक्षिण-पश्चिम मानसून पहले आया, लेकिन यह भरपूर नहीं रहा। जून के पहले नौ दिनों में 59प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। इस साल दक्षिण-पश्चिम मानसून 4 जून की अपनी सामान्य तारीख से 9 दिन पहले 26 मई को आंध्र प्रदेश पहुंचा था।

इन दिनों में राज्य में 24.4 एमएम की सामान्य औसत बारिश के मुकाबले केवल 10.1 एमएम औसत बारिश दर्ज की गई। पूरे राज्य में चार जिलों- कोनासीमा, बापटला, पूर्वी गोदाव. री और कृष्णा के अलावा केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के खास इलाके में पहले 9 दिनों में बारिश नहीं हुई। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाके, यनम मंडल के दो जिले अनकापल्ली-विजयनगरम में सामान्य वर्षा हुई। श्रीकाकुलम में ज्यादा बारिश हुई। एलुरु में 80प्रतिशत, गुंटूर 95 प्रतिशत, काकीनाड़ा 66 प्रतिशत, एनटीआर 81प्रतिशत, एसपीएसआर नेल्लोर 64 प्रतिशत और पश्चिम गोदावरी जिलों में 96 प्रतिशत कम बारिश हुई।

## सीएम योगी ने सपा पर हमला बोलते हुए पूछा सवाल

# विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ क्यों नहीं बोली

**बहराइच, वार्ता**



■ **सुहेलदेव समेत सभी महापुरुषों का सम्मान क्यों नहीं किया गया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि मुस्लिम वोट बैंक के कारण समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस के नेता विदेशी आक्रांताओं के खिलाफ एक भी शब्द नहीं बोलते थे। कांग्रेस, सपा व अन्य दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवालिया अंदाज में कहा कि सपा कांग्रेस के लोगों ने क्या किया।

महाराजा सुहेलदेव समेत अन्य महापुरुषों को पहले क्यों सम्मान नहीं मिल पाया। इनके नाम पर भव्य स्मारक, मेडिकल कॉलेज, विश्व. विद्यालय पहले क्यों नहीं बना, क्योंकि उन्हें वोटबैंक की चिंता थी। महापुरुषों का नाम रखने पर तुष्टिकरण की नीति फेल न हो जाए। जब भाजपा देश-प्रदेश में लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती मना रही थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के नाम पर सरदार पटेल की सबसे बड़ी प्रतिमा केवड़ियि गुजरात में स्थापित कराई, तब सपा राष्ट्रतोड़क जिन्ना का गुणगान कर रही थी। जब हम लोग महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव को मनाने की बात करते थे, तब सपा व कांग्रेस में होड़ लगती थी कि गाजी मियां का विवाह होना चाहिए। हमने कहा कि विदेशी आक्रांताओं का महिमामंडन बंद और राष्ट्रनायकों का सम्मान होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को चित्तौरा ब्लॉक के मसीहाबाद ग्रामसभा में महाराजा सुहेलदेव के विजयोत्सव कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होने 40 करोड़ से बने महाराजा सुहेलदेव स्मारक का उद्घाटन और महाराजा सुहेलदेव की कांस्य की 40 फिट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। मुख्यमंत्री ने 1243 करोड़ की 384 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास भी किया। उन्होने यहां 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत पौधरोपण भी किया। गाजी के नाम पर होने वाले आयोजनों को इस बार से पूरी तरह से बंद कराने वालों को सीएम ने धन्यवाद दिया। उन्होने जयंती पर महाराजा बलभद्र सिंह को भी याद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक हजार वर्ष पहले महाराजा सुहेलदेव ने विदेशी आक्रांताओं को जवाब देने की मिसाल प्रस्तुत की थी, लेकिन इतिहास में उन्हें जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह नहीं मिला। पीएम मोदी के विकास व विरासत के अभियान को बढ़ाते हुए भाजपा की डबल इंजन सरकार ने उन्हें सम्मान देने का संकल्प लिया था।

### बदायूं, बिजनौर समेत चार जिलों के धार्मिक स्थलों की विकास योजनाओं को मिली स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आध्यात्मिक और विरासत पर्यटन को सशक्त बनाने के प्रयासों के तहत पर्यटन विभाग ने बदायूं, कौशांबी, प्रतापगढ़ और बिजनौर जिले के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं बौद्ध स्थलों के विकास के लिए दो करोड़ 45 लाख रुपए से अधिक की लागत वाली परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की है। प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने मंगलवार को कहा कि इन परियोजनाओं का उद्देश्य न केवल पर्यटन स्थलों की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करना है, बल्कि पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाना तथा पर्यटन क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को गति देना भी है।

### खुद को तपाकर मोदी ने भारतीयों को बनाया विश्वास का प्रतीकः सीएम

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के अब तक के 11 वर्षों के कार्यकाल को विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का स्वर्णिम काल करार देते हुए यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है, बल्कि स्वयं को तपाकर और खपाकर 140 करोड़ भारतवासियों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है। भाजपा के प्रदेश कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का 11 वर्ष का यह कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर, स्वर्णिम कालखंड के रूप में प्रस्तुत करता है। इस स्वर्णिम कालखंड के लिए हम उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तर प्रदेश वासियों की ओर से प्रधानमंत्री को बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व और अन्य अस्थिर सरकारों के कारण आमजन का विश्वास टूटा था, विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर भारत की छवि तार-तार हुई थी। पिछले 11 वर्षों के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के रूप में भ्रष्टाचार से मुक्त, परिवारवाद से मुक्त, तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला एक ऐसा नेतृत्व मिला है जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक बनाकर भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की एक सुदृढ़ नींव का निर्माण करते हुए अगले 25 वर्ष के व्यापक कार्य योजना पूरे भारतवासियों के सामने प्रस्तुत की है। उन्होंने कहा कि इन 11 वर्षों में भारत में न केवल सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से बल्कि सुरक्षा की मोर्चे पर, सुशासन के मोर्चे पर और आर्थिक मोर्चे पर भी एक नई पहचान बनाई है। शासन की नीति स्पष्टता, कार्य प्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही अब शासन की एक नई पहचान बनी है।

# यूपी में जल्द आएंगे नए ईएसआई अस्पताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ **मेरठ, शाहजहांपुर व बरेली में चल रहा तेजी से निर्माण कार्य**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का श्रम एवं सेवायोजन विभाग कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के तहत श्रमिकों और उनके परिवारों के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार कर रहा है और इसी कड़ी में सरकार ने मेरठ, बरेली, शाहजहांपुर, गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के निर्माण के साथ-साथ ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि ईएसआई योजना के तहत वर्तमान में श्रमिकों को प्राथमिक और द्वितीयक चिकित्सा देखभाल, सुपर स्पेशियलिटी उपचार और आकस्मिक सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके तहत बीमांकित कर्मचारियों और उनके परिजनों को राजकीय मेडिकल कॉलेजों या जिला अस्पतालों में रेफर कर उपचार सुनिश्चित किया जाता है, साथ ही स्वयं के खर्च पर उपचार की प्रतिपूर्ति भी की जाती है। प्रदेश में ईएसआई निगम के 109 अनुबंधित निजी चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध है। इसके अलावा, रोग रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। डाट्स सेंटर के माध्यम से टीबी की निष्शुल्क जांच और उपचार प्रदान किया जा रहा है। चिकित्सा अवकाश प्रमाणीकरण की सुविधा भी इस योजना का हिस्सा है। उन्होने बताया कि सरकार की भावी योजनाओं में स्वास्थ्य ढांचे का विस्तार और आधुनिकीकरण प्राथमिकता पर है। मेरठ, शाहजहांपुर और बरेली में नए अस्पतालों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है, जबकि गोरखपुर और ग्रेटर नोएडा में नए अस्पतालों के लिए गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण को भूमि उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में ईएसआई निगम मेडिकल कॉलेज की स्थापना भी करने का निर्णय लिया है। इसके अतिरिक्त, 12 नए औषधालयों की स्थापना की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के पीआईपी प्लान के तहत 237.50 लाख रुपये और 2025-26 के लिए 80.90 लाख रुपये के उपकरणों की स्वीकृति ईएसआई निगम से प्राप्त हो चुकी है, जिससे अस्पतालों में आधुनिक चिकित्सा उपकरण उपलब्ध होंगे।

## अर्थ व्यापार

# बिकवाली से शेयर बाजार की तेजी थमी

**मुंबई, वार्ता**



विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, दूरसंचार, और रियल्टी समेत आठ समूहों में हुई बिकवाली से शेयर बाजार की पिछले लगातार चार दिनों की तेजी आज थम गई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 53.49 अंक गिरकर 82,391.72 अंक रह गया वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी मामूली बढ़त के साथ 25104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2991 कंपनियों के शेयरों में से 1609 में तेजी जबकि 1302 में गिरावट रही वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के आठ समूहों में बिकवाली हुई। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। शुरुआती कारोबार में संसेक्स 199 अंक की तेजी के साथ 82,643.73 अंक पर खुला, लेकिन भारी बिकवाली से थोड़ी देर बाद ही 82,240.40 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,445.21 अंक के मुकाबले 0.06 प्रतिशत उतरकर 82,391.72 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी25,199.30 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,103.20 अंक की तुलना में मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर सपाट बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में एशियन पेंट 1.27, बजाज फाइनेंस 1.16, टाटा स्टील 0.99, बजाज फिनसर्व 0.92, आईसीआईसीआई बैंक 0.84, मारुति 0.82, रिलायंस 0.69, महिंद्रा एंड मलहद्रा 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.64, भारती एयरटेल 0.62, इटरनल 0.45, एसबीआई 0.37, सन फार्मा 0.29 और टाइटन 0.28 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, टेक महिंद्रा 2.27, टाटा मोटर्स 2.01, इंफ़ोसिस 1.51, एचसीएल टेक 1.18, इंडसइंड बैंक 1.17, टीसीएस 1.16, अल्ट्रासिम्को 1.16, आईटीसी 0.96, एक्सिस बैंक 0.93, नेस्ले इंडिया 0.78, एनटीपीसी 0.64, अदानी पोर्ट्स 0.51, कोटक बैंक 0.42, पावरग्रिड 0.18 और हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयर लाभ में रहे।

### यूपी को निवेश का हब बनाने के लिए जुटेंगे निवेशक

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वैश्विक निवेश आकर्षित करने के उद्देश्य से 10 जून को लखनऊ में एक दिवसीय ' वैश्विक क्षमता केंद्र कॉन्क्लेव' का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान उद्योग जगत के निवेशकों, नीति निर्माताओं और बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ गहन विचार-विमर्श भी होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार, तथा आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग यादव इस कॉन्क्लेव के मुख्य वक्ता होंगे। इनके साथ नासकॉम के उत्तर भारत क्षेत्र के प्रमुख अमित वर्मा भी उपस्थित रहेंगे, जो उद्योग की दृष्टि साझा करेंगे।

# खाद्य तेल चढ़ा, अन्य जिंसों के भाव रहे स्थिर

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ **चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस पर रहे दालों में भी रहा टिकाव**

विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव बढ़ने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल महंगा हो गया, वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा 40 रिंगिट उतरकर 3880 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.15 सेंट की तेजी के साथ 47.53 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में सरसों तेल में 182 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे :- दाल-दलहन : चना 5700-5900, दाल चना 6700-6800, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9500-9600, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 8600-8700 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3650-3750 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल : सरसों तेल 16666 रुपये, मूंगफली तेल 17802 रुपये, सूरजमुखी तेल 16116 रुपये, सोया रिफाइंड 13919 रुपये, पाम ऑयल 13765 रुपये और वनस्पति तेल 14798 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# यूपी के 28 हजार चौराहों का होगा कायाकल्प

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को उत्तम कनेक्टिविटी युक्त प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार प्रदेश में 2000 रुपए की धनराशि खर्च कर 28,830 चौराहों का कायाकल्प करेगी। लोकनिर्माण विभाग द्वारा इस विषय में एक खाका तैयार किया गया है। इसके अनुसार, प्रदेश में वर्ष 2021 से 24 के बीच 1435 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक व अल्पकालिक सुधार कार्यों को पूरा किया गया है। वहीं, प्रदेश में बड़े स्तर पर दो लेन से कम चौड़ाई वाले मार्गों को न्यूनतम दो लेन (पेव्ड शोल्डर युक्त) करने की तैयारी है जिससे पैदल यात्रियों को सहूलियत मिलेगी। इसके साथ ही, 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य में भी तेजी लाने की तैयारी है। इन सभी कार्यों के जरिए प्रदेश में रोड सेफ्टी को बढ़ावा देने और यातायात सुधार की प्रक्रिया में तेजी लायी जाएगी। विभाग द्वारा तैयार की गई कार्ययोजना के अनुसार, ऐसे राज्य मार्ग जिनकी चौड़ाई 2 लेन से कम है या फिर दो लेन होने के बावजूद वहां पेव्ड शोल्डर कार्यों को पूरा नहीं किया गया है उसे पूरा करने पर योगी सरकार का फोकस है। प्रक्रिया के जरिए 748 करोड़ रुपए की लागत से 895 पेव्ड शोल्डर की चौड़ाई के कार्यों को पूरा किया जाएगा और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सभी राज्यमार्ग कम से कम 2 लेन चौड़े तथा पेव्ड शोल्डर युक्त हों जिससे पैदल यात्रियों व साइकिल इत्यादि से चलने वाले राहग. ीरों की सुविधा व सुरक्षा में इजाफा होगा। प्रक्रिया के अंतर्गत 50 किमी से अधिक लंबाई वाले राज्यमार्गों पर ट्रक ले-बाई के निर्माण कार्य को पूरा करने की तैयारी है। इसके लिए कुल 102 कार्य निर्धारित हैं जिसके जरिए 8,887-88 किमी की लम्बाई पर इन कार्यों को पूरा किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, प्रदेश में ऐसे स्थान जहां यातायात परिवहन की वास्तविक गति उसने निर्माण के दौरान प्रस्तावित डिजाइन गति से 50 प्रतिशत या कम है, ऐसे सभी मार्गों को चिन्हित कर लिया गया है।

# निजीकरण का टेंडर होते ही करेंगे हड़ताल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स की राष्ट्रीय कोर कमेटी की दिल्ली में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का टेंडर होते ही पूरे देश के 27 लाख बिजली कर्मी एक दिन की सांकेतिक हड़ताल करेंगे।

कोऑर्डिनेशन कमिटी के संयोजक शैलेन्द्र दुबे ने बताया यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तर प्रदेश में चल रहे बिजली के निजीकरण के विरोध में आगामी 02 जुलाई को पूरे देश में व्यापक विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उप्र में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आगामी 09 जुलाई को देशभर के तमाम बिजली कर्मी निजीकरण के विरोध में राष्ट्रव्यापी हड़ताल करेंगे। नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज एंड इंजीनियर्स ने केंद्र सरकार से मांग की है कि किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और गरीब उपभोक्ताओं के व्यापक हित में केंद्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप कर उत्तर प्रदेश में चल रही बिजली की निजीकरण की प्रक्रिया को निरस्त कराए। बैठक में ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया पावर डिप्लोमा इंजीनियर्स फेडरेशन के सेक्रेटरी जनरल अभिमन्यु धनकड़, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज के जनरल सेक्रेटरी मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी सुदीप दत्ता, ऑल इंडिया पावर मेंस फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी आर के शर्मा, तमिलनाडु इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज फेडरेशन के जनरल सेक्रेटरी ए सेकीजार, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के उपाध्यक्ष सुभाष लांबा, ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के ए के जैन ,यशपाल शर्मा और सत्यपाल मुख्यतया उपस्थित थे। लखनऊ में आगामी 22 जून को किसानों, आम घरेलू उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की हो रही महापंचायत में कोऑर्डिनेशन कमेटी के राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। 22 जून की महापंचायत बिजली के निजीकरण के विरोध में निर्णायक जन आंदोलन का फैसला लिया।

### निजीकरण के खिलाफ उपभोक्ता परिषद ने की सीबीआई जांच की मांग

**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ता परिषद ने आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश में 43454 करोड़ खर्च कर सिस्टम में व्यापक बदलाव के जरिये 42 जिलों के 51 प्रतिशत शेयर निजी घरानो को बेचने की साजिश की जा रही है। इस संबंध में उपभोक्ता परिषद ने प्रधानमंत्री व राष्ट्रपति शिकायती प्रस्ताव भेज कर कहा कि इसमें केंद्र का धन भी शामिल है जिसके कुछ नौकरशाहों की भूमिका संदिग्ध है। उन्होने मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। परिषद के अध्यक्ष अवधेश वर्मा ने कहा कि यह देश का पहला ऐसा मामला जहां पर सरकारी धन का उपयोग करके निजी घरानो को उपकृत करने की साजिश चल रही है। राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा की तरफ से एक साक्ष्य आधारित प्रस्ताव राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को भेजते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग बताते हुए पूरे मामले पर हस्तक्षेप करते हुए इस भ्रष्टाचार से पर्दा उठाने के लिए सीधे सीबीआई जांच की मांग उठाई गई है और कहां गया है इसमें ऊर्जा सेक्टर के कुछ नौकरशाह की भूमिका संदिग्ध है। श्री वर्मा ने कहा कि आरडीएसएस योजना में बिजली कंपनियों पर जो लगभग 43454 करोड़ खर्च हो रहा है उसका ज्यादातर भाग भारत सरकार के खजाने से आ रहा है इसलिए इस पर भ्रष्टाचार के मामले में सीधे भारत सरकार सीबीआई की जांच करा सकती है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# रुपये वापस मांगने पर व्यापारी नवीन मित्तल की हत्या

**दुकानदार नौकर सहित गिरफ्तार**

**मुजफ्फरनगर।** सवा दो लाख के लेनदेन को लेकर परचून व्यापारी ने अपने नौकर के साथ मिलकर कारोबारी की हत्या कर दी। हत्या करने से पहले कारोबारी को शराब पिलाई और उसके बाद सीट बैल्ट से गला दबाकर हत्या करने के पश्चात शव को भोपा के जौली गंगनहर में फेंक दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर शव को बरामद करते हुए हत्या में प्रयुक्त की गई सीट बैल्ट भी बरामद कर ली है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। व्यापारी की निर्मम हत्या



से शहर के कारोबारियों में भी शोक छाया रहा और परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने हिरासत में लेने के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला भरतिया कालोनी निवासी कारोबारी नवीन कुमार मित्तल के पास मोबाइल कम्पनी की एजेंसी है और वहआटा बेचने का थोक कारोबार भी करते थे। उनकी दुकान कूकडा आरा मशीन के निकट है। देर रात कारोबारी गांधीनगर में परचून की दुकान चलाने वाले व्यापारी नमन जिंदल निवासी गांधीनगर से उधार दिये गये एक लाख व परचून की दुकान के लिए उधार दिये गये आटे के सवा दो लाख रुपए लेने के लिए घर से निकले थे, लेकिन रात में वापस नहीं लौटे। परिजन उनकी तलाश शुरू की। परिजनों ने बताया कि नवीन रात्रि में परचून व्यापारी नमन से पैसे लेने के लिए निकले थे। पुलिस ने शक के आधार पर नमन को हिरासत में लेकर पूछताछ की। थाना प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया कि सख्ती से पूछताछ के बाद बताया कि उन्होंने रात्रि में कारोबारी को अपनी गाडी में बैठाकर शराब पिलाई। उसके बाद शराब पीने के बाद पैसों के लेन देन को लेकर उनका विवाद हो गया। आरोपी नमन ने अपने नौकर आतिश निवासी गांधीनगर वाल्मीकि बस्ती के साथ मिलकर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को रात्रि में भोपा गंगनहर में फेंक दिया। शव झाडियों में अटक जाने के कारण बह नहीं सका। पुलिस ने दोनों आरोपियों की निशानदेही पर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है।

# फेसबुक पर महिला व बच्चे की अश्लील वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

**लखनऊ पुलिस ने कैलावड़ा निवासी युवक को किया गिरफ्तार**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर महिला और एक मासूम बच्चे की अश्लील वीडियो वायरल करने के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

मामले में लखनऊ साइबर थाना पुलिस द्वारा दी गई सूचना के आधार पर खतौली पुलिस ने केलावडा गांव निवासी एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना खतौली के उपनिरीक्षक मुकेश कुमार को लखनऊ साइबर सेल से सूचना प्राप्त हुई थी कि फेसबुक पर आलिया शर्मा नामक एक फर्जी अकाउंट से महिला और एक बच्चे की अश्लील वीडियो पोस्ट की गई है।

सूचना मिलते ही खतौली पुलिस हरकत में आई और लखनऊ साइबर सेल से पूरा विवरण लिया। वीडियो पोस्ट करने वाले का मोबाइल नंबर ट्रेस किया गया, जो खतौली थाना क्षेत्र के गांव कलावड़ा निवासी एक युवक का निकला। इसके बाद पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर थाने लाकर पूछताछ शुरू की। प्राथमिक जांच में सामने आया कि वायरल वीडियो आलिया शर्मा नामक फर्जी फेसबुक अकाउंट से डाली गई थी। पुलिस ने बताया कि आरोपी युवक ने अश्लील वीडियो अपलोड कर सोशल मीडिया पर वायरल की थी। पुलिस ने जानकारी देते हुय बताया कि युवक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

साथ ही फर्जी अकाउंट से जुड़े अन्य लोगों की भी पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की साइबर टीम ग्रुप में जुड़े सभी संदिग्धों की जांच में जुटी हुई है।

## दुकानदार के साथ मारपीट

**मोरना।** थाना ककरौली क्षेत्र के गांव तेवड़ा निवासी हरेंद्र ने पुलिस को बताया कि गांव में उसकी किरयाना की दुकान है। गांव निवासी युवक पर सामान के कुछ रुपए उधार थे। मंगलवार को वह दुकान पर सामान खरीदने आया तो बिजेंद्र ने उधार की रकम वापस मांगी।आरोपी ने रुपए देने से मना कर दिया। जिसको लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई। पीड़ित का कहना है कि थोड़ी देर बाद आरोपी युवक आधा दर्जन युवकों को साथ लेकर उसकी दुकान पर आया तथा उसके साथ गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर दी। बीच बचाव करने आए उसके पुत्र व दो अन्य युवकों को भी गंभीर चोटे आई हैं। जिन्हे उपचार हेतु अस्पताल भेजा। जबकि दूसरे पक्ष का कहना है कि हरेंद्र अपनी दुकान पर अवैध रूप से पेट्रोल की बिक्री करता है। मंगलवार को उसने पेट्रोल कम दिया था। जिसे लेकर कहासुनी हो गई। थाना पुलिस ने बताया कि हरेंद्र की तहरीर के आधार पर मारपीट करने वाले शाहवेज, साजिद, गुलसनव्वर, साकिब व तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# बैरक में सोता रहा बंदी, जेल में अफरा-तफरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**मुजफ्फरनगर।** मुलाकात के दौरान अचानक ही गिनती में एक बंदी के कम मिलने के बाद जेल प्रशासन में हलचल मच गई। जेल अधिकारियों के आदेश पर मुलाकात को आये सभी लोगों को जेल के भीतर ही रोक लिया गया। कुछ देर बाद पता चला कि जिस बंदी को तलाश किया जा रहा है वह अपने बैरक में आराम कर रहा है। इसके बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

सोमवार को मुलाकात का दौर जिला कारागार में चल रहा था। सभी मुलाकाती अपने-अपने परिचितों से मुलाकात करने के लिए उत्साहित थे। हालांकि इस समय तेज गर्मी का समय था और मुलाकाती लाईन में लगे पसीने में तर-बतर थे, लेकिन इसके बावजूद भी सभी मुलाकाती जेल में बंद अपने भाई व अन्य रिश्तेदारों से मुलाकात करने के लिए मुलाकतियों की लम्बी कतार में लगे थे, सभी लोग धीरे-धीरे मुलाकात करने के लिए जिला कारागार के भीतर पहुंचे, कुछ समय बाद ही यहां अधिकारी व बंदी रक्षकों में हलचल मचनी शुरू हो गई। हालांकि मुलाकात को आये लोग व बंदियों को इसकी कोई जानकारी नही थी कि आखिर जेल में हुआ क्या है, बस सभी लोग तरह-तरह के अंदाजे लगाते रहे और प्रशासन की भागदौड को देखते रहे। इसी समय सामने आया कि रिश्तेदारों से मुलाकात के लिए बैरक से निकाला गया एक बंदी गिनती में कम आ रहा है, कई बार गिनती की गई और हर बार एक बंदी कम मिला। काफी समय बाद कुछ बंदी रक्षक हवालात में पहुंचे तो वह बंदी अपने बैरक में आराम करता मिला। इस दौरान जेल प्रशासन ने मुलाकात को आये मलाकातियों को काफी देर तक जेल के भीतर ही रोके रखा और सभी के हाथों पर लगी मोहरे चेक की गई। बंदी के मिलने के बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली।

बता दें कि इस समय भीषण गर्मी का दौर चल रहा है और जेल की चारदीवारी के भीतर गर्मी से बंदी व मुलाकाती बदहाल है।

# बिजली का करंट लगने से युवती की मौत

**घर में साफ-सफाई कर रही थी साक्षी**

**मुजफ्फरनगर।** चरथावल थाना क्षेत्र के गांव कुल्हेड़ी निवासी साक्षी पुत्री रामकुमार सोमवार को देर शाम लगभग 7:30 बजे अपने घर में साफ सफाई व पोछा कर रही थी उसी दौरान घर में चल रहा तूफान में युवती का हाथ लगने से बिजली का करंट लग गया युवती की माता ने उसका बचाव करने के लिए पंखे के तार निकाले, लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी, करंट लगने की सूचना से गांव में हड़कम्प मच गया, मौके पर ग्रामीणों का भारी भीड़ जमा हो गई आनन फानन में परिजन युवती को लेकर डॉक्टर के पास गए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, युवती की मौत की सूचना मिलते ही हिन्डन पुलिस चौकी इंचार्ज एसआई राजेश शर्मा गांव कुल्हेड़ी घटना स्थल पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया, उसी दौरान परिजनों ने मृतका साक्षी का पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया, गांव के जिम्मेदार लोगों व चौकी इंचार्ज एसआई राजेश शर्मा केबीच बातचीत के बाद पोस्टमार्टम नहीं कराने की सहमती बनी, उसके बाद परिजनों ने नम आंखे से युवती का अंतिम संस्कार कर दिया।

# छात्रा की चोटी काटने वाली शिक्षिका निलम्बित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अध्यापिका द्वारा छात्र की चोटी काटने की घटना पर आज संयुक्त हिंदू मोर्चा ने पीड़ित छात्र के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया। जिसे बीएसए ने आज निलम्बित कर दिया।

आज काजीखेड़ा मैं मुस्लिम अध्यापिका द्वारा चोटी काटे जाने से पीड़ित छात्र के परिजन छात्र को लेकर संयुक्त हिंदू मोर्चा के पदाधिकारियों के पास पहुंचे और उन्हें अपनी आप बीती बताते हुए कहा कि उन्हें आसपास के दबंगों द्वारा लगातार फैसला करने की धमकी दी जा रही है और उन्हें गांव छोड़ने को मजबूर कर दिया गया है इसके बाद सभी प्रतिनिधि जिलाधिकारी कार्यालय पर पहुंचे और जेहादी शिक्षिका के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए उसकी बर्खास्तगी की मांग करी जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एडीएम न्यायिक ने हिंदू नेताओं से वार्ता करी संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी ने कहा कि छात्र के साथ इतनी गंभीर घटना होने के बाद भी प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है और न ही पीड़ित छात्र की सुरक्षा का कोई प्रबंध किया जा रहा है जबकि छात्र बहुत ही कमजोर मजदूर परिवार से है और पीड़ित परिवार को गांव छोड़ने को मजबूर किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्दी ही ठोस कार्यवाही न की गई तो जल्दी ही पंचायत कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी इस अवसर पर मुख्य रूप से संयुक्त हिंदू मोर्चा अध्यक्ष मनोज सैनी, डॉक्टर योगेंद्र शर्मा, पंकज भारद्वाज, हिंदू जागरण मंच लोकेश सैनी, मंडल अध्यक्ष शिवसेना बिटू सिखेड़ा, जिला अध्यक्ष मुकेश आर्य प्रधान आर्य समाज, अखिलेश शर्मा सर्व ब्राह्मण महासंघ, अखिलेश पुरी जिला प्रभारी संयुक्त हिंदू महासंघ, नवीन कश्यप अध्यक्ष कश्यप महासंघ, राजेश कश्यप मंडल महासचिव, अमरीश त्यागी मंडल उपाध्यक्ष, संजय गोयल मंडल उपाध्यक्ष, पुष्पेंद्र सैनी मंडल उपाध्यक्ष, बसंत कश्यप जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू पीठ, आशीष शर्मा, सागर कश्यप,भाजपा नेता राजकुमार, सिद्धार्थ, विजय तोमर, गोपी वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# टोल पर पूर्व मंत्री व विधायक मिथलेश पाल धरने पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** मुझेडा टोल प्लाजा पर मंगलवार को उस समय माहौल गरम हो गया जब विधायक मिथलेश पाल और पूर्व मंत्री योगराज सिंह ने स्थानीय लोगों के साथ धरना देकर टोल मैनेजर से सीधे सवाल किए। टोल फी किए जाने के बावजूद स्थानीय लोगों से जबरन वसूली की शिकायत मिलने पर धरना दिया गया। धरने पर बैठे नेताओं ने टोल की सभी 16 लाइनों के बैरियर हटा दिए और टोल फी कर दिया।

मीरापुर क्षेत्र के रामराज, मुझेडा, संभलहेडा, सालारपुर आदि गांव के लोगों ने टोल वसूली के बाद विधायक से शिकायत की जिसके समाधान के लिए मंगलवार की दोपहर करीब दो बजे विधायक मिथलेश पाल, पूर्व मंत्री योगराज सिंह व रालोद के वरिष्ठ नेता स. मेजर सिंह टोल प्लाजा पर पहुंच गए तथा स्थानीय लोगों से वार्ता की। विधायक और पूर्व मंत्री ने मौके पर पहुंचकर 20 किलोमीटर तक के क्षेत्र को टोल मुक्त करने और क्षेत्रीय युवाओं को रोजगार देने की मांग की। उन्होंने टोल मैनेजर से उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग भी रखी। इसके बाद तहसीलदार श्रद्धा गुप्ता भी वहां पहुंचीं और एनएचएआई अधिकारियों से फोन पर बातचीत की। स्थानीय लोगों ने बताया कि पहले टोल कंपनी ने गांव के युवाओं को काम पर रखा लेकिन



बाद में बिना किसी कारण के उन्हें हटा दिया गया। नयागांव भुम्मा निवासी कुलदीप पाल ने आरोप लगाया कि उन्हें भी कंपनी से निकाल दिया गया। टोलकर्मियों पर अभद्र व्यवहार करने व धमकाने का आरोप भी लगाया गया। जैसे ही स्थानीय लोगों का आक्रोश बढ़ा, प्रदर्शनकारियों ने टोल की सभी 16 लाइनों के बैरियर हटा दिए और टोल फी कर दिया। टोल मैनेजर आकाश चौधरी ने इसका विरोध किया लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं मानी। विधायक मिथलेश पाल ने कहा कि स्थानीय युवाओं को रोजगार देना कंपनी की जिम्मेदारी है और वह इस मुद्दे को एनएचएआई तक पहुंचाएंगी। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले भी आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने टोल फी कराने के लिए प्रदर्शन किया था, जिस पर पुलिस ने दो नामजद व 25 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर दिया था।



**मुजफ्फरनगर : भीषण गर्मी में सड़के पड़ी विरान।**

# समाजसेवी शंकर स्वरूप बंसल के युवा पुत्र का निधन



**मुजफ्फरनगर।** पूर्व विधायक विष्णु स्वरूप शाह जी के पुत्र तथा शिव मूर्ति संचालक मंडल के प्रबंधक और उद्यमी शंकर स्वरूप बंसल सराफ के इकलौते पुत्र अभिनव स्वरूप बंसल का आज दोपहर मां शाकुंभरी देवी मंदिर में दर्शन करके आते वक्त अत्यधिक गर्मी के कारण आए हृदयघात के चलते निधन हो गया। वह मात्र 42 वर्ष के थे उनके निधन से नगर में शोक छा गया तथा हजारों लोग सूचना मिलते ही होली एंजेल स्कूल के सामने स्थित उनके पैतृक आवास पर दुख जताने पहुंच गए। देर शाम शहर शमशान घाट में हजारों लोगों की मौजूदगी में अभिनव स्वरूप बंसल का अंतिम संस्कार किया गया इस दौरान राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल सहित अन्य राजनीतिक दलों से जुड़े नेता पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। पूर्व विधायक विष्णु स्वरूप शाह जी के पुत्र शंकर स्वरूप बंसल का भगत सिंह रोड पर शाहजी ज्वेलर्स के नाम से सोने चांदी और हीरे के जेवरात का कारोबार है। अभी हाल ही में उन्होंने रुड़की रोड पर शौर्य बैंकट हॉल का निर्माण भी कराया है। श्री बंसल वैश्य सभा , सनातन धर्म सभा , शिव मूर्ति संचालक मंडल सहित नगर की प्रतिष्ठित संस्थानों से जुड़े हुए है। समाजसेवी शंकर स्वरूप बंसल के इकलौते पुत्र अभिनव स्वरूप बंसल आज अपने परिवार के साथ मां शाकुंभरी देवी के दर्शन हेतु गए हुए थे। तेज गर्मी के कारण वह पसीने से तर बतर अवस्था में मंदिर गए और वहां से दर्शन करके जैसे ही वापस लौट रहे थे तो अचानक मूर्छित होकर गिर पड़े आसपास के लोगों ने उनके परिवार की मदद की और उन्हें उपचार हेतु चिकित्सा के पास पहुंचा जहां उन्हें अमृत घोषित कर दिया गया इसे पूरा नगर सैन रह गया किसी को भी विश्वास नहीं हुआ की 42 साल का होनहार और हंसता मुस्कुराता युवक इस तरह से हम सबको अकेला छोड़ कर चला गया।

# तीन शातिर चोर बुलेरो पिकअप, असलहा व चोरी के सामान सहित गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चरथावल।** थाना क्षेत्र के ग्राम लुहारी खुर्द गेट के पास से पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी करने वाले तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है।चोरों के पास से पुलिस ने दो तमंचे,दो जिन्दा कारतूस,चोरी किए गए सामान सहित चोरी की घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप बरामद की है।पुलिस ने पकड़े गए सभी अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। चरथावल थाना क्षेत्र के गांव नगला राई निवासी सुहैल पुत्र सलीम ने थाना चरथावल पर मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी दुकान के बाहर पड़ा कुछ लोहे का सामान 26 मई की रात्रि में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया था।चरथावल पुलिस ने मामले का संज्ञान लेते हुए चोरों को तलाश में जुट गई। चरथावल थाना प्रभारी जसवीर सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कौशलेन्द्र प्रताप सिंह,उपनिरीक्षक विशाल राठी, कांस्टेबल दीपक यादव,सोनू,लोकेश आदि ने थाना क्षेत्र के लुहारी गेट पर चेकिंग अभियान के दौरान रवि पुत्र राकेश निवासी मोहल्ला शिव शक्ति कॉलोनी मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर, अलाउद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी मौहल्ला हाजीपुरा कॉलोनी थाना सिविल लाइन मुजफ्फरनगर जनपद मुजफ्फरनगर व शिवम पुत्र मनोज निवासी वर्तमान मौहल्ला ए टू जेड कॉलोनी थाना नई मंडी जनपद मुजफ्फरनगर मूल पता मौहल्ला मुकल्लमपुरा कस्बा व थाना मीरापुर जनपद मुजफ्फरनगर को चोरी किए गए सामान सहित 2 तमंचे 315 बोर,दो जिन्दा कारतूस सहित चोरी की घटना में प्रयुक्त बोलेरो पिकअप सहित गिरफ्तार कर लिया ।पुलिस द्वारा पुछताछ करने पर अभियुक्तों ने बताया कि समान दुकान से चोरी किया था आज वह चोरी किया हुआ सामान बेचने के लिए जा रहे थे।पुलिस ने पकड़े गए चोरों को जेल भेज दिया है।

# भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष ने की नई नियुक्तियां

**चरथावल।** भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी ने कई पदाधिकारियों की मेहनत एवं संगठन के प्रति लग्न को देखते हुए विभिन्न पदाधिकारियों को महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी सौंपी है।नियुक्त किए गए सभी पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपे है। भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी ने भाकियू के वरिष्ठ पदाधिकारियों मामचंद पुण्डीर व बॉबी पुण्डीर की भाकियू संगठन में मेहनत व लग्न को देखते हुए देवल गुरुद्वारा साहिब में चल रहे अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन में बॉबी ठाकुर को ग्राम अध्यक्ष कसौली व मामचंद पुण्डीर को न्याय पंचायत अध्यक्ष कुटेसरा नियुक्त किया है।भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी ने पदाधिकारियों को नियुक्त पत्र सौंपे है।वही भाकियू कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया है।

## कुतुबपुर गंगनहर पर बहती दिखी युवक की लाश

**मीरापुर।** कुतुबपुर गंगनहर पर एक युवक की लाश बहकर आ रही थी जिसे देखकर राहगीरो को भीड लग गई। कुतुबपुर गंगनहर झाल पर राहगीरो ने एक युवक की लाश को बहते हुए देखा जो पानी के टकराव के कारण इधर उधर तैर रही थी। गंगनहर के किनारे सैकडो लोग एकत्र हो गये। इस सम्बंध जब थाना प्रभारी बबलू सिंह वर्मा से सम्पर्क किया गया तो उन्होने बताया कि उन्हे इस मामले की कोई जानकारी नही है।



# छेड़छाड़ का विरोध करना पड़ा महंगा

## मारपीट में चले लाठी-डंडे, लोहे की रॉड से सिर फोड़ा, पुलिस से कार्रवाई की मांग

**दबंगों के आगे पुलिस बेबस**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बा खतौली के मोहल्ले की एक युवती से छेड़छाड़ का विरोध करना उसके परिजनों को महंगा पड़ गया।

पीड़िता के भाई और अन्य परिजनों के साथ दबंग युवकों ने जमकर मारपीट की।

घटना में युवती के भाई को लोहे की रॉड से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार एक मोहल्ले की युवती के साथ उसी क्षेत्र के युवक द्वारा छेड़छाड़ की गई। इस घटना को लेकर युवती के परिजनों ने विरोध जताया और आरोपी युवक को बीच रास्ते में रोक लिया। इससे नाराज़ होकर आरोपी युवक अपने आधा दर्जन साथियों के साथ मौके पर पहुंच गया और मोहल्ले में स्थित दूध की डेरी पर युवती के भाई पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला बोल दिया।मारपीट के दौरान दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चले।

युवती की मां ने कोतवाली पहुंचकर आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने आरोप लगाया कि उनके परिवार को धमकाया जा रहा है और आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। लोगों ने इस घटना के बाद रोष व्याप्त है और लोगों ने न्याय की मांग की है।

# छठें दिन भी भाकियू कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद

**मुजफ्फरनगर।** पानीपत खटीमा राष्ट्रीय राजमार्ग पर जानसठ के गांव देवल स्थित गुरुद्वारे के सामने हाईवे पर चल रहे धरने के छठे दिन चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने आंदोलन का बिगुल फूंका यहां चरथावल ब्लॉक के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मुस्तैदी के साथ डटे रहे।

दरअसल चौधरी राकेश टिकैत के आहवान पर 5 जून से लगातार भूरी वाले बाबा गुरुद्वारा के सामने हाईवे निर्माण से गुरुद्वारा को होने वाले नुकसान के विरोध में अनिश्चितकाल. िन धरना प्रदर्शन चल रहा है जिसमें भारतीय किसान यूनियन के कर्मठ कार्यकर्ता और पदाधिकारी तथा किसान बड़ी भारी संख्या में पहुंचकर



सहयोग कर रहे हैं। मीडिया प्रभारी चौधरी शक्ति सिंह ने बताया कि चरथावल ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष युवा अंकित मलिक, रो. बिन सिंह, सोनू त्यागी, ठाकुर मामचंद, पदम धारीवाल, आलम नूर, जन्म सिंह गिल, दीपक धारीवाल, अविनाश, राजीव मलिक, उस्मान त्यागी, योगेश मलिक, सुशील प्रधान, दीपक मलिक, पप्पू, रागिब बॉबी, डॉक्टर साहब सहित किसान और भाकियू कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सुभाषचन्द्र माहेश्वरी को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**मीरापुर।** माहेश्वरी फाउण्डेशन की ओर से सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व एमएलसी स्व. सुभाष चन्द्र माहेश्वरी की द्वितीय पुण्यतिथि पर कासमपुर भूम्मा में माहेश्वरी कृषि फार्म पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि देकर पुष्प अर्पित किये गये। कार्यक्रम में पूर्व मुख्य न्यायधीश हाईकोर्ट उडीसा व चंडीगढ डा. आई.एम कुद्दूसी व मीरापुर विधायक मिथलेश पाल व पूर्व मंत्री योगराज सिंह उपस्थित रहे। मीरापुर क्षेत्र के ग्राम कासमपुर भूम्मा में माहेश्वरी कृषि फार्म पर मीरापुर निवासी सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता व एमएलसी स्व. सुभाष चन्द्र माहेश्वरी की द्वितीय पुण्य तिथि पर एक शोकसभा का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित लोगो ने उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व मुख्य न्यायधीश हाईकोर्ट उडीसा व चंडीगढ डा. आई.एम कुद्दूसी ने कहा कि सुभाष चन्द्र माहेश्वरी ने अपने वकालत के कार्यकाल में गरीबो, मजदूरो व किसानो के हित में उच्च न्यायालय इलाहाबद व सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली में कई फेसले उनके हक में कराये। पूर्व मुत्री योगराज सिंह ने कहा कि चीनी मिलो द्वारा किसानो को गन्ना खरीदने के बाद काफी समय बाद भुगतान किया जाता था सुभाष चंन्द्र माहेश्वरी ने सुप्रीम कोर्ट में किसानो के हक में दायर याचिका के माध्यम से मिल मालिको को गन्ना खरीदने के 15 दिनो बाद भुगतान कराने का निर्णय कराया। क्षेत्रीय विधायक



मिथलेश पाल ने इस मौके पर कहा कि इन्होने अपने महत्वपूर्ण कार्यो के द्वारा समाज में अमिट छाप छोडी है। इन्होने मीरापुर से लेकर दिल्ली तक का न्यायिक सफर तय किया जिसके कारण राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान बनाई। इनके बेटे सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विपुल कुमार माहेश्वरी ने अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मैं उनके पदचिन्हो पर चलकर किसानो, मजदूरो के हित में सदा कार्य करता रहूंगा। क्षेत्र के लोगो को शनिवार व रविवार के दिन मुजफ्फरनगर कार्यालय में निशुल्क न्यायिक सेवाऐं देने का वादा किया। इस मौके पर कृषि वैज्ञानकि डा. रविश कुमार, प्रधान शोभाराम, नागेन्द्र अधिवक्ता, चेयरमैन जमील अहमद, पूर्व मंत्री योगराज सिंह, बिल्लू पूर्व प्रमुख, राजेन्द्र प्रमुख मवाना, वासुदेव शर्मा, डा. ताहिर कुरैशी, सादिक कुरैशी, विश्वपाल, जबरसिंह, अनिरूद्ध शारदा, शरद शुक्ला, राम आर्य पाठक, नरेन्द्र पाल, विनय दूबे, राकेश शर्मा, आदि ने सम्बोधित किया।

# भाकियू तोमर के कार्यालय पर सभा का आयोजन

**मुजफ्फरनगर।** रामपुर तिराह स्थित भारतीय किसान यूनियन तोमर के राष्ट्रीय कार्यालय पर उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया।



सभा में अमन कुमार निवासी ग्राम भोझाहेड़ी को जिल मीडिया प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया संगठन के चीफ चौधरी संजीव तोमर ने कहा भारतीय किसान यूनियन तोमर 36 बिरादरी का संगठन है पिछले कई वर्षो से भारतीय किसान यूनियन तोमर किसान व मजदूर की निस्वार्थ सेवा करता आ रहा है हर पीड़ित किसान मजदूर के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है देश में जगह जगह भ्रष्टाचार को लेकर हो रहे धरना प्रदर्शन लेकिन भ्रष्टाचार खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है उन्होंने कहा सरकारी दफ्तर भ्रष्टाचार के अंडे बने हुए दफ्तरों में बैठे अधिकारी किसानों का खून चूसने का काम कर रहे हैं जिला मीडिया प्रभारी अमन कुमार ने कहा कि किसानों का शोषण होने नहीं देंगे। चौधरी संजीव तोमर ने मुझे जिला मीडिया प्रभारी बना कर बड़ी जिम्मेदारी दी है में अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाऊंगा । इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी, जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी, जिला उपाध्यक्ष हनी चौधरी, जिला महासचिव विशाल फरीदी, कार्यकारिणी प्रदेश प्रभारी अजय त्यागी, सरताज, अमन एडवोकेट अन्य उपस्थित रहे।।'

**सूचना**

सिद्धार्थ कॉलेज ऑफ लॉ अखलौर खेड़ी (सहारनपुर) की प्रबंध समिति का चुनाव कॉलेज प्रांगण में दिनांक 15/06 / 2025 सुबह 09:00 बजे सम्पन्न होगा ।

**चेयरमैन ।**

## खाला-भांजी के साथ दुष्कर्म करने वाले दबोचे

**बुढ़ाना।** ईद उल अजहा के दिन नाबालिग खाला और उसकी सगी भांजी के साथ जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने वाले दोनों दुष्कर्मियों को बुढ़ाना पुलिस ने ढूंढ निकाला और जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली की कस्बा चौकी क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग खाला और उसकी सगी नाबालिग भांजी को डरा धमकाकर बाइक पर बैठाकर दो नाबालिग किशोर फुगाना थाना क्षेत्र के गांव लोई के जंगल में ईद उल अजहा की शाम को ले गये थे और दोनों ने बारी बारी से दोनों नाबालिग खाला और भांजी के साथ दुष्कर्म किया था और मन भर जाने के बाद दोनों नाबालिग किशोरियों को उनके घर के बाहर छोड़कर दोनों आरोपी फरार हो गये थे। इस घटना से पुलिस में हड़कंप मच गया था तो इस मामले में फरार आरोपियों की तलाश में टीम गठित कर दी गयी थी।

# सतगुरु समनदास महाराज की प्रतिमा के साथ निकाली गई शोभायात्रा



**मोरना।** तीर्थ नगरी शुकतीर्थ में अखिल भारतीय संत शिरोमणि सतगुरु रविदास सतगुरु समनदास मिशन के द्वारा ब्रह्मलीन स्वामी ज्ञान भिक्षुक दास महाराज के 64 वे परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर विशाल शोभा यात्रा निकाली गई।जिसमें अनेक धार्मिक झांकियों का प्रदर्शन किया गया। शोभायात्रा के मुख्य केन्द्र सुन्दर रथ में बृहमलीन संत सतगुरु समनदास महाराज की प्रतिमा को विराजमान किया गया। शोभायात्रा मे दर्जनों बेंडबाजो के साथ महिला व पुरुष श्रद्धालु भजनों पर गाते नांचते झूमते चल रहे थे। शोभायात्रा का अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।शोभा यात्रा की सुरक्षा को भारी पुलिस बल तैनात किया गया। सिद्ध पीठ हरिदास समाधि से शोभा यात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल, भाजपा क्षेत्रीय मन्त्री अमित राठी, जिला पंचायत सदस्य सचिन करानिया व संयोजक प्रबंधक महात्मा गोरधन दास महाराज ने संयुक्त रूप ब्रह्मलीन सतगुरु समनदास महाराज की प्रतिमा का पूजन कर किया। जिसके बाद कई दर्जन बैंड बाजों व विभिन्न सुन्दर झांकियों के साथ शोभा-यात्रा शुरू हुई। जिसमें पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली आदि राज्यों से आए सतगुरु समनदास महाराज के अनुयायी सतगुरू समन दास, सतगुरू रविदास जी का जयघोष करते नांचते गाते हुए आगे बढते रहे। शोभायात्रा मे शामिल अनुयायियों की सेवा के लिए जगह जगह शिविर लगाकर शीतल जल, शरबत व प्रसाद से सेवा की गई। विशाल शोभायात्रा की भव्यता तथा अनुयायियों की आस्था को देख तीर्थवासी अभिभूत हो गये। जयगुरु रविदास जयगुरु समनदास के दिव्य आशीर्वाद को पाने को आतुर अनेक अनुयायी मार्गो पर साफ सफाई मे जुटे रहे। तथा सेंकड़ो वोलिंटियर्स व्यवस्था बनाने मे जुटे रहे। शोभायात्रा स्वामी कल्याण देव तिराहे, हनुमद्धाम, गणेशधाम, गंगाघाट, शिवधाम, बाबा साहेब अम्बेडकर चौक से होती हुई तीर्थ नगरी के मुख्य मार्गो से होकर गुजरी। श्री शुकदेव आश्रम के मुख्य द्वार पर पीठाधीश्वर स्वामी ओमानंद महाराज ने ब्रह्मलीन सतगुरु समनदास महाराज की प्रतिमा को नमन करते हुए महात्मा गोरधन दास महाराज को पटका पहनाकर प्रसाद भेंट किया। शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा कर अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया।शोभायात्रा देर शाम सतगुरु समनदास आश्रम पर आकर सम्पन्न हुई। रात्रि मे सतसंत का आयोजन हुआ। जहां अनुयायियों ने गुरु बन्दगी की। तथा संत समागम मे सम्मिलित संतो ने आशीर्वचन से अनुयायियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम की सुरक्षा को भारी पुलिस बल तैनात रहा।

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**ई-निविदा सूचना**

कावड यात्रा सम्बन्धित कार्य हेतु निम्न ई. निविदाएं आमंत्रित है-55/2024-25/ वि.वि.उप. खतौली. ग्रामीण, 56/2023-24/वि.वि.उप. खतौली. टा., 57/2023-24/वि.वि.उप.प्र.बुढाना, 58/2023-24/वि.वि.उप. द्वि. बुढाना **www.etender.up.nic.in** पर ई. निविदाओ के प्रथम एवं द्वितीय भाग दिनांक 08.07. 2025 को 12.00 बजे तक भरा जा सकता है एवं ई. निविदाएं तददिनांक को ही 14.00 बजे के उपरान्त ई. पोर्टल पर खोली जायेगी अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। **Superintending Engineer Electricity Distribution Circle-IInd Muzaffarnagar पंत्राक 1248/वि.वि.मं.द्वि./मु.नगर/कैंप दिनांक 10.06.2025।** 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें . एवं विद्युत हैल्प लाईन नं.1800-180-3002 (मेरठ),

**पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि.**

**ई-निविदा सूचना**

वि.वि.खं. ग्रामीण / चरथावल, मु. नगर के अन्तर्गत ई.नि.सं.-7/2025-26 में नये संयोजन व लाईन शिफ्टिंग के कार्य कराने हेतु रनिंग कान्ट्रेक्ट, ई.नि.सं. -8/2025-26 में लाईन शिफ्टिंग के कार्य करना।, ई.नि.सं.-9, 10/2025-26 में कांवड मार्ग में स्थापित लाईनों/पोलों में सुदृढ़ीकरण/डबल पोलों की बेरिकेडिंग करना, अ.ई. नि.सं.-11, 12/2025-26 में 11 व 33 केवी, एल.टी. लाईनों में सुदृढीकरण का कार्य करना। ई.नि.सं.-7 से 10 तक व अ.ई.नि.- 11 व 12 के प्रथम एवं द्वितीय भाग क्रमशः दिनांक 05.07.2025 व 25.06.2025 को 12:00 बजे तक **www.etender.up.nic.in** पर भरे जा सकेंगें। निविदा विशिष्टीकरण एवं अन्य नियम व शर्ते वेबसाईट पर देखे। **अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम मुजफ्फरनगर पंत्राक 2133/वि.वि.मं.प्र.-मु. नगर/कैंप दिनांक 10.06.2025।** 'राष्ट्रहित में बिजली बचायें . एवं विद्युत हैल्प लाईन नं.1800-180-3002 (मेरठ)

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जान मौहम्मद व उसकी पत्नी साहिस्ता मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैने व मेरे परिजनों ने जान मौहम्मद व उसकी पत्नी साहिस्ता से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र जान मौहम्मद व उसकी पत्नी साहिस्ता को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र जान मौहम्मद व उसकी पत्नी साहिस्ता के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरा पुत्र जान मौहम्मद व उसकी पत्नी साहिस्ता अपने कृत्यों व लेन-देन के स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**श्रीमति वरिसा पत्नी नूरमौहम्मद निवासी 90 कोटला मीरापुर खुर्द, कस्बा व थाना मीरापुर जिला-मुजफ्फरनगर**

**हरबीरी देवी भोपाल सिंह डिग्री कालेज**

**भोपा रोड, युसुफपुर, मुजफ्फरनगर, उ. प्र. - 251308**

**-: प्रवन्ध समिति चुनाव कार्यक्रम :-**

| क्र.सं. | कार्यक्रम | तिथि | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | सदस्यता सूची घोषणा व प्रकाशन (नोटिस बोर्ड) | 10.06.2025 | 10 बजे प्रातः |
| 2 | सदस्यता सूची पर आपत्तियाँ | 10.06.2025 | 11 से 2 बजे तक |
| 3 | आपत्तियों का निस्तारण | 10.06.2025 | 3 से 4 बजे तक |
| 4 | वैध व अन्तिम सदस्यता सूची प्रकाशन (नोटिस बोर्ड पर) | 11.06.2025 | 10 बजे प्रातः |
| 5 | नामांकन प्रपत्र प्राप्ति | 11.06.2025 | 11 से 12 बजे तक |
| 6 | नामांकन प्रपत्र जमा करना | 11.06.2025 | 12 से 02 बजे तक |
| 7 | नामांकन प्रपत्र पर आपत्तियाँ | 12.06.2025 | 10 से 12 बजे तक |
| 8 | नामांकन प्रपत्र की जाँच | 12.06.2025 | 12 से 02 बजे तक |
| 9 | आपत्तियों पर निर्णय | 12.06.2025 | 3 से 4 बजे तक |
| 10 | नामांकन प्रपत्र वापस लेना | 13.06.2025 | 10 से 12 बजे तक |
| 11 | चुनाव चिन्हों का आवंटन | 14.06.2025 | 10 से 12 बजे तक |
| 12 | चुनाव/मतदान | 23.06.2025 | 10 से 01 बजे तक |
| 13 | मतगणना | 23.06.2025 | 4 बजे सांय |
| 14 | निर्वाचन की घोषणा | 23.06.2025 | मतदान के तुरन्त बाद |

प्रबन्ध समिति का चुनाव संस्था परिसर में सम्पूर्ण कार्यक्रम के अनुसार होगा। विश्व विद्यालय के अधिनियम और प्रशासन योजना के विहित नियमानुसार चुनाव अधिकारी चुनाव सम्पन्न करायेंगे। चुनाव तिथि पर सदस्य एजेण्डा प्रति एवं आईडडीइ मूल व प्रमाणित फोटो प्रति साथ लायेंगे। चुनाव विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक की देखरेख में होंगे।

**प्रवन्धक/सचिव - श्री सौरभ सिंह**

# योग मेराथन का किया आयोजन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** स्थानीय श्री कुन्द कुन्द जैन द्धपी0जी0ऋ कालेज, खतौली में शासन एवं क्विविद्यालय के निर्देशानुसार अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 01 जून से 21 जून तक कार्यक्रमों की श्रृंखला में स्वस्थ समाज की ओर बढते कदम की संकल्पबद्धता के साथ ''योग मेराथन'' का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढचढकर प्रतिभागिता की। मेराथन का शुभारम्भ प्राचार्या प्रो0 रीना ने विद्यार्थियों को शुभकामना देने के साथ किया, उन्होनें कहा कि विद्यार्थी जीवन में दौरना स्फूर्ति और उमंग के लिए बहुत आवश्यकता है। कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 संजीव कुमार ने कहा कि स्वस्थ तन और मन ही शिक्षा अर्जित करने में सहायक होता है। नियमित रूप से दौडना जिसका अभिन्न अंग है। इस अवसर पर



जितेन्द्र सिंह व नीरजा गुप्ता ने भी योग के लिए दौड के महत्व पर प्रकाश डाला। आयोजन को सफल बनाने मे आशीष जैन, राहुल माहेश्वरी, डॉ0श्वेता मलिक, डॉ0 अंजू, विकास जैन, की महत्वपूर्ण भूमिका रही। डॉ0 विशु की उपस्थिति के साथ डॉ0 शिवानी चौधरी, मुकुल कुमार, डॉ0 रीचा अग्रवाल का साथ रहा। संजीव जैन, तिलक राज, सुधीर कुमार, रमेश, समय सिंह का योगदान रहा। योग मेराथन का समापन कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 संजीव कुमार ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

**रॉयल कॉलेज ऑफ एजूकेशन एण्ड हायर स्टडीज**
निकट-परासौली पुलिस चौकी, नीमखेड़ी रोड, जौला (मुजफ्फरनगर)
बी.ए. (हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान व इतिहास) एवं बी. कॉम. पाठ्यक्रमो के सभी विषयों में शिक्षको व महाविद्यालय के प्राचार्य की आवश्यकता है। योग्यता व वेतनमान विश्वविद्यालय एवं UGC मानकनुसार।
Mob-:7500242400
Email: rcehsm@gmail.com

## छात्र छात्राओं को ग्राम प्रधान ने किया सम्मानित

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव चंधेडी में स्थित कंपोजिट स्कूल में लगे समर कैंप में भाग लेने वाले होनहार छात्र छात्राएं ग्राम प्रधान के द्वारा सम्मानित किए गये। मिली जानकारी के अनुसार इंचार्ज प्रधानाध्यापक विनय कुमार ने बताया कि समर कैंप में विद्याघ्र्थियों ने कविता पाठ, पोस्टर प्रतियोगिता और इंडार गैम्स आदि खेलों में बढ़ चढ़कर भाग लिया था। इस कैंप में विद्यार्थियों को खेल, योगाभ्यास एवं पर्यावरण के विषय में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई थी। इस समर कैंप के समापन अवसर पर विद्याघ्र्थियों और अध्यापकों ने स्कूल परिसर में पौधारोपण किया। प्रतियोगिता में विशेष स्थान प्राप्त करने वाले विद्याघ्र्थियों को ग्राम प्रधान पुरूषोत्तम ने उपहार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर खंड घ्शिक्षा अघ्धिकारी किरण यादव, विपिन कुमार, सुरेंद्र पाल, देवधर कौशिक और संजीव कुमार आदि मौजूद रहे।

# खाकी की सख्ती से हटेंगी जाम की बाधाएं

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** खतौली कस्बे के सबसे व्यस्त जानसठ तिराहे पर लगने वाले जाम से जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद है। पुलिस प्रशासन ने रोडवेज बसों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए तिराहे पर खड़ी बसों के चालान काटे। एक ही स्थान पर एक साथ चार-चार रोडवेज बसों के खड़े होने से वर्षों से यातायात व्यवस्था बाधित हो रही थी, जिससे राहगीर और स्थानीय जनता बेहद परेशान थी।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके पर मौजूद बस चालकों को फटकार लगाते हुए तिराहे को खाली कराया। पुलिस की सख्ती देखकर रोडवेज डिपो अधिकारियों में अफरातफरी मच गई और वे मौके पर पहुंचकर स्थिति को संभालने की कोशिश में जुट गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि तिराहे पर खड़ी बसों के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती थी, जिससे स्कूली बच्चों, कार्यालय जाने वालों



और आपात स्थिति में अस्पताल जाने वाले लोगों को भारी दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं।

पुलिस प्रशासन द्वारा की गई इस कार्रवाई से आम जनता ने राहत की सांस ली है। लोगों ने उम्मीद जताई कि यह कार्रवाई महज एक दिन की ना होकर नियमित रूप से जारी रहेगी ताकि कस्बे को स्थायी रूप से जाम की समस्या से निजात मिल सके। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनता को राहत देना हमारी प्राथमिकता है। अतिक्रमण और अनावश्यक वाहन खड़े करने वालों पर सख्ती जारी रहेगी।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र अंकुर रोहिला मेरे व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मैने व मेरे परिजनों ने अंकुर रोहिला से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है तथा मैने अपने पुत्र अंकुर रोहिला को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे पुत्र अंकुर रोहिला के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी व मेरे अन्य परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नही होगी। मेरा पुत्र अंकुर रोहिला अपने कृत्यों व लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होंगा।

**रामेश्वर प्रसाद पुत्र ज्योति प्रसाद निवासी 883/2 गली न.6 लाल बाग, सरवट थाना नई मंडी जिला-मुजफ्फरनगर**

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, मुजफ्फरनगर।**

संख्या: 64/2/ दस्तावेज़/विविध/2025-26/मु0नगर दिनांक: 10/6/25

**अपील**

जनसाधारण को सूचित किया गया है कि कुछ असामाजिक/अराजक तत्त्वों द्वारा निजी स्वार्थवश अवैध तरीके से मादक पदार्थ व शराब तैयार कर चोरी-छिपे अवैध अड्डो से विक्रय किया जा सकता है, अवैध अड्डों से बिकने वाली अवैध मदिरा का सेवन न करें, क्योकि अवैध अड्डों से मिलने वाली मदिरा जहरीली हो सकती है तथा मिथाइल अल्कोहल भी हो सकता है, जो एक विष है तथा इसके सेवन से आँखो की रोशनी जाने के साथ व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है। अत: किसी भी दशा में अवैध स्थानों/अड्डों से खरीद कर शराब का सेवन न करें।

अवैध शराब पीनें से बचें। अधिकृत आबकारी दुकानों से ही क्यू.आर. कोड एवं सील लगी, निर्धारित मूल्य पर ही मदिरा खरीदें। मदिरा की बिकी निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य पर किये जाने, अवैध मदिरा के निर्माण या बिकी एवं अवैध मदिरा की तस्करी आदि के सम्बन्ध में कोई सूचना प्राप्त होती है तो उसकी उसकी सूचना निम्न दूरभाष नम्बरों के साथ-साथ आबकारी विभाग के टोल फ्री नम्बर 14405 व व्हाटसएप नम्बर 9454466019 पर दी जा सकती है। सूचना देने वाले का नाम व पता गुप्त रखा जायेगा।

1-श्री अनिल कुमार आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 1. सदर, मु.नगर। 9454466456
2-श्री विन्द्रेश कुमार यादव, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, खतौली, मु.नगर। 9454466458
3-श्री विकास चौधरी, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र 3 जानसठ, मु.नगर। 9454466838
4-श्री महेश नन्दन लाल, आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, बुढाना, मु.नगर। 9454466526

**(राकेश बहादुर सिह)**
**जिला आबकारी अधिकारी,**
**मुजफ्फरनगर।**

# आज मुख्यमंत्री के आगमन को तीर्थनगरी बनी अभेद दुर्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** शुकतीर्थ मे आज प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासन द्वारा तीर्थ नगरी को अभेद दुर्ग बनाया गया है।सुरक्षा को चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात किया गया है।

बुधवार को शुकतीर्थ स्थित सतगुरु समनदास आश्रम मे आयोजित कार्यक्रम मे मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का मंगलवार को निरिक्षण करने मौके पर पहुंचे पुलिस उपमहानिरीक्षक सहारनपुर अभिषेक सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार वर्मा द्वारा कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण, तैयारियों की समीक्षा करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियो द्वारा अधीनस्थो को दिये गये, कार्यक्रम स्थल पर बैरिकेडिंग, वाहनो की पार्किंग, साफ-सफाई, मोबाईल टॉयलेट, वीवीआईपी एवं मीडिया हेतु गैलरी, चेकिंग प्वाइंट, हेलीपेड, आपात स्थिति से निपटने को लेकर फायर ब्रिगेड और चिकित्सक टीम सहित एंबुलेंस के लिए चिन्हित स्थानों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। सुरक्षा डड्ूटी में लगे पुलिस बल की ब्रीफिंग दंडी आश्रम मे की गई।ब्रीफिंग के दौरान उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों को समय से डड्ूटी पर पहुंचने तथा पूरी गम्भीरता से अपनी डड्ूटी का निर्वहन करने, सभी अधिकारीगण के फोन नम्बर अपने पास रखने



तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल उच्चाधिकारियों को सूचित करने, डयूटी के दौरान अनुशासन, संयम व अच्छा आचरण रखने, अपना पहचान पत्र एवं डड्ूटी कार्ड साथ रखने व साफ-सुथरी वर्दी पहनने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण आदित्य बंसल, पुलिस अधीक्षक अपराध इन्दु सिद्धार्थ, पुलिस अधीक्षक यातायातअतुल कुमार चौबे सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# समरकैंप में रोचक गतिविधियों का आयोजन

**बुढ़ाना।** शासन आदेश अनुसार आज मंगलवार के दिन खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव के अनुपालन में कंपोजिट स्कूल डूंगर में स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक चौधरी जमील अहमद के सहयोग से बच्चों में जीवन कौशल के विकास हेतु बीती 21 मई से आज 10 जून तक प्रथम बार ग्रीष्मकालीन शिविर समर कैंप के अंतिम दिवस पर अभिभावकों एवं समुदाय के साथ विभिन्न रोचक गतिविधियों का भव्य आयोजन किया गया।

जिसमें कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चे, अभिभावक, रोजूद्दीन, त्रिलोक चंद, शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय डूंगर 2 के द्वारा समर कैंप का समापन कार्यक्रम द्वारा किया गया। अतिथि के रूप में प्रधान पति



चौधरी संदीप मलिक उपस्थित हुए। समापन के दौरान बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा अनुभव साझा किये गये। रोजुद्दीन शिक्षा मित्र प्राथमिक विद्यालय डूंगर 2 ने बताया कैंप के दौरान उपस्थित बच्चों को अतिरिक्त पोषण के रूप में मौसमी फल, चना, गुड व ग्लूकोस बिस्किट आदि वितरण किया गया। प्रधान पति चौधरी संदीप मलिक द्वारा समर कैंप में उपस्थित कक्षा 6 से कक्षा 8 तक के बच्चों को पुरस्कार देकर बच्चों का उत्साहवर्धन भी किया गया।

## न्यायिक कार्यों से विरत रहे समस्त अधिवक्ता

**बुढ़ाना।** लगातार भयंकर गरमी के चलते बुढाना बार एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों की हुई एक आवश्यक मीटिंग में सभी अधिवक्ताओं के द्वारा सामूहिक निर्णय लेने के बाद सभी न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया गया। बुढ़ाना बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद त्यागी और बुढ़ाना बार एसोसिएशन के महासचिव ओमपाल सिंह मलिक डुंगर ने संयुक्त रूप से बताया कि गर्मी के अत्याधिक प्रकोप के कारण न्यायालय में अधिवक्ताओं द्वारा कार्य किया जाना मुघश्किल हो गया है। जिसके कारण मीटिंग में 10 जून और 11 जून को न्यायिक कार्यों से विरत रहने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद कुमार सहित अन्य पदाधिक. ारी भी मौजूद रहे।

# आज 5 उप केंद्रों की विद्युत आपूर्ति 4 घंटे रहेगी बाधित

**जर्जर विद्युत तारों को बदलने का काम रहेगा जारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** सरकार की आरडीएसएस योजना के अंतर्गत 33 केवी लाइन के सभी जर्जर तारों और पोल्स के बदलने का कार्य जारी है। जिसके कारण पांच उप केंद्रों की विद्युत आपूर्ति चार घंटे तक बाधित रहेगी।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना विद्युत विभाग के एक्सईएन अजीत सिंह यादव ने उक्त संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 07 बजे से लेकर सुबह 11 बजे के आसपास तक गांव बिराल, गांव परासौली, गांव कुरालसी, गांव जौला और गांव डूंगर के उप केंद्रों पर सभी जर्जर तार और पोल्स बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसके कारण लगातार चार घंटे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

इसलिए ग्रामीण सुबह सात बजे से पहले ही बिजली संबंधी अपने सभी जरुरी काम निपटा लें ताकि उनको किसी भी असुविधा का सामना ना करना पड़े। एक्सईएन ने बताया विद्युत वितरण क्षेत्र को मजबूत करने के लिए भारत सरकार द्वारा आरडीएसएस योजना शुरू की गई है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य विद्युत वितरण क्षेत्र में सुधार करके बिजली की आपूर्ति को बेहतर बनाना है और ग्राहकों को अधिक विश्वसनीय और किफायती सेवाएं प्रदान करना है।

# शारदेन स्कूल में समर कैंप का समापन

मुजफ्फरनगर। खेल-कूद के साथ भिन्न-भिन्न गतिविधियों के द्वारा समर कैंप के जरिए विद्यालय में बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभाओं को निखारा गया और उन्हें ट्रेनिंग दी गई।

कहते हैं कि प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती लेकिन शिक्षकों के बिना छात्र शिक्षा के क्षेत्र में अधूरे रहते हैं। इसके लिए विद्यालय में संगीत, नृत्य, पेंटिंग समेत कई तरह की कलाओं को निखारने के लिए अध्यापकों ने अपना सहयोग दिया।

जिसमें विद्यार्थियों की विविध रुचियों व क्षमताओं को प्रोत्साहन मिल सके। यह समर कैंप गीत, नृत्य, अनुपयोगी वस्तुओं से उपयोगी वस्तु बनाना, स्थानीय एवं पारंपरिक खेल, हस्तशिल्प, चित्रकला, रंगोली, खेल, नाटक आदि से जुड़े हैं। यहां पर समर कैंप से नौनिहालो का हुनर निखरा व बच्चों को जीवन में सफल होने के लिए मोटिवेट भी किया गया और गर्मियों की छुट्टियों में मनोरंजन के जरिए बच्चो को नैतिकता के गुण भी सिखाए गए। स्कूल में कार्यक्रम के समर कैंप को का समापन करने के लिए छात्रों के द्वारा गायत्री मंत्र, इंस्ट्रूमेंटल म्यूजिक, राइम्स, डांस, गुड मैनर्स के बारे में मंच पर बताया गया, डांस विथ बास्केटबॉल प्रस्तुत किए गए। छोटे-छोटे बच्चों की प्रस्तुति ने अध्यापकों एवं अभिभावक को अपनी ओर आकर्षित किया तथा अभिभावकों के द्वारा तालियां बजाकर छात्रों को प्रोत्साहित किया गया।

छात्रों के द्वारा किए गए क्रिएटिव वर्क की विद्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई एवम् छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर विश्व रतन के द्वारा छात्रों की एवं




अध्यापकों की प्रशंसा की गई और उन्होंने कहा कि छोटे-छोटे बच्चे खुश हैं तो सुंदर भी बहुत लग रहे हैं और उनकी खुशी में हमारी खुशी होती है।

बच्चों को अपने निरंतर प्रयास से सफल होना चाहिए और अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहिए। डायरेक्टर ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि सभी अभिभावक और बच्चे यहां पर आकर बहुत खुश लग रहे हैं इसलिए हमें भी समर कैंप को सफल बनाने में प्रसन्नता हो रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### बीआईटी में योग एवं फूड कोर्ट कार्यक्रम का आयोजन

**मीरापुर।** भगवंत ग्रुप ऑफ इंस्टीटड्ूशंस के नर्सिंग और फार्मेसी विभागों में मंगलवार को स्वास्थ्य जागरूकता को लेकर विशेष योग एवं फूड कोर्ट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग विषय पर आधारित योग सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम का आयोजन उन्नत भारत अभियान और राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों द्वारा संयुक्त रूप से आगामी 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के तहत किया गया। योग अभ्यास सत्र भारत सरकार द्वारा जारी योग प्रोटोकॉल के अनुसार संपन्न हुआ, जिसमें मां शाकुंभरी विश्वविद्यालय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय गोरखपुर, ए.के.टी.यू. लखनऊ सहित अन्य विश्वविद्यालयों के दिशा-निर्देशों का पालन किया गया। योग अभ्यास में संस्थान के चेयरमैन डॉ. अनिल सिंह, निदेशक डॉ. अनुराग विजय अग्रवाल, उपनिदेशक डॉ. अजय गुप्ता, सह-निदेशक डॉ. पुष्पनील वर्मा, जी.एम.सी.ए. दुष्यंत कुमार, डीन डॉ. अजय सिंह, नर्सिंग प्राचार्या डॉ. विजया डी., फार्मेसी प्राचार्य डॉ. सचिन सिंघल, एवं एजुकेशन विभागाध्यक्ष डॉ. कावेन्द्र कुमार सहित अनेक शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। योग सत्र का संचालन डॉ. कावेन्द्र कुमार, तनुष देओल और दिव्य सिंह ने किया। सभी प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, कपालभाति और अनुलोम-विलोम जैसे योगासन कराए गए, जिनसे शारीरिक और मानसिक लाभ को समझाया गया। इसके साथ ही फार्मेसी विभाग की ओर से 'स्वस्थ शरीर के लिए पोषण' विषय पर फूड कोर्ट का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में उर्वशी, अंशिका अग्रवाल, अंकुर चंद्रा, सुनील कुमार, रिहाना भट, शालिनी कपूर, याशवी, रिया चौहान, रमा मालिक, तनु, नेहा, बिजेंद्र, राजेंद्र, कलावती, नितिन कुमार, मेघा कटारिया, विकास भारद्वाज, रविंद्र कुमार, भारती सिंह, खुशबू चौधरी और सरिता आदि का सहयोग रहा।

### मंदवाडा में लगे समय कैंप में बच्चों ने की मस्ती

**बुढ़ाना।** बीईओ किरण यादव की अध्यक्षता में विकास क्षेत्र बुढाना में सभी उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में समर कैंप का समापन किया गया। सभी विद्यालयों में अनुदेशक एवं शिक्षा मित्रों ने समय से जाकर आज दिवस की सभी गतिविधियों को बच्चों को कराया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक समर कैंप में भाग लिया तथा सभी गतिविधियों को सीखा। समर कैंप के सभी दिनों की गतिविधियां तथा क्रियाकलाप सभी विद्यालयों में समय से कराए गए बच्चे उत्साह से भरे रहे तथा अनुदेशक और शिक्षा मित्र के साथ समर कैंप का आनंद लिया। जन प्रतिनिधियों, ग्राम प्रधान, ग्राम सचिव, वार्ड मेंबर, राशन डीलर, प्रधानाध्यापक, इंचार्ज अध्यापक तथा गणमान्य व्यक्तियों ने समय समय पर विद्यालय में आकर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। अच्छा कार्य करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन के तौर पर उन्हें सराहा गया तथा उन्हें पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। विकास खंड बुढाना में किरण यादव की अध्यक्षता में सभी उच्च प्राथमिक तथा कंपोजिट विद्यालयों में 21 दिन के समर कैंप का आयोजन समयबद्ध तथा विभागीय एजेंडे के अनुसार संपन्न हुआ। सभी शिक्षा मित्र एवं अनुदेशको ने बड़ी मेहनत और लगन के साथ सभी विद्यालयों में गतिविधि आधारित क्रिया कलाप, योग अभ्यास तथा बच्चों के साथ बाह्य एवं आंतरिक खेल का आयोजन किया गया और चार्ट बनवाए गए तथा विभाग द्वारा भेजे गए एजेंडे के अनुरूप सभी कार्य पूर्ण कराए गए। इस समर कैंप में बच्चों ने बहुत आनंद लिया। खंड शिक्षा अधिकारी किरण यादव ने समय समय पर विद्यालयों में जाकर शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया।

### डीएम ने चीनी मिल प्रतिनिधियों के साथ गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में की बैठक

**मेरठ।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में चीनी मिल प्रतिनिधियो के साथ गन्ना मूल्य भुगतान के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में दौराला चीनी मिल के अध्यासी ईकाई प्रबंधक ने बताया कि एक माह के अंदर अवशेष गन्ना मूल्य का शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया जायेगा। जिला गन्ना अधिकारी ने बताया कि चीनी मिल सकौती टांडा, मवाना व नंगलामल द्वारा शत प्रतिशत गन्ना मूल्य का भुगतान कर दिया गया है। डीएम द्वारा किनौनी चीनी मिल द्वारा पूर्ण भुगतान न किये जाने पर सख्त नारा. जगी व्यक्त करते हुये गन्ना अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

### जेई को बनाया बंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र ग्राम शोंदत्त के सैकड़ों लोगों ने नारेबाजी करते हुए नगर के बिजली घर पर अधिकारियों का घेराव किया। वहीं कम वोल्टेज की समस्या बार-बार बिजली कट आदि की समस्या का विरोध करते हुए जल्द से जल्द समाधान कराने की बात कही। ग्राम शोदत मैं कम वोल्टेज की समस्या, बार-बार बिजली का कटना, बिजली का कोई शेड्यूल न होना ये सारी समस्याओं को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए नाराजगी जताई। ग्रामीणों ने जेई विनोद यादव को काफी देर तक घेरे रखा बाद में जेई ने समस्या का समाधान जल्दी ही करने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों का कहना है कि हमारी समस्याओं का समाधान जल्द ही किया जाये।

# नियमों को ताक पर रख, बज रहे प्रेशर होर्न

**( भाग्य शर्मा )**

**शाहपुर।** बस्ती के अंदर की गली हो या फिर मुख्य सड़क हर जगह प्रेशर होरन वाले वाहनों के शोर से कान के परदे ही नहीं बल्कि ह्वदय तक कांप जाता है। हालात यह है कि नियमों को ताक पर रखकर वाहन चालक प्रति. बंधित स्थानों पर प्रेशर होरन का इस्तेमाल खूब करते नजर आ रहे हैं, वही लोग नई बुलेट जैसे बाइकों में प्रेशर होरन के साथ बिना जाली वाले साइलेंसर लगवा कर बस्ती के अंदर की गलियों में फर्राटा भरते नजर आ रहे हैं। ऐसे में प्रेशर होरन की गड़गड़ाहट से सिर दर्द, कान दर्द, बेचौनी उलझन, चिड़ चिड़ापन समेत हृदय संबंधित परेशानी आम होती जा रही है, वाहनों में प्रेशर होरन लगाकर लोग ध्वनि प्रदूषण कर आदेशों की धज्जियां उड़ाते वाहन सड़कों पर फर्राटो के साथ दोड़ते नजर



आते हैं जिससे लोगों को परेशानी हो रही है मेन रोड के अलावा कस्बे के अंदर भीड़भाड़ वाले इलाके बाजारों, गलियों, स्कूलों, अस्पतालों समेत सभी स्थानों पर प्रेशर होरन का उपयोग करने से लोगों की तकलीफें बढ़ रही है खास बात है कि मोटरसाइकिल वाहन चाल. कों द्वारा नियमावली का तनिक भी ध्यान नहीं रखा जाता जिम्मेदारों की अनदेखी से इन वाहन चालकों के हौसले बुलंद है वाहन चालक एक दूसरे से आगे निकलने के चक्कर में तेज आवाज वाले प्रेशर होरन का प्रयोग कर रहे हैं जिससे हर जगह शोर ही शोर है हैरत की बात है कि प्रेशर होरन वाले वाहन हर रोज पुलिसकर्मियों के सामने से ही गुजरते हैं लेकिन पुलिसकर्मी पर उनके खिलाफ कार्यवाही नहीं करने का आरोप है वाहन निर्माता कंपनियां मानकों के अनुरूप होरन लगाती है लेकिन वाहन मालिक बाद में तरह-तरह के होरन लगवा लेते हैं जरूरत न होने पर भी वाहन चालक हौरन बजाते हुए चलते हैं बाइक में लगे प्रेशर होरन और उससे निकलने वाले 90 डेसीबल से अधिक की ध्वनि कान के पर्दे को नुकसान पहुंचा रही है।

# डंडा मारकर विद्युत मीटर तोड़ा और घर में भी की तोड़फोड़

**बुढ़ाना।** रंजिश के चलते पड़ोसियों ने बंद घर के बाहर लगा मीटर तोड़कर घर में भी घुसकर तोड़फोड़ कर दी। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है। फरीद पुत्र नईम निवासी ग्राम सफीपुर पटी पुलपार ने बताया कि आयान पुत्र साजिद मुजफ्फरनगर शहर से आकर उनके पड़ोस में रहने लगा है। जो लडाकू किस्म का है। आयान बहुत तेजी से मौहल्ले में बाइक चलाता है। जो नाबालिग है। जिस पर डीएल नहीं है। जिसे उसने 2 दिन पूर्व ऐसा नही करने को कहा था तो उसने कहा था कि साले तेरे किसी आदमी को टक्कर तो नहीं लगी। इसी रंजिश के तहत उसने बीती 9 जून की रात उसके भतीजे अमान को घर के सामने खेलते हुए अपनी बाइक से जान बूझकर टक्कर मार दी। जिससे उसके भतीजे को चोट लगी। जिसमें लोगों ने फैसला करा दिया लेकिन अयान रात्रि में ही 10 बजे अपने साथ 6-7 अज्ञात लोगों को लेकर आया जो अपने हाथ में लाठी डंडे धारदार हथियार लिये हुये थे तथा उसके घर में घुसकर तोडफोड की और घर में लगा विद्युत मीटर भी तोड दिया। उस समय उसके घर कोई नहीं था। वह अपने परिवार के साथ मेरठ चला आया था। तोडफोड उसकी गैर मौजदूगी में की गयी। घटना का पता उसे मंगलवार की सुबह लगा जब वह मेरठ से घर आया। लोगों ने बताया कि सभी ऐलानिया धमकी देकर गये हैं कि साले को मिलते ही जान से मारेंगे। पीड़ित ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है।

## जिला पंचायत के चुनाव को लेकर की गई चर्चा

**बुढ़ाना।** तहसील क्षेत्र के गांव जौला में आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी की एक आवश्यक मीटिंग बीती सोमवार की देर रात आल इंडिया मजलिस ए इत्ते. हादुल मुस्लिमीन पार्टी के बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के सचिव आसिफ मलिक के आवास पर सम्पन्न हुई। आने वाले जिला पंचायत सदस्य पद के चुनाव के बारे मे विचार विमर्श किया गया। इसके बाद आल इंडिया मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी को मजबूत करने पर बल दिया गया तो सभी ने तन मन धन से पूरा सपोर्ट करने की बात कही। इस दौरान बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष आज़म फारुकी, महासचिव गफ्फार सिद्दीकी, सचिव आसिफ मलिक, शमीम मलिक, मोमिन मलिक, शहज़ाद मलिक, उरुफ, बाबू, युसूफ राणा और आरिफ मलिक सहित आदि कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

# युवा रालोद जिलाध्यक्ष निकम्मे पदाधिकारियों को करेंगे बाहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** युवा राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान जनपद कार्यकारिणी में बहुत जल्दी ही बड़ा फेरबदल करने के मूड में हैंघ्। इसी आश्य को लेकर फिलहाल उन्होंने आज मंगलवार के दिन निष्क्रिय चल रहे कुछेक पदाधिकारियों को एक सप्ताह का समय दिया है ताकि वे अपनी कार्यप्रणाली में कुछ सुधार कर सकें नहीं तो उनका हटना तय है। मिली जानकारी के आधार पर युवा रालोद जिला अध्यक्ष गज्जू पठान ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोकदल युवा इकाई जनपद मुजफ्फरनगर के जिला संगठन में नियुक्त पदाधिकारियों में कुछ पदाधिकारी की निष्क्रिमता के तौर पर सदस्यता अभियान मे कार्य नही करने के कारण कुछेक निष्क्रिम पदाधिकारियों को हटाकर उनके स्थान पर मेहनती युवा साथियों को मौका देकर जनपद समिति का पुनर्गठन एक सप्ताह के अन्दर किया जायेगा ओर घोषित किया जायेगा। जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा और प्रदेश अध्यक्ष युवा से उचित मार्गदर्शन लिया जायेगा। गौरतलब है कि युवा रालोद के जिला अध्यक्ष गज्जू पठान ने पिछले वर्ष 15 जून को युवा रालोद जिला कार्यकारिणी की घोषणा की थी। अभी इस कार्यकारणी को पूरा 1 वर्ष भी नहीं हुआ कि कुछ पदाधिकारी निष्क्रीय से हो गये।

# श्रीराम कॉलेज के छात्रों ने की मुर्गी फार्म की विजिट

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग के बी.एस.सी. (होम साइंस) द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर के विषय एप्लाइड लाइफ साइंस से संबंधित मुर्गी पालन के संबंध में मुर्गी पालन फार्म का भ्रमण किया गया। यह मुर्गीफार्म शीला जुड़ी राधेश्याम जी के द्वारा चलाया जाता है। यह फार्म हाउस दो बीघा क्षेत्र में स्थित है। इस भ्रमण के दौरान छात्राओं ने मुर्गी पालन फार्म से संबंधित बहुत सारी जानकारी प्राप्त की जैसे मुर्गी के खाने और उनके रखने से संबंधित तथा मुर्गियों के अलग-अलग प्रजातियों के बारे में जानना। मुर्गियों को बीमारियों से कैसे बचाया जा सकता है, मुर्गी के संतु. लित भोजन से आहार से लेकर आहार में क्या-क्या दिया जाना चाहिए, इस संबंध में संपूर्ण जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर मुर्गी फार्म के मालिक



ने छात्राओं को बताया कि उनके यहां बॉयलर मुर्गी का पालन किया जाता है यहां बॉयलर मुर्गियों की संख्या 8000 से अधिक है तथा इन्हें मांस के लिए तैयार किया जाता ह। उन्होंने बताया कि 4 से 6 सप्ताह की उम्र में मास के लिए तैयार हो जाती है। मुर्गियों को एक बार में ही दाने डालने के बजाय दिन में 2 से 3 बार फीड करवाया जाता है। सर्दियों में 105 ग्राम तथा गर्मियों में सोया इससे काम भी दान डाला जाता है साथ ही उन्होंने बताया कि वह अपनी गर्मी अपनी मुर्गियों को खाने में मक्के कैल्शियम देते हैं तथा पीने के पानी में उन्हें कल टैबलेट डालकर देते हैं मुर्गी फार्म के तापमान को तापमान को सामान्य रखने के लिए ख्रत्रिम बारिश की जाती है तथा हवा के लिए 100 फीट की दूरी पर एयर फैन भी चलाया जाता है ।इस अवसर पर मुर्गी फार्म के मालिक से छात्रों ने पूछा की मुर्गियों मैं कौन सी बीमारियां फैलती है और उन्हें बीमा. रियों से बचने के लिए क्या किया जाता है इस पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता का पूर्ण ध्यान रखा जाता है तथा बीमारियां इसके लिए कीटनाशक दवाइयां का छिड़काव किया जाता है तथा साथ ही माह में एक बार दवाइयां भी पिलाई जाती है।

# जैन एकता क्रांतिकारी मंच ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

**खतौली।** जैन एकता क्रांतिकारी मंच खतौली के तत्वावधान में जैन समाज खतौली के मेधावी छात्र व छात्राओं का सम्मान समारोह का भव्य कार्यक्रम सुशीला गार्डन खतौली में आयोजित किया गया समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सुधीर सैनी और विशिष्ट अतिथि के रूप में कुन्दकुन्द जैन एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव जैन ,कॉपरेटिव बैंक के उपाध्यक्ष मुकेश जैन एडवोकेट,मुकेश जैन महलका, व सकल जैन समाज अध्यक्ष सुशील जैन उपस्थित रहे कार्यक्रम में आई सी एस ई बोर्ड में जनपद मुजफ्फरनगर को टॉप करने वाले शौर्य जैन के साथ साथ कक्षा 10 व 12 के नब्बे प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 17 मेधावियों को सम्मानित किया गया जिसमे कक्षा 10 से मोक्ष जैन,अक्षत जैन सिद्दी जैन,प्रगति जैन,अक्षिता जैन ,गर्वित जैन,सलोनी,अतिशय जैन अंशी जैन और कक्षा 12 से सृष्टि जैन,अर्तिका जैन,स्मृति जैन स्वस्ति जैन अपूर्व जैन व खुशी जैन रहे।जैन समाज के बुद्धिजीवी लोगों द्वारा मेधावियों को स्वर्ण पदक,प्रतीक चिन्ह एवं स्टडी टेबल देकर सम्मानित किया गया।

जैन एकता क्रांतिकारी मंच के अध्यक्ष सुशील जैन सभी अतिथियों का अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। महामंत्री मोहित जैन स्वतंत्र ने जैन एकता क्रांतिकारी मंच के द्वारा किये गए सामाजिक एवम धार्मिक कार्यों के बारे में सभी को



जानकारी दी।

मंत्री कपिल देव अग्रवाल जी ने कहा कि मेधावियों का सम्मान करने स्व उन्हें जीवन मे आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है और उन्होंने आह्वान किया कि सभी छात्र तकनीकी क्षेत्र में अपना कॅरियर बनाये और देश के स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम का हिस्सा बने तभी देश और समाज समृद्ध बनेगा।सुधीर सैनी ने बच्चों से सोशल मीडिया का सकारात्मक प्रयोग करने और उसे व्यवसायिक रूप से अपनाने का ध्येय बनाने की बात कही।

## कोतवाली में घुसे दो सांड, जमकर हुई लड़ाई -पुलिसकर्मियों में मची अफरातफरी

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** मंगलवार की दोपहर खतौली कोतवाली में उस समय अफरातफरी मच गई जब दो सांड अचानक परिसर में घुस आए और एक-दूसरे से भिड़ गए। देखते ही देखते दोनों सांडों के बीच जबरदस्त लड़ाई शुरू हो गई जिससे कोतवाली परिसर में भगदड़ मच गई।

बता दे कि दोनों सांड कोतवाली के मुख्य गेट से अंदर घुस आए और वहीं खड़ी कबाड़ मोटरसाइकिलों के बीच भिड़ गए। सांडों की लड़ाई में दर्जनों जब्त और खड़ी पुरानी मोटरसाइकिलें क्षतिग्रस्त हो गईं। पुलिसकर्मी भी कुछ समय के लिए असहाय नजर आए। हालांकि थोड़ी देर बाद पुलिसकर्मियों ने हिम्मत जुटाकर लाठियों और चिल्लाकर किसी तरह दोनों सांडों को कोतवाली परिसर से बाहर खदेड़ा। इस दौरान कुछ पुलिसकर्मियों ने दीवारों और कमरों में जाकर शरण ली। सांडों की इस भिड़ंत से कोतवाली में तकरीबन आधे घंटे तक हड़कंप मचा रहा।

गनीमत रही कि कोई व्यक्ति घायल नहीं हुआ। पुलिस अधिका. रियों ने नगर पालिका प्रशासन से नगर में घूम रहे आवारा पशुओं को पकड़ कर गौशाला में भेजने की मांग की। वही नगरवासियों का कहना है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**

**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# घर में चल रहा नर्सिंग होम: डिलीवरी में नवजात की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कस्बा कांधला के गंगेरू रोड पर घर में चलाए जा रहे फर्जी नर्सिंग होम में डिलीवरी के दौरान बरती गई लापरवाही से नवजात बच्चे की मौत हो गई जबकि मां की हालत चिंताजनक बनी हुई है। नवजात की मौत से गुस्साए परिजनों ने जमकर हंगामा काटा, वहीं चिकित्सक भी मौके से चंपत हो गई। परिजनों ने फर्जी चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार कस्बा कांधला के गंगेरू रोड पर एक महिला द्वारा अपने मकान में फर्जी नर्सिंग होम संचालन किया जा रहा है। एलम निवासी एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती पत्नी को नर्सिंग होम में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था। आरोप है कि डिलीवरी के दौरान फर्जी महिला चिकित्सक द्वारा बरती गई लाप. रवाही के चलते नवजात बच्चे की मौत हो गई जबकि महिला की हालत भी बिगड गई, चिकित्सक ने महिला की हालत गंभीर होने पर हाथ खडे कर दिए तथा उसे दूसरे अस्पताल में ले जाने को कहा, नवजात की मौत व महिला की हालत गंभीर देखते हुए परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया, उन्होंने चिकित्सक पर डिलीवरी के दौरान लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। परिजनों के हंगामे को देखकर फर्जी महिला चिकित्सक मौके से फरार हो गई। परिजनों ने महिला चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से कस्बे में दर्जनों फर्जी नर्सिंग होम संचालित किए जा रहे हैं जिनमें आए दिन घटना होती रहती है।



## एक अभियुक्त को सात वर्ष का कारावास

**शामली।** वर्ष 2016 में थाना कैराना क्षेत्रान्तर्गत अभियुक्त जुल्फान पुत्र युसुफ निवासी तितरवाडा थाना कैराना जनपद शामली द्वारा रंगदारी वसूल करने के मामले में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में शामली पुलिस द्वारा तत्परता से साक्ष्य संकलन करते हुए अभियुक्त जुल्फान उपरोक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा सुसंगत ठोस साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएसडी कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त जुल्फान को दोषी पाते हुए अभियुक्त को 7 वर्ष कारावास की सजा व 500/- रुपये का अर्थदंड तथा धारा 120 बी भादवि में 2 वर्ष के कारावास की सजा, अर्थदंड अदा न करने पर 3 दिवस का कारावास सुनाया।

# सौर ऊर्जा से बिल की समस्या से उपभोक्ता परेशान, समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़ीपुख्ता।** कस्बा गढ़ी पुख्ता निवासी अमित कुमार ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 26 अक्टूबर 2024 को 2 किलोवाट सोलर पैनल स्थापित कराया था जिसमे विद्युत विभाग के अधिकारियों द्वारा नेट मीटर लगाया जाना था ताकि सौर पैनल के माध्यम से बिजली बिल में राहत मिल सके। प्रार्थी अमित कुमार ने अपने पत्र में बताया सौर पैनल लगने के बाद बिल की समस्या में वृद्धि हो गई।

अमित कुमार के अनुसार, उनके घर स्मार्ट मीटर लगा हुआ है जिसका महीने में 2 से 3 बार मोबाईल पर बिल आ जाता है जबकि विद्युत विभाग द्वारा स्मार्ट मीटर को नेट मीटर में परिवर्तित करना था विद्युत विभाग द्वारा उनके लगाए गए सोलर पैनल से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं किया जा रहा है। उनका कहना है कि बिजली बिल की अधिकता के कारण उन्हें अतिरिक्त खर्च का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उनकी ऊर्जा की आवश्यकता सोलर पैनल से पूरी होनी चाहिए थी। इस संबंध में अमित कुमार ने विद्युत विभाग से जल्द समाधान की मांग की है। उनका कहना है कि उन्हें सोलर पैनल के लिए राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली राहत धन राशि प्रदान की जाए ताकि वे बिजली बिल के बढ़े हुए दामों से बच सकें। अमित कुमार ने बताया कि उन्होंने अपनी शिकायत को एसडीओ, विद्युत जई, मीटर एई और डीएम ऑफिस तक भेजा है। इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। थक-हार कर उन्होंने 1912 और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर भी इसकी शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई कोई समाधान नहीं हो सका है ।उन्होंने कहा, ष्देश के माननीय प्रधानमंत्री और प्रदेश सरकार निरंतर प्रयास कर रही हैं कि उपभोक्ताओं को योजनाओं का लाभ मिल सके, लेकिन विभाग की लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को लाभ के बजाय हानि का सामना करना पड़ रहा है।

# एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए डीएम ने ली बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 की थीम (Yog for One Earth One Health) एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की सफल तैयारीयों के दृष्टिगत विकास भवन के सभागार में जिलाधिकारी शामली अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में आज बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागीय अधिक. ारी द्वारा अवगत कराया गया कि 15 जून से 20 जून तक योग सप्ताह एवं दिनांक 21जून 2025 को 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन होगा। बैठक में जिला. धिकारी द्वारा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस (21 जून, 2025) के सफल आयोजन व योग से संबंधित विभिन्न स्तर पर साप्ताहिक कार्यक्रमों हेतु विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में दिनांक 15 जून 2025 को 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उद्घाटन समारोह हेतु हनुमान टीला धाम का चयन किया गया है। बैठक में यह भी बताया गया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर ग्राम सभा, ब्लॉक, तहसील, जिला, समस्त कार्यालयों पर कार्यक्रमों का आयोजन होगा। बैठक में यह भी बताया गया कि जनपद के प्रमुख तीर्थ स्थलों पर भी योग दिवस का कार्यक्रम होगा। बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि योग सप्ताह के अंतर्गत जो भी एक्टिविटी होगी उसको आयुष कवच ऐप अथवा पोर्टल पर फोटो अपलोड किए जाएंगे। बैठक में एंबुलेंस आदि व्यवस्था हेतु सीएमओ का निर्देशित किया गया। साथ ही कार्यक्रम स्थल पर अग्नि से सुरक्षा व्यवस्था हेतु फायर ब्रिगेड वाहन की व्यवस्था हेतु संबंधित को निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यक्रम 21 जून 2025 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का कार्यक्रम हेतु राष्ट्रीय किसान इण्टर कालेज व वी.वी. इंटर कॉलेज में किसी एक का चयन करने हेतु मुख्य विकास अधिकारी से कहा गया। बैठक में जिलाधिकारी ने समस्त कार्यक्रमों को शासन द्वारा निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार आयोजित करने हेतु निर्देशित किया।आयोजित बैठक में मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला विकास अधिकारी, जिला होम्योपैथिक अधिकारी डाद्व विधु शेखर, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. इसमपाल, सहित सभी संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी, एवं जनपद की योग संस्था एवं योग प्रशिक्षक आदि मौजूद रहे।





## खेत में घूमने गया युवक वापस नहीं लौटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** खेत पर घूमने गया युवक वापस नहीं लौटा। पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराकर पुत्र को तलाश करने में मदद की गुहार लगाई है। नौनांगली निवासी योगेंद्र पुत्र धीरू ने थाने दी तहरीर में बताया कि शनिवार को करीब नौ बजे सुबह के समय उसका पुत्र हिमांशू उर्म करीब 14 वर्ष साईकिल पर सवार होकर खेत पर घूमने के लिए गया था, लेकिन लौटकर घर वापिस नही आया। काफी तलाश करने पर भी नहीं मिला। पीड़ित पिता ने थाने में तहरीर देकर अपने पुत्र को तलाश करने की गुहार लगाई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज करते हुए छानबीन शुरू कर दी है।

## एक नजर

### डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग की अध्यक्षता में आज होगी जनसुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** जनपद शामली में महिला उत्पीड़न की रोकथाम व पीडित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाए जाने हेतु दिनांक 11 जून, 2025 को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में डॉ. हिमानी अग्रवाल, सदस्य, उ.प्र. राज्य महिला आयोग, महिला जनसुनवाई करेगी और मौके पर संबंधित अधिकारियों से शिकायत का निस्तारण कराया जाएगा। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त जनसुनवाई कार्यक्रम में समय से उपस्थित होकर सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग को महिलाओं से संबंधित समस्याओं से अवगत करा सकते हैं जिसका मौके पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा। अत: उक्त बैठक के आयोजन हेतु जिला प्रशासन की ओर से सत्येन्द्र सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), शामली (मो.-9454418995) को नामित किया गया है। बैठक के उपरांत सदस्य द्वारा जिला कारागार में महिला बैरिक का निरीक्षण किया जाना प्रस्तावित है।

### शराब के साथ पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** स्थानीय पुलिस ने पांच लीटर अवैध कच्ची शराब सहित सत्यवीर उर्फ सत्ता पुत्र नकली सिंह निवासी रज्जाकनगर थाना झिझाना शामली को गांव रज्जाक नगर जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में शराब तस्कर ने बताया कि कच्ची शराब मैने एक चलते फिरते व्यक्ति से खरीदी थी और फुटकर मे बैच लेता हूं, जिससे कुछ कमाई हो जाती है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चालानी कार्रवाई की है।

### जांच कैंप में 51 मरीजों की जांच, 6 का ऑपरेशन के लिए चयन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** हनुमान धाम चिकित्सालय द्वारा मंगलवार को निशुल्क नेत्र जांच कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में अर्पणा हॉस्पिटल मधुबन करनाल के चिकित्सकों डा। किशन दत्त शर्मा, नेत्र चिकित्सक संदीप भारद्वाज ने 51 मरीजों की जांच कर 6 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया जिनका निशुल्क आपरेशन कराया जाएगा। कैंप में शुगर ब्लड प्रेशर की जांच भी की गई। इस अवसर पर अध्यक्ष सलिल द्विवेदी, सचिव राजकुमार मित्तल, रमेश धीमान, पुनीत द्विवेदी, रवि संगल, अमित प्रजापति, डा. महक सिंह वर्मा आदि रहे।

### ड्रिल कंपीटिशन में डेल्टा कंपनी को मिला पहला स्थान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में चल रहे एनसीसी शि. विर के नौंवे दिन एनसीसी कैडेटों का ड्रिल कंपीटिशन कराया गया जिसमें डेल्टा कंपनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसके अलावा बालि. का कैडेटों के लिए खो-खो मैच भी कराया गया। जानकारी के अनुसार शहर के मदरलैंड पब्लिक स्कूल में 85 यूपी बटालियन एनसीसी द्वारा चलाए जा रहे प्रशिक्षण शिविर के नौंवे दिन कैंप के प्रशासनिक अधिक. ारी ले। कर्नल सीपी भदौला के निर्देशन में एनसीसी कैडेटों का ड्रिल कंपीटिशन कराया गया जिसमें डेल्टा कंपनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। निर्णायक मंडल में ले। आशीष कुमार, सूबेदार राघवेन्द्र सिंह, चीफ आफिसर नीरज कुमार, हवलदार कमल रहे। इंटर कंपनी वालीवाल मैच बालिका कैडेटों के बीच खो-खो प्रतियोगिता कराई गई, वहीं शाम के समय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### एक अभियुक्त को सुनाया कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप शामली पुलिस द्वारा अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही व पैरवी के क्रम में चोरी के मामले में एक अभियुक्त को माननीय न्यायालय द्वारा सुनाई कारावास की सजा व अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। वर्ष 2014 में अभियुक्त मुनफैत पुत्र ताहिर निवासी बुडनपुर थाना गंगोह जनपद सहारनपुर के विरुद्ध थाना कोतवाली शामली पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इसी क्रम में न्यायालय सीजेएम कैराना, शामली द्वारा उपरोक्त अभियुक्त को उपरोक्त धारा में जेल में बिताई गई अवधि की सजा व 6000/- रुपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है अर्थदण्ड की राशि अदा न करने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

# चोरों को सामान सहित रंगे हाथ पड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** सड़क किनारे से दवाई की पेटी लेकर चोर फरार दुकानदार उसके साथी ने चोर को पड़कर पुलिस को सौंपा। काशीपुर जिला सहारनपुर निवासी चेतन पुत्र महक सिंह ने थाने में तहरीर दी कि चेतन ननौता में पेस्टीसाइड की दुकान करता है। मंगलवार की देर सायं चेतन अपने साथी उज्जवल के साथ थाना भवन पेस्ट्रीसाइड दवाइयां लेने आया था। थानाभवन से लगभग 28000 रूपए कीमत की पेस्टिसाइड की दवाई दो पेटी में रखकर दोनों लोग गांव वापस जाने के लिए थानाभवन के मुख्य बस स्टैंड पर गाड़ी का इंतजार कर रहे थे कि अचानक मोके पर ही घात लगाकर बाइक सवार दो चोरो ने दवाई की पेटी चोरी कर बाइक पर रखकर फरार हो गए। दवाई की पेटी गायब देखकर चेतन ने शोर मचा दिया। जिसपर मोके पर खड़े लोगो व चेतन के साथी उज्ज्वल ने भाग कर दोनों चोरो को सामान सहित पड़कर लिया तथा पुलिस को सौंप दिया। पुलिस में पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपने नाम जीशान पुत्र इरशाद व मोनिश पुत्र रशीद मोहल्ला कुरैशियांन ग्राम पक्कीगढ़ी, शामली बताया। पुलिस ने तलाशी के दौरान दवाई की पेटी बाइक बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार कर चेतन की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया।

# गैंग बनाकर आतंक मचाने व मारपीट का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जलालाबाद निवासी एक महिला ने कस्बे के कुछ युवकों पर सोशल मीडिया पर गैंग बनाकर आतंक मचाने व घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए एसपी से कार्रवाई की मांग की है। पीडिता का आरोप है कि उक्त युवक उन्हें जान से मारने की धमकी भी दे रहे हैं। मंगलवार को कस्बा जलालाबाद निवासी शफीकन अपने परिजनों के साथ पुलिस आफिस पहुंची तथा प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कस्बे के ही रहने वाले कुछ युवकों ने सोशल मीडिया पर गैंग बनाया हुआ है जो फिरौती लेकर लोगों को टारगेट करता है, टारगेट का नाम व फोटो के माध्यम से पहचान कराई जाती है और फिर सोशल मीडिया के माध्यम से बनाए गए गैंग के ग्रुपों में डालकर उसकी रेकी कराकर घटना को अंजाम दिया जाता है। उक्त युवकों को राजनैतिक संरक्षण हासिल है जिस कारण पुलिस भी उन पर कार्रवाई नहीं कर रही।

महिला ने आरोप लगाया कि 7 जून को उसके पुत्र अहसान के पास धमकी भरा फोन आया तथा उसके पुत्र को गंदेवडा संगम पर बुलाया तथा न आने पर पूरे मौहल्ले को शमशान बना देने की धमकी दी।

धमकी के बाद उसका पुत्र डरा सहमा हुआ है, तीन दिन पूर्व कुछ युवक उसके पुत्र को तलाश करने उसके घर में घुस आए तथा परिजनों के साथ मारपीट करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। पीडिता ने आरोप है कि तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की। पीडित महिला ने एसपी से जानमाल की सुरक्षा व आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। एसपी ने मामले में जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



शामली। पुलिस के पास शिकायत लेकर पहुंचे पीड़ित।

# जनपद में बढ़ते प्रदूषण पर जताई चिंता

## भारतीय मजदूर संघ ने डीएम से की तत्काल उपाय करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय मजदूर संघ ने शामली जनपद में बढ रहे प्रदूषण पर चिंता जताते हुए डीएम से प्रदूषण की रोकथाम के उपाय किए जाने की मांग की है। जानकारी के अनुसार भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या भारत ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में एक गंभीर समस्या बनी हुई है। प्रदूषण के कारण मनुष्य को कोई तरह की समस्याओं से जूझना पड रहा है। शामली जनपद में भी वर्तमान में प्रदूषण की स्थिति गंभीर है। वृक्षारा. ेपण कम हो रहा है, इस कारण तापमान में भी हर साल बढता जा रहा है। उन्होंने शामली जिले में बढते प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान देने, सभी प्रमुख स्थलां पर प्रदूषण का स्तर दर्शाने वाला इलैक्ट्रोनिक बोर्ड लगवाने, नाला नदी के पानी को प्रदूषित हाने से बचाने के उचित उपाय करने, अनावश्यक पेडों की कटाई पर रोक लगाई जाए, वृक्षारा. ेपण पर अधिक से अधिक ध्यान दिया जाए, सिंगल यूज प्लास्टिक से बने सामानों की बिक्री पर तुरंत रोक लगाई जाए, जल संरक्षण पर विशेष ध्यान देते हुए सभी सरकारी एवं निजी आवास, सरकारी एवं निजी क्षेत्रों के कार्यालयों में रूफटॉप वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगवाने, शहरों से निकलने वाले कचरे के प्रबंधन की नियमानुसार उचित व्यवस्था करने, जनपद शामली में नई सडक व नए बाईपास बनने के कारण प्रमुख बाईपास पर अधिकतर दिशा सूचक नहीं है, वहां दिशा सूचक लगवाने, प्रत्एक बाईपास पर लाल व हरा ट्रैफिक सिगनल लगाने, जिले में हर वर्ष वृक्षारोपण तो होता है लेकिन इसके बाद पेडों की देखभाल नहीं हो पाती, इसलिए वृक्षारोपण के बाद पेडों की देखभाल करने की मांग की। इस मौके पर विनोद कुमार, विमला शर्मा, आदेश कुमार, सुमंत तिवारी, कर्मबीर, अनिल धीमान, बालम सिंह, ईनाम अली, तुर्सन पाल, विनोद, ओमवीर, प्रदीप, रमेश गर्ग, अरूण, राजेन्द्र शर्मा, श्यामलाल आदि भी मौजूद रहे।




# दीपक सैनी बने विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेश मंत्री

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**शामली।** विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने शामली के दीपक सैनी को संगठन का प्रदेश मंत्री मनोनीत किया है। मंगलवार को दीपक सैनी को मनोनयन पत्र सौंपा गया। मंगलवार को कैराना रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्व हिन्दू महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति द्वारा शामली निवासी दीपक सैनी को संगठन का प्रदेश मंत्री मनोनयन का पत्र सौंपा गया। दीपक सैनी ने प्रदेशाध्यक्ष भिखारी प्रजापति का आभार जताते हुए कहा कि वे संगठन को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर प्रांत हस्तिनापुर अध्यक्ष पंकज वालिया, जीवन ज्योति अरोड़ा, रविंद्र कालखंडे, चरणपाल सिंह, महावीर सैनी, शौर्य गिरी, अशोक सैनी, राहुल शर्मा, विनोद सेन, मोनू पाल, आशा सभरवाल,गीता रानी, आलोक भटनागर, राधेश्याम सैनी, आनंद सैनी कांधला, रामपाल सैनी , आदि मौजूद थे।

# सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं दर्जनों लोग, एसडीएम को पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे के मौहल्ला शैखामैदान वार्ड 12 के लोगों ने फिर से एसडीएम को अलग अलग पत्र देकर अवगत कराया कि वर्ष 2017 से यहां के लोग सरकारी सुविधाओं से लेकर जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र तथा अपने वोट के अधिकार से वंचित हैं। लोगों ने कस्बे से अलग थलग पड़े मोहल्लों को फिर से नगर पंचायत में जोड़ने की गुहार लगाई। मंगलवार को मोहल्ला निवासी शाहनवाज, नवाब ने उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी को अलग अलग पत्र देते हुए अवगत कराया कि वर्ष 2017 में नगर पंचायत चुनाव में मोहल्ला वासियों की वोट यह कहते हुए काट दी थी कि तुम गांव जमालपुर के रकबे में हो। उक्त बस्ती के करीब 22 सौ वोट हैं, लेकिन 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी अपने मत-अधिक. ार का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सभी बस्ती के लोगों के पहचान पत्र, आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि सभी दस्तावेज नगर पंचायत झिंझाना के ही बने हुए हैं तथा नगर पंचायत द्वारा 2017 से पूर्व पूरे वार्ड में विकास कार्य भी कराया गया था तथा नगर पंचायत द्वारा जल कर व गृह कर आदि भी प्राप्त किया जाता रहा था, लेकिन वर्ष 2017 से बाद उक्त वार्ड 12 मौहल्ला शैखामैदान, सलारा, ज्ञानपुरी को अलग-थलग किया हुआ है, जिस कारण कोई विकास कार्य भी उक्त बस्ती में नहीं हो पा रहा है। हालाकि नगर पंचायत सप्ताह में एक बार उक्त मोहल्लों में सफाई कर्मी भेजकर साफ सफाई कराता है।

नवाब ने उपजिलाधिकारी संदीप त्रिपाठी को अलग अलग पत्र देते हुए अवगत कराया कि वर्ष 2017 में नगर पंचायत चुनाव में मोहल्ला वासियों की वोट यह कहते हुए काट दी थी कि तुम गांव जमाल. पुर के रकबे में हो। उक्त बस्ती के करीब 22 सौ वोट हैं, लेकिन 8 वर्ष बीत जाने के बाद भी अपने मत-अधिकार का प्रयोग नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले सभी बस्ती के लोगों के पहचान पत्र, आधार कार्ड जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि सभी दस्तावेज नगर पंचायत झिंझाना के ही बने हुए हैं तथा नगर पंचायत द्वारा 2017 से पूर्व पूरे वार्ड में विकास कार्य भी कराया गया था तथा नगर पंचायत द्वारा जल कर व गृह कर आदि भी प्राप्त किया जाता रहा था, लेकिन वर्ष 2017 से बाद उक्त वार्ड 12 मौहल्ला शैखामैदान, सलारा, ज्ञानपुरी को अलग-थलग किया हुआ है, जिस कारण कोई विकास कार्य भी उक्त बस्ती में नहीं हो पा रहा है। हालाकि नगर पंचायत सप्ताह में एक बार उक्त मोहल्लों में सफाई कर्मी भेजकर साफ सफाई कराता है।



# फंदे पर लटका मिला युवक का शव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सढौली कदीम।** थाना बेहट के गांव मिलको में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर लटका मिलने से हड़कम मच गया। फंदे पर लटके शव की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर पहचान कराई तो मृतक की पहचान गांव मिलको निवासी अमित के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस जांच पड़ताल में लग गई है।

मंगलवार को गांव मिलको में उच्च प्राथमिक विद्यालय मे पेड़ पर फंदे लटका का हुआ एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फेल गई। पेड़ पर फंदे से लटके शव को ग्रामीणों ने देखा तो इस की सूचना पुलिस को दी गई।

मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई।घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सूबे सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना के संबन्ध में आलाधिकारियों और फोरेंसिक टीम को दी गई।फोरेंसिक टीम के पहुंचने पर पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर कब्जे में लेकर पहचान कराई तो मृतक व्यक्ति की पहचान कोतवाली बेहट के गांव मिलको निवासी अमित (25) पुत्र चंद्रभान के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है।

ए एस पी सागर जैन ने बताया कि कोतवाली पुलिस को गांव मिल. को में पेड़ पर फंदे पर लटके शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है अभी तक मृतक के परि. जनों की तरफ से पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

## चोरी का खुलासा

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना क्षेत्र के कस्बे में चोरी की घटना का पुलिस ने सफलतापूर्वक खुलासा किया।

सोनू धीमान, निवासी मिलन गार्ड, रुड़की रोड, ने शिकायत दर्ज की थी कि उनकी दुकान के बाहर से एक कार्टन बॉक्स, जिसमें 8 पंखे की मोटर, 8 पाइप और 8 कैप थे, चोरी हो गया। शिकायत के आधार पर थाना फतेहपुर में मुकदमा दर्ज किया गया। थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज आरोपी अनुज, पुत्र सुरेश, निवासी आर्यनगर, छुटमलपुर, को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। बरामदगी के आधार पर मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। पूछताछ में अनुज ने बताया कि उसने रुड़की रोड पर दुकान के बाहर रखा बॉक्स देखा और दुकानदार के अंदर होने का फायदा उठाकर लालच में चोरी की। पुलिस ने चोरी गए कार्टन बॉक्स को बरामद कर लिया।

# 17 दिवसीय समर कैम्प का समापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तल्हेडी बुजुर्ग।** पीएम श्री विद्यालय में चल रहे 17 दिवसीय समर कैंप का समापन धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर स्कूल के समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

मंगलवार को गांव तल्हेडी बुजुर्ग के पीएम श्री विद्यालय में प्रधानाचार्य डॉक्टर नवीन कुमार के नेतृत्व में 17 दिवसीय समर कैंप का सफल समापन किया गया।इस दौरान नवीन कुमार ने समर कैंप में की गई समस्त गतिविधियों के विषय में अभिभावकों को विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने बताया कि समर कैंप में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें छात्रों को काफी कुछ सीखने को मिला। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को आशीर्वाद दिया ओर कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों को पूर्व की भांति विधालय का सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों ने बच्चों से समर कैंप में की गई गतिविधियों के विषय में जानकारी ली तो बच्चों ने बताया कि इस अवसर पर उन्होंने काफी आनन्द लिया है। बच्चों ने स्कूल प्रबंधन से ऐसे कार्यक्रम दोबारा कराने की इच्छा जताई है।

कार्यक्रम में उपस्थित प्रधान प्रतिनिधि सतीश कुमार ने बच्चों को बिस्कुट व चिप्स देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।इस दौरान एसएमसी अध्यक्ष राशिद अली, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अरविंदा, रेनू, शिक्षा मित्र उमा देवी व अनुदेशक अमरीश कुमार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

## हवन यज्ञ आयोजित

**गंगोह।** कोतवाली परिसर में स्थित हनुमान शिव मंदिर में मंगलवार को बड़े मंगल के रूप में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ के बाद आयोजित भंड़ारें में सैंकडों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

ज्येष्ठ मास के आखिरी मंगल को बड़े मंगलवार के रूप मनाया गया। परिसर में स्थित मंदिर में कार्यक्रम की शुरुआत हनुमानजी की पूजा-अर्चना से हुई। पूजा के यज्ञ के आयोजित किया गया। यज्ञ के यजमान कोतवाली प्रभारी पीयूष दीक्षित ने अपने परिवार सहित व पुरोहित हिमांशु शर्मा ने संपन्न कराई जिसमें कोतवाली स्टाफ सहित यज्ञ मे आहूति डाली। इसके बाद सभी ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद आयोजित भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

# राहगीरों को मिला ठंडा शरबत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साढौली कदीम।** गन्देवड चिल. काना मार्ग पर गांव कम्बोहमजरा व रसूलपुर बस स्टैंड में छबील लगाकर राहगीरों को मीठा शरबत पिलाया गया।

भीषण गर्मी में सड़क पर चल रहे राहगीरों ने ठंडा शरबत पीकर राहत की सांस ली। छबील का उद्घाटन करते हुए कार्तिक कांबोज ने कहा कि प्यासे को पानी, भूखे को भोजन व असहाय की सहायता करना मानवता का सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा कि गर्मी में प्यासे जीवों की प्यास बुझाने के लिए हम सभी को छत पर किसी बर्तन में नियमित पानी रखना चाहिए ताकि भयंकर गर्मी में प्यास से किसी जीव को असमय मरने से बचाया जा सके । चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी में युवाओं ने राहगीरों के वाहन को रुकवाकर जरूरतमंद को ठंडा शरबत पिलाया। इस अवसर पर वंश कुमार, उपलक्ष, दिपांशु, गोरिश कुमार, देव शर्मा, चक्षु, लक्की, दैविक, देवांश, तेजस, विराज, फोफा, अंशुल, अक्षय, अंश कांबोज आदि मौजूद रहे।

# कैम्प से होगा कौशल का विकास: शिव कुमार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नकुड़।** नगर पालिकाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता ने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से विद्यार्थियों में विभिन्न कौशलों का विकास होगा, और उन्हें अपने अंदर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का मौका मिलेगा।

नगर पालिका चेयरमैन शिव कुमार गुप्ता यहां पी. एम. श्री विद्यालय में चल रहे समर कैम्प के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि समर कैम्प प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ जी की महत्वकांक्षी योजनाओं में से से एक है। परिषदीय विद्यालयों के बच्चों को भी समर कैम्प के माध्यम से अपनी रुचियों को उजागर करने व विभिन्न कौशलों पर का काम करने का मौका मिले, यही समर कैम्प का उद्देश्य है और पहली ही बार में परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने इसमें उत्साह से भाग लिया। उन्होंने समर कैम्प के सफल संचालन के लिए राजेश जैन व अरविन्द कुमार को बधाई दी।

कार्यक्रम की संबोधित करते हुए नवागंतुक खंड शिक्षा अधिकारी सोमबीर सिंह ने कहा कि समर कैम्प के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों के बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा। उनमें सांस्कृतिक विरासत, विज्ञान, पर्यावरण, गणित, कला, संस्कृति, कंप्यूटर को समझने की क्षमता उत्पन्न होगी। पी. एम. श्री विद्यालय में आयोजित समर कैम्प संचालक राज. ेश जैन, अरविंद कुमार ने समर कैम्प में छात्रों द्वारा की गई गतिविधियों के अभिलेखीकरण की रिपोर्ट प्रस्तुत की व समर कैम्प में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष शिव कुमार गुप्ता,एवं खंड शिक्षा अधिकारी सोमबीर सिंह ने विद्यालय में एक पौधा लगाकर मां की तरह इसकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनूप सिंह, एआरपी शशि कांत, श्रवण कुमार, राजेंद्र कुमार, अंकुर चौधरी, राहुल राठी, अजय धीमान,एकता सैनी, नीता, सीमा, मधुबाला आदि ने पालिक. ाध्यक्ष शिवकुमार गुप्ता, बी ई ओ सोमबीर सिंह को माल्यार्पण एवं बुके भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन ए आरपी राजेंद्र कुमार ने किया।

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अंबेहटा।** नकुड कोतवाली अंतर्गत कस्बे में इस्लाम नगर रोड मंगलवार की सुबह करीब आठ बजे मौहतरम की दुकान के सामने तेज रफ्तार बाइक सवार ने इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी में मारी जोरदार टक्कर मार दी।

इस हादसे में देदपुरा निवासी मेडिकल स्टोर संचालक दीपक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए और उसका बेटा शिवम और बेटी आयुषी के हल्की चोट आई है। दीपक कुमार बच्चों को लाइब्रेरी छोड़ने जा रहा था। फुलगढ निवासी बाइक सवार सौरभ पुत्र धीर सिंह के भी चोट आई है सूचना मिलते ही 112 डायल और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। घायल को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।

चौकी प्रभारी आजाद सिंह ने बताया की घटना में किसी भी ओर से तहरीर नहीं दी गई है।

# विधाओं की प्रदर्शनी के साथ समर कैंप संपन्न



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समर कैम्प के दौरान सीखी गयी विधाओ का प्रदर्शन करने के साथ ही विधिवत समापन हो गया।

विकास खण्ड बलियाखेडी के उच्च प्राथमिक विद्यालय मनोहरपुर में समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेश राज. ेश कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुश्री कोमल, जिला समन्वयक अरविन्द, जिला समन्वयक मध्यान भोजन अतुल कुमार रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अधिकारियों द्वारा सराहा गया। इस अवसर पर स्वैच्छिक रूप से समर कैंप में अपना योगदान देने वाले विकासखंड के अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए एवं शिक्षामित्र अनुदेशक को जिनके द्वारा सफल संचालन में सहयोग प्रदान किया गया उन्हें भी प्रमाण पत्र वित. रित किए गए उन सभी छात्राओं को जिनके द्वारा अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं कलाकृतियां प्रस्तुत की गई उन सभी को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी महोदय द्वारा सभी अध्यापकों का सफर समर कैंप के सफल संचालन हेतु करने हेतु आभार व्यक्त किया गया।विकासखंड बलिया खेड़ी के खंड शिक्षा अधिकारी सुरेश त्यागी द्वारा सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया गया।

# दुष्कर्म का आरोपी पुलिस ने धर-दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** फतेहपुर थाना पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

6 जून 2025 को वादी की शिकायत पर थाना फतेहपुर में मुक. दमा संख्या 115/25, धारा 87/64(1)/123 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि आरोपी अंशुल, पुत्र धर्मपाल, निवासी ग्राम अब्दुलपुर, थाना पुरकाजी, जनपद मुजफ्फरनगर, ने वादी की पुत्री को बहलाफुसलाकर भगा लिया और नशीला पदार्थ देकर दुष्कर्म किया। थानाध्यक्ष सचिन पूनिया के कुशल नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आज मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपी अंशुल को बड़कला फ्लाईओवर के पास से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की और आरोपी को समय पर न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक शुभम चौधरी, उपनिरीक्षक विजय पाल सिंह और हेड कांस्टेबल प्रदीप कुमार की भूमिका सराहनीय रही। पुलिस की इस त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास बढ़ा है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सक्रियता की प्रशंसा की है। यह घटना पुलिस की अपराध नियंत्रण और पीड़ितों को न्याय दिलाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आरोपी के खिलाफ आगे की जांच जारी है।

# जनसुनवाई में शिकायतों पर हो त्वरित कार्रवाई: गिरी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने जनसुनवाई में आने वाली शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। आज आयी एक दर्जन शिकायतों में चार सफाई सम्बंधी, दो पेयजल सम्बंधी, दो अतिक्रमण तथा दो शिकायत हाउस टैक्स से सम्बंधित रही। नगरायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। सफाई सम्बंधी एक शिकायत का तत्काल निस्तारण कराया गया।

वार्ड 16 नवीन नगर निवासी डॉ. नवीन ने कॉलोनी में किये गए अतिक्रमण तथा वार्ड 33 जय नगर कॉलोनी निवासी समय सिंह ने गली नंबर एक में अनेक लोगों द्वारा किये गए अतिक्रमण को हटाने के लिए प्रार्थना पत्र दिया, जिस पर नगरायुक्त ने अतिक्रमण प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। वार्ड 4 ग्रीन पार्क निवासी दीपक गुप्ता ने कॉलोनी के पास नाली की साफ सफाई कराने तथा विद्युत लाइन के साथ लगे पेड़ों की कंटाई छंटाई कराने सहित तीन शिकायती प्रार्थना पत्र दिए।

वार्ड संख्या 32 खानआलमपुरा निवासी इनाम अंसारी ने मंदिर वाली गली में पेयजल नलकूप ठीक कराने तथा वार्ड संख्या 7 पुराना कमेला पटेल नगर निवासी अमित कुमार ने भी पेयजल पम्प ठीक कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। नगरायुक्त द्वारा उक्त सभी शिकायतों पर स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने को कहा गया। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त पी के यादव व मृत्युंजय, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह, महाप्रबंधक जल पुरुषोत्तम कुमार सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# धड़ल्ले से कट रही कृषि भूमि पर कालोनियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर क्षेत्र में भूमाफिया किस्म के लोग बेखौफ होकर आम के बगीचों को कटवाकर व कृषि योग्य भूमि पर प्लॉट काटकर अवैध कॉलोनियां बसा रहे हैं। जो राजस्व विभाग को हानि तो पहुंचा ही रहे हैं, इसके साथ ही वह प्लॉट खरीदने वाले सीधे साधे लोगो को भी ठग रहे हैं।

**राजस्व हानि के साथ ही प्लाट खरीदार भी हो रहे ठगी का शिकार**

बतातें चलें कि नगर के सहारनपुर रोड, सरसावा रोड, बाईपास तिराहे से सुलतानपुर रोड, अहाडी रोड व सुलतानपुर से गन्देवड रोड पर बड़े पैमाने पर कृषि योग्य भूमि पर रिहायशी व कमर्शियल प्लॉट काटकर अवैध कॉलोनियां बसाई जा रही हैं। इस कृत्य से जहां कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है वहीं इन कॉलोनियों में प्लॉट खरीदने वाले लोगों को यह तक नहीं पता कि वे अपने खून-पसीने की कमाई जिस जमीन पर लगा रहे हैं, वह वैध है भी या नहीं। जब इन कॉलोनियों में सरक. ारी सुविधाएं नहीं मिल पाती तभी लोगों को पता चलता है कि उनकी मेहनत की कमाई डूब चुकी है। कॉलोनाईजर कॉलोनी बनाने में आवश्यक नियमों और विनियमों का पालन नही कर रहे हैं, जिसका खामियाजा प्लॉट खरीदने वालों को भुगतना पड रहा है। प्लॉट खरीदने वालो को भी ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है। ऐसी कॉलोनियों में प्लॉट का पट्टा जारी नहीं हो सकता है। आवासीय या व्यवसायिक निर्माण की स्वीकृति भी नहीं मिलती है। निर्माण कार्य के लिए बैंक से लोन भी नहीं मिल पाता। सड़क, बिजली, पानी, आदि के लिए कनेक्शन भी नहीं मिल सकते। जबकि कॉलोनाईजर कॉलोनी काटने के दौरान बिजली, पानी सहित तमाम सुविधाएं देने का भरोसा देते हैं। प्लॉट बिकने के बाद कॉलोनी की खैर खबर तक नहीं लेते हैं। इससे न केवल सरकार को राजस्व हानि पहुंचायी जा रही है, बल्कि अनाधिकृत कालोनी में प्लाट खरीदने वालों को भी ठगा जा रहा है। इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों का निर्माण रोकने के लिए प्रशासन को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए तथा अवैध कॉलोनियों के निर्माण में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई भी की जानी चाहिए।

## प्रदर्शन की घोषणा

**सहारनपुर।** डेयरी संचालक संघर्ष समिति के अध्यक्ष संजय वालिया ने कहा कि डेयरी संचालक आगामी 25 जून को नगर निगम पर अपने पशुओं के साथ विरोध प्रदर्शन करेंगे। साथ ही 15 दिन में एनजीटी के नियमों का उल्लंघन करने वाले औद्योगिक संस्थानों के बाहर प्रदर्शन किया जाएगा।

**सूचना**

मैने व मेरे भाईयों इमरान, शहजाद व रागिब ने अपने भाई रियाजुल से सम्बन्ध विच्छेद कर लिये है। भविष्य में उसके कार्यो के हम व हमारा परिवार जिम्मेदार नही होगा।

**अब्दुल रहमान पुत्र मिस्त्री जब्बार मरहूम निवासीगण ग्राम कमालपुर, थाना फतेहपुर, जिला सहारनपुर।**

# गायों का खिलाया हरा चारा व गुड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रीराम बाला. जी सेवा समिति द्वारा मासिक गौ सेवा कार्यक्रम के तहत गायों को हरा चारा खिलाया।

गौशाला रोड़ स्थित दी पिंजौरा पोल सोसायटी गौशाला समिति के अध्यक्ष सचिन गोयल ने बताया कि आज समिति के सभी सदस्यों को बड़े मंगलवार के अवसर पर गौ माता की सेवा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ व समस्त सदस्यों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। गौ माता को हरी घास, गुड़, चौकर आदि का सेवन कराया। संच. ालक सचिन गोयल नें कहा कि गौ माता की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य है, हमे हर दिन इस सेवा को करना चाहिए। गौ माता में 33 कोटि देवी देवता का वास होता है,इस लिए हमे इस सेवा कार्य को जरूर करना चाहिए।

इस अवसर पर श्री राम बाला जी सेवा समिति के संरक्षक मनोज गोयल, अध्यक्ष सचिन गोयल, मुख्य संयोजक प्रवीण वर्मा, मुख्य सलाहकार राहुल जैन, कोषाध्यक्ष कमल चौरसिया, उप मंत्री विपिन सैनी, कपिल कंसल, रवि सैनी, नीतिश गोयल, मनी वर्मा, मुकुल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़कों से लेकर गलियों तक घरेलू सिलेंडर का दुरुपयोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** घरेलू गैस सिलेंडर के दुरूप्रयोग का नजारा क्षेत्र में सड़कों से लेकर गलियों तक आम देखा जा सकता है। घरेलू गैंस ठेलियों से लेकर बड़ें रैस्टोरेंट व बड़े होटलों में धड़ल्लें से प्रयोग की जा रही है। वही रिफिलिंग के अवैध धंधें का भी यहां गढ़ बना हुआ है। इस सारे मामलें को खाद्य एवम् आपूर्ति विभाग नजरदांज किए हुए है। अब ये नजरदांजी लापरवाही है या किसी चमक के आगे चुप्पी साधें हुए है...?

गंगोह में अवैध गैस रिफिलिंग का कारोबार जोरों पर है, चाहे वो बड़े सिलेंडरों से छोटे सिलेंड्रों मं भरना हो या फिर छोटें चार पाहियां वाहनों में यह काम धड़ल्लें से सड़कों व बनाएं गए गोदामों में खुली नजर से देखा जा सकता है। किंतु खाद्य एवम् आपूर्ति विभाग की नजरदांजी किस ओर इशारा करती है यह तो बड़े अधिकारी ही तय कर पाएगें। बहाराल यह कार्य किसी बड़े हादसे का कारण बन सकता है। घरेलू गैस सिलेंडरों से छोटे सिलेंडरों में गैस भरकर बेची जा रही है, और वाहनों में भी बिना परमिट रसोई गैस की रिफिलिंग हो रही है। अवैध रिफिलिंग सड़कों पर खतरे की घंटी बजा रही है। अब यह घंटी अधिकारी कब सुन पाएगें, यह देखना बाकि है। सुरक्षा नियमों की अनदेखी कर स्थानीय दुक. ानदार घरेलू गैस सिलेंडरों से खुले में रिफिलिंग कर रहे हैं, जो कभी भी विस्फोटक हादसे का कारण बन सकता है। स्थानीय लोगों की कई बार शिकायत के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। आंखें मूंदे बैठा प्रशासन की लापरवाही और निष्क्रियता के चलते यह खतरनाक धंधा फल-फूल रहा है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए क्या कदम उठाता है और क्या इस मामले में कोई कार्रवाई की जाएगी।

पिछले दिनों में मोहम्मद गौरी के एक मकान में चल रहे अवैध गैस रिफिलिंग के कारोवार का खुलासा हुआ था। पूर्ति निरीक्षक अतुल कुमार व पुलिस की संयुक्त टीम ने छापा माकर मौके से भारी मात्रा में घरेंलू व व्यवासायिक गैस सिलेंडर, रिफिलिंग यंत्र और तौल मषीन बरामद की थी। उच्चाधिकारियों के आदेष पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया था। नगर में टीम की आमद तो हुई किंतु सड़कों पर व होटलों में सरे आम भट्टियों पर लगे सिलेंड़र इस टीम की नजरों से क्यों चुक गए।

-नगर में दो गैस एजेंसी है जिसमें व्यवासियक सिलेंड़र 19 किलों व 5 किलों में उपलब्ध है। किंतु विभागिएं अधिकारियों की लापरवाही के चलते उनके कनेंक्शन नही कराएंगें। एक जानकारी अनुसार नगर में लगभग 800 से 900 सिलेंड़र की उपलब्धता कंपनी द्वारा बनी हुई है। किंतु कोई भी व्यवासयी इनका प्रयोग ना करके प्रतिबंधित सिलेंड़रों का प्रयोग कर रहा है। सूत्रों की अगर माने गैस एजेंसी स्वामी इनके मुल्य से कही कम इनकी बिक्री कर हर माह हजारों का नुकसान झेल रहे है। अदंरूनी सुत्रों से यह भी जानकरी मिली है कि सिर्फ 15 से 16 व्यवासियक सिलेंड़रों कनेंषन है जबकि 3 या 4 चालू है। नगर में छोटे से छोटे स्ट्रीट रैस्टोरेंट से लेकर बड़े होटलों में जाएं तो ये सैंकड़ों में है। फिर क्यों विभागयी लापवाही किसी बड़ी घटना को आमत्रिंत तो नही कर रही है।

# फायरिंग के वांछित युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फायरिंग की घटना का मुख्य आरोपी की गिरफ्तार के बाद वांछित दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया कर उनके कब्जे से दो तमंचे और चार जिंदा कारतूस बरामद किए है। इस घटना के मामले में पुलिस अभी तक एक हिस्ट्रीशीटर समेत छह लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।



कोतवाली क्षेत्र के गांव लखनौती में बीती 31 मई को हिस्ट्रीशीटर अचिन त्यागी ने साथियों के साथ मिलकर अपने फूफा संजय त्यागी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की थी जिसमें वह जांघ में गोली लगने से घायल हो गए थे। इतना ही नहीं उक्त युवकों दर्जनों राउंड हवाई फायरिंग भी की थी जिससे गांव में सनसनी फेल गई थी। घटना के संबंध में घायल संजय त्यागी के भाई सत्यवान की तहरीर पर पांच नामजद समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा कायम किया था। इसी मामले में फरार चल रहे गांव कुरडी निवासी अंशुल त्यागी और साखन खुर्द निवासी दीपक त्यागी को पुलिस ने मंगलवार को कासिमपुरा रेलवे फाटक के निकट से गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से तमंचे और जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। इससे पूर्व पुलिस ने मुठभेड़ में हिस्ट्रीशीटर अचिन त्यागी और नागल थाने के गांव सरसीना निवासी हिस्ट्रीशीटर सक्षम त्यागी को गिरफ्तार कर चुकी है। जबकि इससे पूर्व भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। अब तक इस मामले में कुल छह लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। कोतवाल धर्मेंद्र सोनकर ने बताया कि पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# दहशत फैलाने के आरोपियों को भेजा जेल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। कोतवाली क्षेत्र के गांव जड़ोदा जट्ट मे विगत दिनों दलित युवक पर फायरिंग का वीडियो वायरल होने तथा भीम आर्मी के विरोध के चलते पुलिस ने रसूलपुर टांक निवासीगण विशाल पुत्र प्रमोद और विक्की उर्फ विजय पुत्र मोहन के खिलाफ एससी एसटी एक्ट के तहत तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।



पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर लालवाले रजवाहे की पटरी से विशाल व विक्की को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक 315 बोर का तमचा बरामद किया है।

# यूरिया खाद की किल्लत से किसान परेशान

**देवबन्द।** सहकारी समितियों में यूरिया खाद की भारी किल्लत के कारण किसानों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है। तथा समितियों द्वारा किसानों से अधिक ब्याज वसूला जा रहा है, जिसे किसी भी दशा में सहन नहीं किया जाएगा।

भारतीय किसान यूनियन पथिक के प्रदेश महासचिव पिरथी सिंह ने लोक निर्माण अतिथि गृह पर आयोजित बैठक में उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद सहारनपुर में यूरिया खाद की किल्लत के चलते किसानों को घंटों घंटों लाइन में लगकर खाद लेना पड़ रहा है। साथ ही सहकारी समितियों में 3 प्रतिशत ब्याज की जगह 7 प्रतिशत ब्याज वसूला जा रहा है। मंडल अध्यक्ष शेर सिंह गुर्जर ने कहा की जब तक एमएसपी न्यूनतम समर्थन मूल्य लिखित में कानून नहीं बनता तब तक किसानों का भला नहीं होगा। बैठक के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम युवराज सिंह को सौंपा गया। जिसमें प्रदेश में किसानों की सम्मान निधि छह हजार से बढ़ाकर 12 हजार किए जाने, किसान-मजदूर, विधवा, विकलांग पेंशन 5 हजार रुपये किए जाने, घरेलू बिजली की दरे कम करने, देवबंद तहसील के ग्राम पंचायत दुगचाड़ा में किसान सहकारी समिति पर यूरिया खाद उपलब्ध कराने एवं उत्तर प्रदेश को चार भागों में बांटते हुए बीस जिलों को मिलाकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश बनाए जाने की मांग की गई है। इस मौके पर राजकुमार, मदनपाल, विश्वास, राजकुमार, मदनपाल, सुरेंद्र सिंह, राव नौशाद आदि किसान शामिल रहे।

# बहुजन संकल्प यात्रा का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी के संयुक्त तत्वावधान में जाति तोड़ो समाज जोड़ो बहुजन संकल्प यात्रा देवबंद विधानसभा के प्रत्येक गांव में पहुंचकर बहुजन महापुरुषों की विचारधारा को लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगी।



आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में जाति तोड़ो समाज जोड़ो बहुजन संकल्प यात्रा का गांव नियामतपुर से शुभारंभ आजाद समाज पार्टी के मंडल अध्यक्ष व भाईचारा कमेटी मोनू चौधरी ने किया। यात्रा में शामिल असपा और भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर जाति तोड़ो समाज जोड़ो का संदेश दिया। मोनू चौधरी ने बताया कि यह संकल्प यात्रा आने वाले जिला पंचायत चुनाव और 2027 विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के हाथों को और अधिक मजबूत बनाने का काम करेगी। इस मौके पर अजय एड., अजीत बारा, प्रवीण मास्टर, दीपक, रमेश, राज गौतम समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विद्यार्थियों ने समरकैम्प में प्रतिभाग कर दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** उच्च प्राथमिक स्तरीय बालक-बालिकाओं ने समर कैम्प में प्रतिभाग कर अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समर कैम्प के समापन पर पर्यावरण संरक्षण के लिए बच्चों को प्रेरित करने के उद्देश्य से खंड शिक्षा अधिकारी ने एक पेड मां के नाम रोपित किया।




विकास क्षेत्र देवबंद के उच्च प्राथमिक विद्यालयों फतेहपुर, साखन कलां, सांपला खत्री, बीबीपुर, मानकी सुल्तानपुर, अम्बेहटा शेखाँ, गुनारसा, करंजाली, मकबरा, कुलसत आदि विद्यालयों मे बीस दिवसीय समर कैंप का उच्च प्राथमिक विद्यालय कुलसत मे आयोजित समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर ने समर कैंप की आवश्यकता पर प्रकाश ड़ालते हुए कहा कि समर कैम्प के सफल आयोजनों से छात्र-छात्राओं को लाभ पहुंचता है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी ने एक पेड़ मां के नाम रोपित किया। बीस दिनों मे उच्च प्राथमिक स्तरीय बालक-बालिकाओं में आयोजित समर कैंप मे प्रतिभाग कर कला, पुस्तककला, काष्टकला, कहानी और अन्य गतिविधियों मे रुचिपूर्ण भाग लेते हुए अपनी कला कौशल मे दक्षता प्राप्त की और सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को सार्थक किया। समर कैंप समापन समारोह में अध्यापक अध्यापिकाएं आदि विद्यालयों का समस्त स्टाफ शामिल रहा।



## डंडों से हमला कर लूटा

**नजीबाबाद।** घर से शहर आ रहे एक व्यक्ति पर कुछ लोगों ने लाठी डंडों से हमला कर उसके साथ लूटपाट कर उसे घायल कर दिया।

कोतवाली मार्ग स्थित कमालपुर खाईखेड़ी निवासी दिनेश कुमार पुत्र शीशराम सिंह ने थाना प्रभारी निरीक्षक नजीबाबाद को दी गई तहरीर में बताया कि सोमवार को दोपहर लगभग तीन बजे वह अपने घर से नजीबाबाद छोटे ट्रैक्टर से आ रहे थे तभी अचानक श्रावनपुर नहर के पास लगभग 12 लोग व्यक्ति जो चार मोटरसाइकिलों पर सवार थे। लाठी डंडों से उन पर हमला कर दिया।

# अघोषित विद्युत कटौती से लोग परेशान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** भीषण गर्मी में अघोषित विद्युत कटौती के चलते लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दिन में तीन से चार घंटे विद्युत कटौती के बावजूद अघोषित बिजली कटौती ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है।

भीषण गर्मी का कहर शुरु होते ही विद्युत निगम ने भी बिजली की अघोषित कटौती चालू कर दी है। शुरुआत में तो सवेरे पांच बजे से आठ बजे तक और शाम में तीन से चार बजे तक कटौती की जा रही थी। लेकिन जैसे जैसे गर्मी ने लोगों को तपाना शुरु किया, वैसे ही निगम ने भी अघोषित कटौती करना आरंभ कर दिया है। हाल यह है कि आठ घंटे से अधिक की बिजली कटौती की जा रही है। जितने समय आपूर्ति चालू रहती है उसमें भी बार बार कट लगने से लोग परेशान आ चुके हैं। इस कारण लोगों के घरेलू विद्युत उपकरण भी फुंक रहे हैं। पूछे जाने पर निगम अधिकारियों के पास कोई संतोषजनक उत्तर तक नहीं है। वह बिजलीघर में ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने का ही राग अलाप रहे हैं। वहीं, बिजली कटौती के कारण लोगों के सामने पीने के पानी की समस्या खड़ी हो गई है। लोगों को पेयजल की आपूर्ति तक नहीं मिल रही है। लोगों का आरोप है कि बिजली गुल होने की स्थिति में पालिका की ओर से ट्यूबवैलों पर रखे जनरेटर नहीं चलाए जाते।

# फ्रंटल संगठनों के रिक्त पद जल्द भरे जाएंगे: अब्दुल्ला

**सहारनपुर।** संगठन सृजन अभियान की समीक्षा करने पहुंचे जिला संयोजक प्रदीप कंसल निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष अब्दुल्ला आरिफ ने संगठन सृजन के कार्यों को तेजी से आगे बढ़ाने पर जोर दिया। सांसद काजी इमरान मसूद से उनके आवास पर कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। दोनों जिला संयोजकों ने महानगर कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर एक महत्वपूर्ण बैठक में हिस्सा लिया।



कांग्रेस जिला अध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष वरुण शर्मा ने उनका स्वागत किया। बैठक में संगठन सृजन अभियान में तेजी लाने के लिए 3 जिला उपाध्यक्षों के नामों की घोषणा की गई और उन्हें संगठन से संबंधित प्रभार भी आवंटित किए गए। कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष नितिन शर्मा को संगठन प्रभारी, जिला उपाध्यक्ष वरुण शर्मा को प्रभारी प्रशासन इंचार्ज कंट्रोल रूम एवं जिला उपाध्यक्ष दुष्यंत राणा को फ्टंल संगठनों व विभागों का प्रभारी बनाया जाने की घोषणा करते हुए उन्हें पदभार सौंपा गया।




**देवबन्द।** एक पेड मां के नाम रोपित करती खंड शिक्षा अधिकारी नीलम तोमर **छाया: शाह टाइम्स**

# गर्भवती महिला की पति ने की धारदार हथियार से हत्या

## पति और ससुरालिये फरार, पुलिस तलाश में जुटी

**पश्चिमांचल दर्शन संवाददाता**

**सहारनपुर।** थाना मंडी क्षेत्र हुसैन बस्ती में अपनी पत्नी नगमा की हत्या उसके पति भूरा ने की। थाना नगर कोतवाली क्षेत्र पुल खुमरान बिजली के घर के सामने वाली गली की रहने वाली थी नगमा। परिजनों में मातम हो रहा है।



सहारनपुर थाना मंडी क्षेत्र हुसैन बस्ती में अपनी ससुराल में नगमा रहती थी। नगमा पुत्री बाबा निवासी पुल खुमरान बिजली घर के सामने वाली गली की निवासी है थाना कोतवाली नगर जहां उसके पति ने नगमा को बहुत बुरी तरीके से मार-पिटाई की सिर में भी धारदार हथियार से हमला किया। उसके बाद नगमा बुरी तरह घायल हो गई। घायल हालत में नगमा को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। नगमा का पति और पति के परिवार वाले घर से फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगमा गर्भवती भी थी। नगमा का पोस्टमार्टम किया गया। रिपोर्ट आने के बाद पता चलेगा कि चोट कहां-कहां आई है। नगमा के पति के परिजन फरार है। पूरी पूरे मामले की जांच कर रही है जिला अस्पताल में सीओ सिटी घटना की जानकारी लेने के लिए परिजनों के बयान लिए। परिजनों के बयान के आधार पर कार्यवाही की जा रही है। बताया जा रहा है की पति का नाम भूरा है जो बेहट अड्डे पर फलों की रेहड़ी लगता है। सहारनपुर पुलिस को मामले का संज्ञान लेते हुए आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही करनी चाहिए और नगमा और उसके परिवार को न्याय मिलना चाहिए। नगमा के परिजनों ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# घर में घुसा चोर जाग होने पर भागते समय घायल



**अफजलगढ़।** क्षेत्र के एक ग्राम में बीती रात एक चोर चोरी करने के इरादे से घर में घुस गया। परिजनों द्वारा जाग जाने पर चोर भागते हुए बिजली के तारों की चपेट में आकर घायल हो गए। सूचना पाकर पहुंची पुलिस में उसे सीएचसी में भर्ती कराया।

ग्राम मनोहरवाली में बीती रात एक चोर चोरी करने के इरादे से नाजिर हुसैन के घर में घुस गया। घर के सभी सदस्य सो रहे। तभी नाजिर हुसैन की पुत्रवधू की आहट से आंख खुल गई। चोर को देख उसने शोर मचा दिया। जाग जाने पर नाजिर हुसैन व परिजनों ने शोर सुनकर भाग रहे चोर का पीछा किया। वह सीढ़ियां चढ़ कर छत पर पहुंचकर चोर भागने लगा। चार-पांच छते आपस में मिली हुई थी। जैसे ही आखरी मुस्तफा की छत पर पहुंचकर कूदने का प्रयास किया, तो छत के पास बिजली के तारों में फंस कर घायल हो गया। शोर शराबा सुनकर ग्राम में हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान मौहम्मद उमर ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल चोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अफजलगढ़ में भर्ती कराया।

# मेडल जीतने वाली टीम का जोरदार स्वागत

**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश के वृंदावन में मां ज्वाला धाम के बैंकट हॉल में एक से तीन जून तक ओपन नेशनल ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया। चैम्पियनशिप में लगभग सात से आठ राज्यों के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें उत्तर प्रदेश की टीम में शामिल होकर जिला बिजनौर के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। जिसमें सब जूनियर कैटिगरी में दिव्यांशी पाल, हर्ष राजूत, अर्णव तोमर ने गोल्ड मेडल पर कब्जा किया। क्रेडिट कैटेगरी में राघव वर्मा, परीक्षा, सईदा, नवाज अली, प्रतीक, पार्थ चौधरी, तनु रानी ने सिल्वर मेडल पर कब्जा किया।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद देवबन्द (सहारनपुर)

संख्या:-203/न0पा0परि0दे0/2025-26 दिनांक:-10.06.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, देवबन्द, जनपद सहारनपुर की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा पालिका निधि/राज्यवित्त आयोग के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएं दिनांक 25.06.2025 को दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त कार्यो की निविदा रिकार्ड रूम कमरा न0 08 से क्रय कर इच्छुक फर्म को समस्त निविदा प्रपत्र दिनांक 25.06.2025 साय 3:00 बजे तक अपने-अपने रेट सीलबन्द बाक्स में डालने अनिवार्य होगे। निविदा पत्र के साथ 100/-रू0 के स्टाम्प पर नोटेरी सत्यापित स्व:घोषणा पत्र तथा धरोहर धनराशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक की एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0 अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, देवबन्द के नाम बंधक कराकर निविदा के साथ पालिका की शरायतो के अनुसार जमा करनी अनिवार्य होगी तथा न्यूनतम रेट प्राप्त निविदादाता को अनुबन्ध हेतु 100 रू0 का स्टाम्प कार्यादेश उपरान्त पालिका के गृहकर विभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद देवबन्द के समक्ष दिनांक 25.06.2025 को शाम 04:00 बजे उपस्थित फर्मो की उपस्थिती में खोली जायेगीं। अन्य संबन्धित शर्तो एंव जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवबन्द में देखी जा सकती है। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। कार्यो का विवरण एंव शर्ते निम्नानुसार है:-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वकर के अनुसार गृहकर, जलकल इत्यादि कार्य को प्रॉपर्टी टैक्स सॉफ्टवेयर तैयार करने एवं ऑनलाईन टैक्स लेने का प्रावधान व ऑनलाईन म्यूटेशन करने का कार्य। | 50,000/- | 500/- | 02 माह |
| 2. | डायनामिक वेबसाईट डिजाईनिंग का कार्य। | 50,000/- | 500/- | 02 माह |

**-:नियम व शर्ते:-**

1. फर्म किसी भी राज्य की काली सूची में नही होनी चाहिए।
2. निविदा के साथ धरोहर धनराशि एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 के रूप में जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवबन्द के नाम बन्धक कराकर जमा करना अनिवार्य है बिना धरोहर राशि के निविदा अवैध मानी जायेगी व सशर्त निविदा पर विचार नही किया जायेगा।
3. प्रत्येक निविदा के साथ फर्म के जी0एस0टी0 सर्टिफिकेट संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा फर्म का आई0एस0ओ0 प्रमाणित होना चाहिए।
5. फर्म को सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट का कम से कम दस वर्ष का अनुभव होना चाहिए एवं दस नगर पालिकाओं में कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। फर्म को किसी अन्य सरकारी विभागो में भी कार्य करने का अनुभव होना चाहिए। सम्बन्धित दस्तावेजो को निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगी।
6. प्रोपर्टी टैक्स सॉफ्टवेयर को क्लाउड सर्वर पर टैक्स डाटा सहित अपलोड करना एवं कार्यालय के कर्मचारियों को 02 माह की विस्तृत ट्रेनिंग देना सुनिश्चित करना होगा। जिस हेतु 10 रूपये स्टाम्प पेपर लिखकर देना होगा।
7. स्वीकृत निविदादाता को अपने स्वयं के व्यय पर नियमानुसार स्टाम्प पेपर पर अनुरोध करना अनिवार्य होगा।
8. फर्म/निविदादाता को निविदा प्रपत्र में कार्य की लागत स्वयं भरकर देनी होगी। प्रत्येक कार्य की न्यूनतम लागत की निविदा को स्वीकृत करने पर विचार किया जायेगा।
9. फर्म को कार्य के सम्पादन के उपरान्त ही भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। किसी भी प्रकार का कोई अग्रिम भुगतान देय नही होगा।
10. उक्त के अतिरिक्त फर्म/निविदादाता को निकाय के सक्षम अधिकारी का निर्णय मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, देवबन्द**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, देवबन्द**


# लोहे के बाट तराजू पर नहीं लगती मोहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में कुछ व्यापारियों द्वारा लोहे के बाट तराजू (वजन मापने के उपकरण) पर सत्यापन की मोहर नहीं लगवाई जा रही है, जिससे ग्राहक ठगे जा रहे हैं।



मोहर न लगने के कारण कई दुकानदार कम तौल कर ग्राहकों को सामान दे रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वजन और माप विभाग की अनदेखी के चलते ये गड़बड़ी खुलेआम जारी है। नियमानुसार प्रत्येक तराजू और बाट का हर वर्ष सत्यापन कराना अनिवार्य होता है, जिस पर सरकारी मोहर लगाई जाती है लेकिन नगर के कई व्यापारियों ने इस नियम की अनदेखी कर तराजुओं को बिना मोहर के ही उपयोग में ले रखा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पर सख्त कार्रवाई की जाए ताकि ग्राहकों को न्याय मिल सके और उन्हें सही तौल पर वस्तुएं प्राप्त हों। वजन माप विभाग को जल्द से जल्द नगर में निरीक्षण कर दोषी व्यापारियों पर जुर्माना लगा कर चेतावनी देनी चाहिए। यदि संबंधित विभाग इस पर ध्यान दे तो नगर हुए क्षेत्र में सभी छोटे व्यापारी से लेकर बड़े व्यापारी तक के पास बिना मोहर लगे बाट और तराजू उपलब्ध मिलेंगे। पहले हर वर्ष कभी नगर पालिका परिषद में तो कभी अन्य जगहों पर सरकार की ओर से विभागीय अधिकारी आकर बाट तराजू पर मोहर लगाया करते थे और पूरे नगर के अंदर घूम कर एनाउंसमेंट हुआ करता था कि सभी लोग अपने बाट तराजू पर मोहर लगवा ले।

ग्राहक अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है और कम माल लेकर महंगे दामों में जा रहा है, उस पर महंगाई की डबल मार पड़ रही है जो बहुत ही चिंता का विषय बना हुआ है। छोटे दुकानदार ठेले वाले इसका पूरा लाभ उठा रहे हैं।

## डब्ल्यूटीसी के फाइनल में रोमांचक होगी

# दक्षिण अफ्रीका-ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत

### दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है



**लंदन, वार्ता।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) में दक्षिण अफ्रीकी टीम 2023-2025 का खिताब जीतने के लिए बुधवार से शुरू होने वाले फाइनल मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैदान में उतरेगी।

वहीं ऑस्ट्रेलिया का अजेय प्रदर्शन उसे खिताब का प्रबल दावेदार बनाता है। इसे देखते हुए दोनों टीमों के बीच रोमांचक भिड़ंत होने की उम्मीद है। दक्षिणी अफ्रीका क्रिकेट टीम ने डब्ल्यूटीसी में 2019-2021 में पांचवें और 2021-2023 में तीसरे स्थान पर रहने के बाद इस बार फाइनल में अपनी जगह बनाई है। टेस्ट क्रिकेट की दो सबसे बेहतरीन फॉर्म में चल रही टीमों के बीच कल से शुरु होने वाला फाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक होने वाला है। दक्षिण अफ्रीका की टीम लगातार पांच टेस्ट जीतने के बाद लंदन पहुंची है, जिसमें इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान पर 10 विकेट से मिली शानदार जीत भी शामिल है। तेज गेंदबाज एनरिक नोर्किया की अनुपस्थिति के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के पास तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा, मार्को जेनसन और स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में एक मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है। वहीं बल्लेबाजी क्रम की बात की जाये तो कप्तान टेम्बा बावुमा ने पूरे मैचों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज डेविड बेडिंघम और रयान रिकेल्टन का इंग्लिश परिस्थितियों में शानदार प्रदर्शन रहा। संभावित एकादश ट्रिस्टन स्टब्स जैसे युवा और वियान मुल्डर जैसे ऑलराउंडर भी शामिल हैं, जोकि टीम के बेहतर संतुलन को दिखाता हैं। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया पिछले छह टेस्ट में अजेय रहने के कारण खिताब की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। पैट कमिंस की अगुआई वाली टीम अनुभव और गहराई से भरपूर है। कमिंस, मिशेल स्टार्क और जॉश हेजलवुड की तेज गेंदबाजी तिकड़ी को ऑफ स्पिनर नाथन लियोन और ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर संजयोजन किसी भी विपक्षी टीम पर भारी पड़ सकता है। अपने करियर के अंतिम पड़ाव पर स्थित अनुभवी उस्मान ख्वाजा और स्टीव स्मिथ बल्लेबाजी में लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लैबुशेन मध्यक्रम को मजबूती प्रदान करते हैं। कुल मिलाकर ऑस्ट्रेलिया विश्व कप चैंपियनशिप जीतने की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि लॉर्ड्स की उछाल भरी पिच धीरे-धीरे मैच के आगे बढ़ने पर बल्लेबाजों के लिए मददगार साबित हो सकती है। पहली पारी में 400 के आसपास का स्कोर की उम्मीद है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार पहले दिन बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश होने का भी अनुमान है, लेकिन शेष दिन शुष्क रहने के आसार है। दोनों टीमें टॉस जीतने पर पहले बल्लेबाजी करने का विकल्प चुनेंगी, जिसका लक्ष्य मैच में बाद में होने वाली बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों का अधिकतम लाभ उठाना होगा।



# आईसीसी के हॉल ऑफ फेम में शामिल महेन्द्र सिंह धोनी



**ये उपलब्धि पाने वाले 11वें भारतीय बने, सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए बोले-मेरे लिए गर्व की बात**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने हाल ऑफ फेम में शामिल किया है। सोमवार को आईसीसी ने इसकी घोषणा की। धोनी यह सम्मान पाने वाले 11वें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। आईसीसी ने धोनी के करियर को लेकर कहा, ष17,266 इंटरनेशनल रन, 829 शिकार और 538 मैच, ये आंकड़े सिर्फ उनकी प्रतिभा ही नहीं, बल्कि उनकी निरंतरता, फिटनेस और लंबे करियर का प्रमाण हैं।

वहीं, धोनी ने इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ष्आईसीसी हाल ऑफ फेम में नाम आना एक बहुत बड़ा सम्मान है। दुनियाभर के दिग्गज खिलाड़ियों की सूची में अपना नाम देखना मेरे लिए गर्व की बात है। यह पल मैं हमेशा संजोकर रखूंगा। आईसीसी की ओर से हाल ऑफ फेम 2025 की लिस्ट में कुल 7 खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। इनमें 5 पुरुष और 2 महिला खिलाड़ी हैं।

पुरुष खिलाड़ियों में दक्षिण अफीका के हाशिम अमला, भारत के महेंद्र सिंह धोनी, ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफीका के ग्रीम स्मिथ और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी शामिल हैं। वहीं, महिला क्रिकेटरों में पाकिस्तान की सना मीर और इंग्लैंड की सारा टेलर को यह सम्मान मिला है। आईसीसी ने बताया कि 2007 में जब भारत वनडे वर्ल्ड कप में जल्दी बाहर हो गया था, तब मुश्किल परिस्थिति में टी-20 वर्ल्ड कप के लिए धोनी को कप्तान बनाया गया। उस युवा टीम में रोहित शर्मा, आरपी सिंह, दिनेश कार्तिक और राबिन उथप्पा जैसे नए चेहरे थे। धोनी ने इन खिलाड़ियों के साथ ऐसा आत्मविश्वास दिखाया कि भारत ने फाइनल में पाकिस्तान को हराकर खिताब जीता। आईसीसी चेयरमैन जय शाह ने कहा कि हाल ऑफ फेम के जरिए हम उन खिलाड़ियों को सम्मान देते हैं जिन्होंने शानदार खेल दिखाकर क्रिकेट को खास बनाया और नई पीढ़ियों को प्रेरित किया।

जय शाह ने कहा, ष्इस साल हमें 7 बेहतरीन खिलाड़ियों को आईसीसी हाल ऑफ फेम में शामिल करने का मौका मिला है। मैं आईसीसी की तरफ से सभी को दिल से बधाई देता हूं। उम्मीद है यह सम्मान उनके लिए एक यादगार पल होगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### तेम्बा बावुमा ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान टेम्बा बावुमा ने मंगलवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बुधवार से शुरू होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी है। यहां मीडिया के समक्ष एकादश के चयन को लेकर बावुमा ने कहा है कि मुल्डर काफी युवा हैं, लेकिन मुझे लगता है कि मुल्डर के साथ खेलने, उन्हें देखने और पिछले दो वर्षों में लाल गेंद के प्रारूप में उनके प्रदर्शन को देखकर मुझे लगता है कि उनका एकादश में होना टीम के लिए मजबूती प्रदान करेगा। यह उनके आत्मविश्वास को बढायेगा, उसका समर्थन करते रहने और उसे वह करने देने के बारे में है जो वह सबसे अच्छा करता है। दबाव की स्थिति में खेलना उसके पास मौका है।

उन्होंने कहा कि केशव महाराज एकमात्र पूर्णकालिक स्पिनर हैं। वह इस गेंदबाजी लाइन-अप में लुंगी एनगिडी के साथ कैगिसो रबाडा, मार्को जेनसन भी शामिल हैं। पाकिस्तान के खिलाफ शानदार फॉर्म में रहे डेन पैटरसन (पैटो) भी एकादश में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि लुंगी का रिकॉर्ड भी बेहतर है वह पैटो से कुछ भी कम नहीं है। उसके पास अनुभव है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए दक्षिण अफ्रीका की एकादश इस प्रकार है:- एडन मारक्रम, रयान रिकेल्टन, वियान मुल्डर, टेम्बा बावुमा (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, डेविड बेडिंघम, काइल वेरिन (विकेट कीपर), मार्को जेनसन, केशव महाराज, कैगिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी।

### ऑस्ट्रेलिया ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए एकादश घोषित की

**लंदन, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मंगलवार को लॉर्ड्स में बुधवार से शुरु होने वाली आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अपनी एकादश की घोषणा कर दी। यहां ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने मीडिया के समक्ष अपनी एकादश की घोषणा की। टीम में पूर्व नंबर वन रैंक वाले टेस्ट बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन के साथ उस्मान ख्वाजा सलामी जोड़ी के रूप में मैदान में उतरेंगी। गेंदबाजी में जॉश हेजलवुड को बाएं हाथ के गेंदबाज मिशेल स्टार्क और कलमस के साथ एकादश में जगह दी गयी है। वहीं ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन पीठ की सर्जरी से उबरने के बाद अपना पहला टेस्ट खेलेंगे। ब्यू वेबस्टर ने एकादश में अपना स्थान बरकरार रखा है उसे मध्यम गति गेंदबाज के रूप में और स्पिनर के विकल्प के तौर पर टीम में रखा गया है। दक्षिण अफ्रीका के साथ कल से शुरु हो रहे डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए ऑस्ट्रेलिया एकादश इस प्रकार है:- उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, कैमरून ग्रीन, स्टीव स्मिथ, ट्रैविस हेड, ब्यू वेबस्टर, एलेक्स कैरी (विकेट कीपर), पैट कमिंस (कप्तान), मिशेल स्टार्क, नाथन लियोन और जॉश हेजलवुड।

# हॉकी इंडिया ने जर्मनी में चार देशों कें टूर्नामेंट के लिए जूनियर पुरुष टीम की घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को जर्मनी की मेजबानी में 21 से 25 जून तक होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। बर्लिन में होने इस टूर्नामेंट में भारत, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और मेजबान जर्मनी की टीमें शामिल है। प्रत्येक टीम एक राउंड-रॉबिन पूल चरण में एक दूसरे के खिलाफ खेलेगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमों की फाइनल में भिड़ंत होंगी तथा तीसरे और चौथे स्थान के लिए मैच खेला जायेगा। यह टूर्नामेंट इस वर्ष के आखिर में चेन्नई और मदुरै में 28 नवंबर से 10 दिसंबर के बीच होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप 2025 से पहले भारतीय खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण तैयारी मंच के रूप में काम करेगा। भारतीय टीम की अगुवाई तेजतर्रार फॉरवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल करेंगे। टीम के उप कप्तान की जिम्मेदारी अनुभवी डिफेंडर आमिर अली पर होगी। गोलकीपिंग विभाग की कमान बिक्रमजीत सिंह और विवेक लाकड़ा संभालेंगे। रक्षापंक्ति में, आमिर अली के साथ तालिम प्रियोबर्ता, शारदानंद तिवारी, सुनील पी बी, अनमोल एक्का, रोहित, रवनीत सिंह और सुखविंदर शामिल हैं। मिडफील्ड में, अंकित पाल, मनमीत सिंह, रोसन कुजूर, रोहित कुल्लू, थोकचोम किंग्सन सिंह, थौनाओजम इंगलेंबा लुवांग, अद्रोहित एक्का और जीतपाल है।

# टेस्ट डेब्यू के लिए तैयार अर्शदीप सिंह

**■ टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे, जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके आएगा निखार**

**केंट, वार्ता।** भारतीय टीम के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह केंट पहुंच गए हैं। उन्होंने यहीं काउंटी क्रिकेट खेला था। अब वह टेस्ट सीरीज से पहले लय हासिल करने की कोशिश करेंगे। बता दें कि, इंग्लैंड के खिलाफ 20 जून से शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम पहुंच चुकी है।

शुभमन गिल के नेतृत्व में भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। 26 वर्षीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भारतीय टीम में चुना गया है और उनकी नजरें पहला टेस्ट खेलने पर लगी होंगी। भारतीय टीम 13 जून से भारत ए के खिलाफ केंट में चार दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगी। सीमित ओवरों के प्रारूप में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले अर्शदीप दो साल पहले केंट के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेल चुके हैं। उन्होंने इस साल आईपीएल में उपविजेता पंजाब किंग्स के लिए भी शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने बीसीसीआई टीवी से कहा- आज के अभ्यास सत्र में मेरा लक्ष्य लय हासिल करना ही था। हम लगातार सफेद गेंद का प्रारूप खेल रहे थे तो अब लाल गेंद से खेलकर अच्छा लगा। आगे हम और बेहतर होते जायेंगे और बल्लेबाजों के लिए गेंद को खेलना आसान नहीं होगा। अर्शदीप ने आगे कहा कि गेंदबाजी में मजा आया। हम अभ्यास के लिए खेल रहे थे लेकिन पूरी तरह से प्रतिस्पर्धी भाव के साथ। इससे और भी मजा आया। हमने पुख्ता रणनीति बनाकर उन्हें आउट करने की कोशिश की। साइ (सुदर्शन) पहली बार टीम से जुड़ा है और शानदार फार्म में भी है।

हमने उसे आउट करने की काफी कोशिश की। इस दौरान अर्शदीप ने कहा कि वह जसप्रीत बुमराह के साथ गेंदबाजी करके अपने कौशल को निखारने की कोशिश करेंगे। उन्होंने कहा कि जब भी मैं गेंद पकड़ता हूं तो मुझे लगता है कि मैं सर्वश्रेष्ठ हूं। लेकिन सभी को पता है कि जब आपके गेंदबाजी आक्रमण में जसप्रीत बुमराह हैं तो तुलना जैसा शब्द तो हो ही नहीं सकता। फोकस इसी पर है कि हम अपने खेल में कैसे निखार लायें और एक दूसरे की, टीम की मदद कैसे करें। भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाएगी। इस सीरीज का पहला टेस्ट 20 जून से लीड्स में खेला जाएगा।

वहीं, दूसरा टेस्ट दो जुलाई से बर्मिंघम में खेला जाएगा। तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लाड्र्स में खेला जाएगा, जबकि चौथा टेस्ट मैनचेस्टर में 23 जुलाई से खेला जाएगा। पांचवां टेस्ट 31 जुलाई से लंदन के ओवल में खेला जाएगा। इस सीरीज के साथ ही भारत के नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र (2025-27) की शुरुआत भी हो जाएगी।

**इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम**

**शुभमन गिल** (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।

## पीएम ने खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख को किया साझा

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया के सोशल मीडिया पर पोस्ट किये गये पिछले 11 वर्षों में देश में खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाला एक लेख साझा किया। श्री मोदी ने आज पिछले 11 वर्षों में भारत के खेल बुनियादी ढांचे के विस्तार पर प्रकाश डालने वाले लेख साझा करते हुए कहा कि यह परिवर्तन भारत को वैश्विक खेल महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर करता है। डॉ. मांडविया द्वारा सोशल मीडिया मंच एक्स पर किए पोस्ट के जवाब में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि केंद्रीय मंत्री श्री मनसुख मांडविया ने इस बात पर प्रकाश डाला है।

# तनुष कोटियान-अंशुल काम्बोज के नाबाद अर्द्धशतक, मुकाबला रहा ड्रा

**नार्थम्पटन, वार्ता।** तनुष कोटियान (नाबाद 90) और अंशुल काम्बोज (नाबाद 51/ दो विकेट) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत इंडिया ए और इंग्लैंड लायंस के बीच खेला गया दूसरा अनौपचारिक टेस्ट चौथे दिन ड्रा रहा। कोटियान और काम्बोज की जोड़ी ने इंग्लैंड लायंस के गेंदबाजों की खूब परीक्षा ली और की आठवें विकेट के लिए 149 रनों की अविजित साझेदारी कर इंडिया ए के लिए 92 ओवर में सात विकेट पर 417 के स्कोर पर पारी घोषित कर दी।

इंग्लैंड लायंस को जीत के लिए 439 रनों का लक्ष्य मिला। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड लायंस की शुरुआत खराब रही और उसने एक के बाद एक 26 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। टॉम होंज (सात), एमिलियो गे (पांच) और जार्डन क्रॉक्स (शून्य) पर आउट हुये। इंग्लैंड के 11 ओवर में तीन विकेट पर 32 रन बनाए जाने के बाद मैच को ड्रा घोषित कर दिया गया। अंशुल काम्बोज ने दो विकेट लिए और तुषार देशपांडे ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंडिया ए ने कल के चार विकेट पर 163 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। इंडिया ए का पांचवां विकेट ध्रुव जुरेल (28) के रूप में गिरा। इसके बाद नीतीश कुमार रेढी (42), शार्दुल ठाकुर (34) रन बनाकर आउट हुये। रेढी और ठाकुर को जॉर्ज हिल ने बोल्ड किया। इंडिया ए ने 92 ओवर में सात विकेट पर 417 रन बनाने के बाद पारी घोषित कर दी। तनुष कोटियान (90) और अंशुल काम्बोज (51) रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड लायंस की ओर से जॉर्ज हिल ने तीन विकेट लिए। क्रिस वोक्स और एडवर्ड जैक को दो-दो विकेट मिले। इससे पहले इंडिया ने पहली पारी में 348 रन और इंग्लैंड लायंस ने पहली पारी में 327 रन बनाए थे।

## राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ को दुर्भाग्यपूर्ण करार दिया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बेंगलुरु भगदड़ हादसे पर दुख जताया और इसे दुर्भाग्यपूर्ण घटना करार दिया। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को मिली खिताबी जीत के जश्न के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी, जिसमें 11 लोगों की मौत हुई थी और 50 से अधिक लोग घायल हो गए थे। आरसीबी ने आईपीएल 2025 के फाइनल में पंजाब किंग्स को हराकर 18 साल का खिताबी सूखा समाप्त किया था और पहली बार इस टूर्नामेंट को जीता था। आईपीएल टीम राजस्थान रायल्स के कोच द्रविड़ ने कहा कि शहर की खेल संस्कृति को देखते हुए यह घटना और भी दर्दनाक है। भारत के पूर्व कोच और कप्तान द्रविड़ ने एक चौनल से कहा, यह काफी निराशाजनक है।

# निकोलस पूरन ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**त्रिनिदाद, वार्ता।** वेस्टइंडीज टीम के बांये हाथ के तूफानी बल्लेबाज एवं पूर्व कप्तान निकोलस पूरन ने महज 29 वर्ष की उम्र में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। पूरन ने सोमवार को सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में कहा कि बहुत सोच-विचार और चिंतन के बाद मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का निर्णय लिया है। जिस खेल से हम प्यार करते हैं, उसने हमें बहुत कुछ दिया है और देता रहेगा। इसके साथ खुशी, उद्देश्य और वेस्टइंडीज के लोगों का प्रतिनिधित्व करने की यादें है। मैरून रंग पहनना, राष्ट्रगान के लिए खड़ा होना और हर बार मैदान पर कदम रखते ही अपना सबकुछ देना शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता है।

**■ कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है, जिसे मैं हमेशा दिल के करीब रखूंगा**

कप्तान के रूप में टीम का नेतृत्व करना एक ऐसा सम्मान है जिसे मैं हमेशा अपने दिल के करीब रखूंगा। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों को अटूट प्यार के लिए धन्यवाद। आपने मुश्किल समय में मेरा साथ दिया और अच्छे पलों का बेजोड़ जुनून के साथ जश्न मनाया। मेरे परिवार, दोस्तों और साथियों को, मेरे साथ इस सफर पर चलने के लिए धन्यवाद। आपके विश्वास और समर्थन ने मुझे इस सब से ऊपर उठाया। भले ही मेरे करियर का यह अंतर्राष्ट्रीय अध्याय बंद हो गया हो, लेकिन वेस्टइंडीज़ क्रिकेट के लिए मेरा प्यार कभी कम नहीं होगा। मैं टीम की सफलता के अलावा कुछ नहीं चाहता। पूरन ने 167 बार वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व किया, जिसमें एकदिवसीय मैचों में 99-15 की स्ट्राइक रेट से 39-66 की औसत से 1983 रन बनाए और 136-39 की स्ट्राइक रेट से 2275 टी20 रन बनाए, जो वेस्टइंडीज के किसी खिलाड़ी का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। पूरन ने 2016 में पाकिस्तान के खिलाफ यूएई में अंतर्राष्ट्रीय टी-20 पर्दापण किया था, इसके ठीक तीन साल बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय क्रिकेट में शुरुआत की थी। वर्ष 2018 में उन्होंने वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया और बाएं हाथ के इस खिलाड़ी को वेस्टइंडीज क्रिकेट विश्व कप 2019 टीम में शामिल किया गया। उन्हें वर्ष 2022 में वेस्टइंडीज का सफेद गेंद कप्तान नियुक्त किया गया था लेकिन उसी साल ऑस्ट्रेलिया में खेले गए टी-20 विश्वकप में विंडीज के लचर प्रदर्शन के बाद उन्होंने कप्तानी छोड़ दी।

# अर्जेंटीना के खिलाफ खेलने को तैयार: हरमनप्रीत

### टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छे प्रदर्शन का भरोसा है



**एम्स्टर्डम, वार्ता।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय लीग की शुरुआत में नीदरलैंड से मिली हार को भूलकार अर्जेंटीना के खिलाफ चुनौती का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

आगामी मैचों से पहले भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि हम अर्जेंटीना के खिलाफ होने वाले मैचों में आने वाली चुनौतियों से वाकिफ हैं। टीम हर दिन कड़ा अभ्यास कर रही है और हमें अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है। अर्जेंटीना एक मजबूत टीम है और इस स्तर पर कोई भी मैच आसान नहीं होता। हरमनप्रीत ने कहा कि हम किसी भी परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार हैं। हमने इस टूर्नामेंट के लिए अच्छी तैयारी की है और लीड-अप में विभिन्न संयोजनों और रणनीतियों को आजमाया है। हमें अर्जेंटीना के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने का भरोसा है। उन्होंने कहा कि टीम का अर्जेंटीना के खिलाफ अच्छा ट्रैक रिकॉर्ड रहा है, लेकिन हम किसी भी चीज़ को हल्के में नहीं ले रहे हैं। वे परिणाम अतीत की बात हैं। हमें विश्वकप क्वालीफिकेशन के लिए वर्तमान में अच्छे प्रदर्शन करने की जरुरत है। टीम कड़ा अभ्यास कर रही है और कोचिंग स्टाफ हमें बहुत प्रोत्साहित कर रहा है। मुझे भरोसा है कि हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे। उल्लेखनीय है कि हाल के वर्षों में दोनों टीमों के बीच हुई भिड़त में अर्जेंटीना के खिलाफ भारत का रिकॉर्ड अच्छा रहा है। पेरिस 2024 ओलंपिक में दोनों टीमों के बीच खेला गया रोमांचक ड्रॉ रहा था। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में भारत ने अर्जेंटीना को दो बार हराया। भारत को दूसरी जीत शूटआउट में मिली थी।

## पैराग्वे के पास ब्राजील के खिलाफ खोने के लिए कुछ नहीं है: अल्फारो

**साओ पाउलो, वार्ता।** पैराग्वे के मैनेजर गुस्तावो अल्फारो ने कहा है कि उनकी टीम ब्राजील के खिलाफ अपने महत्वपूर्ण विश्वकप क्वालीफायर मुकाबले में इस विश्वास के साथ उतरेगी कि खेल के सबसे बड़े मंच 'विश्वकप' में जगह बनाना उसकी पहुंच में है और उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। साओ पाउलो के कोरिंथियंस एरिना में मंगलवार को होने वाले क्वालीफायर मुकाबले से पहले अल्फारो ने कहा कि यह ऐसा मैच हैं जिनमें हमारे पास जीतने के लिए सब कुछ है और हारने के लिए कुछ भी नहीं है। उन्होंने कहा कि ब्राजील हमेशा एक मुश्किल प्रतिद्वंद्वी रहा है, लेकिन साथ ही हम जानते हैं कि अगर हम जीतते हैं तो हम वह हासिल कर सकते हैं जिसके लिए हम प्रयासरत रहे हैं। यह एक ऐसा सपना है जो 15 वर्षों से पूरा नहीं हुआ है।

# यॉर्कशायर के लिए खेलेंगे गायकवाड़



**लंदन, वार्ता।** राणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रहे रुतुराज गायकवाड़ काउंटी क्लब यॉर्कशायर के लिए क्रिकेट खेलेंगे। ऋतुराज गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने के लिए अनुबंध किया है।

वह सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह और चेतेश्वर पुजारा के बाद चौथे भारतीय बल्लेबाज है जो कि यॉर्कशायर की ओर से काउंटी खेलने वाले है। ऋतुराज जुलाई में सरे के खिलाफ रोथसे काउंटी चैम्पियनशिप से पहले यॉर्कशायर टीम से जुड़ेंगे। 28 वर्षीय गायकवाड़ ने भारत के लिए छह एकदिवसीय और 23 टी-20 मैच खेले हैं और वर्तमान में इंग्लैंड का दौरा करने वाली भारत ए टीम का हिस्सा हैं। उनका प्रथम श्रेणी क्रिकेट में औसत 41-77 है, जिसमें सात शतक शामिल हैं। लिस्ट ए क्रिकेट में 16 शतकों के साथ उनका औसत 56-15 रहा है। गायकवाड़ ने यॉर्कशायर के साथ खेलने को लेकर कहा कि मैं इंग्लैंड के बाकी घरेलू सत्र के लिए यॉर्कशायर के साथ जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं। इस देश में क्रिकेट का अनुभव करना हमेशा से मेरा लक्ष्य रहा है और इंग्लैंड में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब नहीं है। मुझे पता है कि मैं सत्र के महत्वपूर्ण हिस्से में शानदार प्रदर्शन करना है।

# ऋण देने में कोताही न बरतें बैंक: मनीष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि बैंक शासकीय योजनाओं में ऋण देने में कोई ढिलाई न बरतें। उन्होंने जनपद के कम सीडी रेशियो वाले बैंकों पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सीडी रेशियो बढ़ाने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी श्री बंसल आज कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी बैठक में सभी बैंक सीडी राशियों बढ़ाने की कार्ययोजना के साथ उपस्थित हों। उन्होंने निर्देशित किया कि बैंक शासकीय योजनाओं में ऋण देने में लापरवाही न बरतें। उन्होने कहा कि सभी बैंक के प्रति. निधि पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में आएं। उन्होंने सभी बैंक प्रतिनिधियों



को निर्देश दिए कि सभी लम्बित प्रकरणों को निस्तारित करने हेतु माह की 15 तारीख या 15 की छुट्टी होने पर अगले दिवस में एक ही स्थान पर बैंक के सक्षम अधिकारी, संबंधित विभाग एवं लाभार्थी उपस्थित होंगे। उन्होंने कहा कि सभी बैंक सकारात्मकता से कार्य कर परिणाम देने वाले बनें। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंकों द्वारा दिये गये छोटे-छोटे ऋण से ही आमजन की आर्थिक समृद्धि आएगी जिससे हम अपने आर्थिक उन्नति के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शासन की मंशा के अनुरूप लाभार्थियों को दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से आमजन को जागरूक कर योजनाओं का लाभ बताते हुए आच्छादित किया जाए। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अधिक से अधिक प्रचार प्रसार हेतु वित्तीय साक्षरता शिविर लगाए जाएं। कृषि अवसंरचना निधि योजना की जानकारी विभिन्न माध्यमों से कृषकों को दी जाए। सभी बैंकों को अपने वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्यों की जानकारी हो। एलडीएम कृ शानु दास ने जिलाधिकारी को आश्वस्त किया कि आपके द्वारा दिए गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सभी बैंकों द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा।

# जनसेवा को प्रतिबद्ध निगमः डा. अजय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मेयर डा.अजय सिंह ने कहा कि नगर निगम जनसेवा के कार्यो के लिये निरंतर प्रतिबद्ध है।

मेयर डा.अजय ने यह बात वार्ड 27 में यूथ एंपावरमेंट समिति के सहयोग से लगे स्वास्थ्य एवं आयुष्मान कार्ड शिविर के उदघाटन मौके पर कही। उन्होंने कहा कि भविष्य में नगर निगम से जुड़े गांवों और अन्य शहरी क्षेत्रों में इस तरह के और भी शिविरों का आयोजन किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। नगर निगम जनसेवा के कार्यों के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। शिविर में पार्षद वीर सिंह सिद्धू का सक्रिय योगदान रहा।

इस दौरान लगभग 150 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। इसके अतिरिक्त 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के नागरिकों के 30 आयुष्मान कार्ड तथा अन्य पात्र लाभार्थियों के 40 कार्ड मौके पर ही बनाए गए।

# रंग ला रहे विधायक आशु मलिक के प्रयास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** सपा देहात विधायक आशु मलिक द्वारा किये जा रहे प्रयास रंग ला रहे है। बिजली अफसरों ने आज फिर निगम में शामिल 32 गांव व आउटर कालो. नियों का निरीक्षण किया।

बिजली विभाग के अधिकारियों को परवेज मलिक, मोहसिन मलिक जिला उपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी, हैदर मुखिया, महफूज देवली, यावर मुखिया, आसिफ प्रधान, अनस अंसारी, अतीक अहमद, इस्लाम देव. बंदी आदि ने रमजानपुरा, जामिया नगर, दानिश कॉलोनी, गणपंती विहार आदि कॉलोनियो का निरीक्षण कराया। बिजली अफसरों ने कहा कि



जल्दी एस्टीमेट बनाकर जर्जर तार और पोल लगाकर समस्या का समाधान किया जाएगा। कॉलोनी वासियो का कहना था कि विधायक आशु मलिक लगातार गरीब मलीन बस्तियों को लेकर फिक्रमंद है हमारा सौभाग्य है हमको विकास पुरुष विधायक मिले। आज तक किसी भी जनप्रतिनिधि ने इतना विकास कार्य नहीं करवाया।

## किसानों ने भ्रष्टाचार पर जताई चिंता

**गंगोह।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की ब्लॉक इकाई की खंड विकास कार्यालय पर हुई मासिक बैठक में ब्लाक कार्यालय में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार पर चिंता जताई गई और हरिद्वार चिंतन शिविर के बाद बीडीओ कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना देने का निर्णय लिया गया।

चौधरी शरीफ अहमद की अध्यक्षता में हुई बैठक का संचालन दीपक चौधरी ने किया। हाजी तहसीन सहित भाकियू कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक कार्यालय में भारी भ्रष्टाचार पर अपना विरोध जताते हुए नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और खंड विकास अधिकारी को एक ज्ञापन देते हुए बीडीओ को चेतावनी दी कि सुधार न होने पर हरिद्वार से लौटकर 18 जून के बाद अनिश्चित कालीन धरना दिया जाएगा।

# भीषण गर्मी में बिजली कट से कस्बेवासी परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** भीषण गर्मी की मार झेल रहे छुटमलपुर क्षेत्र के निवासियों के लिए बिजली कटौती किसी दुखद सजा से कम नहीं। सूरज की तपिश और उमस ने जहां लोगों का हाल बेहाल कर रखा है, वहीं विद्युत विभाग की 4 से 6 घंटे की अघोषित कटौती आग में घी डालने का काम कर रही है। दिन हो या रात, बिजली की आंख-मिचौली ने न केवल घरों को तंदूर बना दिया है, बल्कि लोगों की नींद और स्वास्थ्य पर भी भारी असर डाला है।

छुटमलपुर नगर और आसपास के ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। हालात यह हैं कि 24 घंटे में मुश्किल से 18 घंटे ही बिजली उपलब्ध हो पा रही है। दिन के समय अचानक होने वाली कटौती से जहां लोग गर्मी में तड़प रहे हैं, वहीं शाम ढलते ही देहात क्षेत्रों में अंधेरा छा जाता है। रात में भी बिजली की अनियमित आपूर्ति ने निवासियों की नींद हराम कर दी है. स्थानीय निवासी रमेश कुमार का कहना है, "गर्मी पहले ही जान ले रही है, और बिजली की कटौती ने हालात और बदतर कर दिए। बच्चे रात में गर्मी और मच्छरों से परेशान होकर रोते हैं, लेकिन बिजली विभाग को कोई फर्क नहीं पड़ता। बिजली कटौती का असर केवल गर्मी तक सीमित नहीं है। घरों और दुकानों में पंखे, कूलर, फ्रिज, और एयर कंडीशनर बेकार पड़े हैं, जो अब महज शोपीस बनकर रह गए हैं। मच्छरों का प्रकोप बढ़ने से लोग बीमा. रियों की चपेट में आ रहे हैं। इसके अलावा, बार-बार बिजली गुल होने से नल-जल योजना भी प्रभावित हो रही है। लोगों को पीने के पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। एक गृहिणी, शांति देवी, ने बताया, पानी के लिए नल का इंतजार करते-करते दिन का आधा समय निकल जाता है। गर्मी में बिना पानी और बिजली के गुजारा कैसे हो? बिजली कटौती के साथ-साथ लो वोल्टेज की समस्या ने भी लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। कम वोल्टेज के कारण कूलर और पंखे काम करना बंद कर देते हैं, जिससे छोटे बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। क्षेत्र में बिजली कब आएगी और कब जाएगी, इसका कोई निश्चित समय नहीं है। निवासियों का कहना है कि बिजली विभाग की यह लापरवाही गर्मी के मौसम में आग में घी डालने जैसी है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग इस समस्या के समाधान में कोई रुचि नहीं दिखा रहा। शिकायत करने पर भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती। एक स्थानीय व्यापारी, अजय शर्मा, ने कहा, हम बिजली बिल समय पर भरते हैं, लेकिन बदले में हमें अंधेरा और गर्मी मिलती है।

विभाग के कर्मचारी सिर्फ बहाने बनाते हैं। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोग पंखे, कूलर, और एसी का सहारा ले रहे हैं, लेकिन बिजली कटौती ने इन साधनों को बेकार कर दिया है। गर्मी की तीव्रता अपनी चरम सीमा पर है, और उमस ने हालात को और बदतर बना दिया है। बच्चों, बुजुर्गों, और बीमार लोगों के लिए यह स्थिति जानलेवा साबित हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बिजली विभाग से तत्काल कटौती बंद करने और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# सीधे खेती से जोड़ी जाए मनरेगा योजना: भगत सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि मनरेगा योजना को सीधे खेती से जोडा जाये।

भगत सिंह वर्मा ने यह बात कार्यालय पर बैठक में कही। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की फसलों की लागत कम करने के लिए मनरेगा योजना को सीधा खेती से जोड़कर किसानों को मजदूर उपलब्ध कराये जाए। उत्तर प्रदेश में मनरेगा योजना में मजदूरी मात्र 237 रुपए है। जबकि उत्तर प्रदेश में मजदूरी रुपये 400 से 500 तक है। यही कारण है कि मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार है। 237 रुपए में कौन मजदूर काम करेगा। मनरेगा योजना में आवंटित धन को नेता अधिकारी मिलकर लूट रहे हैं। जिससे न मजदूर को कोई लाभ है और न ही किसान और देश को कोई लाभ हो रहा है। देश के बजट में प्रतिवर्ष एक लाख करोड रुपए मनरेगा योजना पर धन आवंटित किया जा रहा है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद जहीर तुर्की प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी प्रदेश महामंत्री आसिम मलिक प्रदेश सचिव डॉ परविंदर मलिक मंडल प्रभारी दुष्यंत सिंह जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला मंत्री दीपक चौधरी जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम जहीरपुर प्रदेश सचिव मास्टर रईस अहमद हाजी सुलेमान हाजी साजिद महबूब हसन सुधीर चौधरी अरविंद चौधरी आदि ने भाग लिया। अध्यक्षता राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेंद्र चौधरी व संचालन रजत शर्मा ने किया।

# सफाईकर्मियों का चौथे दिन भी रहा धरना जारी

**सहारनपुर।** अपनी मांगों पर अड़े उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ व अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के बैनर तले सफाई कर्मचारियों का चौथे दिन भी प्रदर्शन जारी रहा।

धरने में शामिल सफाई मजदूर संघ के मंडल महामंत्री बृजमोहन चनालिया, सफाई मजदूर संघ के विशेष सलाहकार रघुवीर चंदेल, चेतन चनयाने ने कहा की पूरे चार दिन बीत चुके हैं लेकिन अभी तक ना तो नगर आयुक्त और ना ही सत्ताधीश महापौर ने किसी भी प्रकार की कोई सुध ली है, जिस कारण से सफाई मजदूर कर्मचारियों में आक्रोश फैलता जा रहा है जबकी नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों के प्रति उदासीन रवैया बनाये हुए है बृजमोहन चनालिया ने कहा की प्रतीत होता है कि नगर निगम प्रशासन कर्मचारियों को उग्र आंदोलन करने के लिए उकसा रहा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि कर्मचारी काम बंद करके हड़ताल पर चले गए या फिर सफाई व्यवस्था में कोई बाध्यता उत्पन्न हुई तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। वहीं जिला महामंत्री सुनील घाघट ने कहा सफाई कर्मचारियों के साथ नगर निगम प्रशासन दोगली नीति अपना रहा है। इसके अलावा प्रदर्शन में उपस्थित नरेश, ज्ञानचंद ,घसीटू, रोहित प्रधान माला पहनकर उन्हें धरने पर बैठाया गया। धरना स्थल पर कुमारी नीलम सफाई, मनमोहन सूद, रतन, नाथीराम राज. कुमार, ईश्वर सिंह, हिमांशु, श्रीमती सरला, सतीश कुमार, शिवम, श्रीमती गीता, ममता, कमल किशोर चंचल महेंद्र बेदी, सुनील घाघट देशराज, सिद्धांत गफ्फार राजीव घावरी, राकेश राजकुमार बिरला, राजकुमार कांगड़ा, कमलेश, राधा देवी एवं कविता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## धरने को पार्षद टिंकू अरोड़ा का समर्थन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर निगम में सफाई कर्मियों के चल रहे धरने को आज समाजवादी पार्टी नगर विधानसभा प्रभारी व पार्षद अभिषेक टिंकू अरोडा के नेतृत्व में सपा ने समर्थन दिया।

टिंकू अरोड़ा ने कहा कि वाल्मीकि समाज जो कार्य करता है वह कार्य करना आसान नहीं है और बिना नोटिस के 60 वर्ष के लोगों को हटाना किसी भी कानून में नहीं लिखा हुआ है। 60 वर्ष के लोग अपना अपनी जीविका कैसे चलाएंगे।

उन्होंने कहा कि इस सरकार में कोई भी वर्ग खुश नहीं है सबसे ज्यादा उत्पीड़न वाल्मीकि समाज का हो रहा है। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य फैसल सलमानी ओर महानगर अध्यक्ष युवजनसभा वासिल तोमर आदि मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त शिपू गिरी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरी ने गंगोह रोड स्थित ई-चार्जिंग स्टेशन का आज दोपहर निरीक्षण किया और उसे एक माह में चालू कराने के निर्देश दिए। ई-चार्जिंग स्टेशन स्थल के बहुउद्देश्य उपयोग के लिए निर्माण विभाग को प्रस्ताव बनाने के भी निर्देश दिए हैं।

नगरायुक्त शिपू गिरी ने निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता बी के सिंह के साथ आज दोपहर गंगोह रोड व ई-चार्जिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त किया और एक माह में उसे चालू कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ई-चार्जिंग स्थल शहर के बीच में बहुमूल्य भूमि पर बना है, इस भूमि पर दूसरी मंजिल बनाकर उसका बहुउपयोग किया जा सकता है। उन्होंने इसके लिए निर्माण विभाग को प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए।

# जाम का पर्याय बना शिवचौक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** नगर का मुख्य शिव चौंक जाम का पर्याय बन कर रह गया है। शिव चौंक पर पुलिस पिकेट भी बढ़ती है। लेकिन वहां फिर भी व्यवस्था ठीक नही है। इसके अलावा पुलिस की लापरवाही के चलते मुख्य मार्गो पर भी अव्यवस्थित तरीके से खड़े वाहन न सिर्फ जाम का कारण बन रहे हैं, बल्कि दुर्घटनाओं का भी सबब बने हुए हैं।

नगर का शिव चौंक मुख्य चौराहों में है। कहने को तो पुलिस प्रशासन सतर्क रहने का दावा करता है जिसकी बानगी शिव चौंक व ननौता चौंक पर नजर आ जाती है। अतिक्रमण की अति से त्रस्त यह चौंक व्यवस्था का मखौल उड़ा रहा है। अतिक्रमणकर्ताओं ने तारकोल की सडक पर भी कब्जा कर लिया है। कई बार आम नागरिक भी व्यवस्था को ठीक करने की मांग कर चुके हैं लेकिन न तो नागरिकों की आवाज नगर पालिका को सुनाई दी और न ही पुलिस को कुछ यहां दिखाई दिया। ऐसी स्थिति का मजनू टाइप युवा फायदा उठा वहां से नौ-दो-ग्यारह हो जाते है। अहम क्षेत्र होने के बावजूद यहां कहीं भी पुलिस की कोई व्यवस्था नजर नहीं आती। यही लोगों सड़कों पर ही अपने वाहन खड़े कर देते है। जिस कारण स्थिति और विचित्र हो जाती है। इसके अलावा मुख्य मार्गो पर थ्री-व्हीलर, टैम्पो, मारूति व बस आदि वाहनों को इनके चालक इस तरह खड़े कर यात्रियों को बैठाते हैं कि जरा सी देर में ही यहां जाम की स्थिति बन जाती है। प्रतिस्पर्धा के चलते वाहन चालक यातायात नियमों को भी भूल जाते हैं। मुख्य चौंकों पर पुलिसकर्मी तैनात रहते हैं, मगर वह भी इस समस्या के समाधान में कोई रुचि नहीं लेते हैं। उनकी सक्रियता उस समय तो बढ़ती है जब जाम में फंसे वाहनों में कोई वीआईपी या अधिकारी का हूटर बजाता है। सबसे ज्यादा हालात खराब तो सहारनपुर जाने वाले वाहनों की वजह से होती है।

# बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत छह को नोटिस, 12 को कोर्ट में किया तलब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मान्यता प्राप्त विद्यालय शिक्षक संघ प्रदेश अध्यक्ष डा.अशोक मलिक ने कहा कि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य 6 अधिकारी व कर्मचारियो को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश मेरठ ने नोटिस देकर 12 जून को तलब किया है।

यह जानकारी डा.अशोक मलिक ने दी। उन्होंने बताया कि गतवितीय वर्ष 2024-25का आरटीई के फीस प्रतिपूर्ति व अभिभावकों की प्रोत्साहन राशि के भुगतान के लिए जिलाधिकारी द्वारा जांच कमेटिया गठित की गई थी गठित टीम में खंड शिक्षा अधिकारी देवबंद में 24 बच्चों में से 22 बच्चे उपस्थित पाए गए और दो बच्चे बीमारी के कारण अनुपस्थित पाए गए थे इसके उपरांत एक शिकायत शिक्षा विभाग के द्वारा शोषण करने के उद्देश्य से फर्जी शिकायत 3 मार्च 2024 को उक्त स्कूल के खिलाफ की गई इसका जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा टीम गठित कर जांच की गई थी जिसमें जांच कमेटी ने 15 से 20 बच्चे उपस्थित पाए गए जो आरटीई से लाभावित थे जांच का विषय है की तीन सदस्य टीम उपस्थित 21 बच्चों की गिनती नहीं कर सके इससे स्पष्ट होता है की विभाग में जान पूछ कर अपने निजी हित के लिए आरटीई के बच्चों को आर्थिक लाभ से वंचित कर दिया इसके उपरांत विद्यालय प्रबंधन निशुल्क गरीब दुर्बल वर्ग के बच्चों को स्कूल से नाम पृथक करने की चेतावनी देने के उपरांत शासन में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन और महानिदेशक बेसिक शिक्षा सहित जिला अधिकारी के कार्यालय का घेराव पर भुगतान करने की मांग की गई थी इसके उपरांत एंटी करप्शन विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम मेरठ के न्यायालय का दरवाजा खटकाने के लिए मजबूर होना पड़ा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित जांच कमेटी वरिष्ठ बाबू व पटल का काम देखने वाले कर्मचारियों ने असम्यक लाभ प्राप्त करने के लिए अपने पदीय दायित्व एवं लोक कर्तव्य का अनुचित रूप से पालन करते हुए फीस प्रतिपूर्ति का भुगतान अपने विभाग के कर्मचारियों के माध्यम से धन अर्जन करने का प्रस्ताव रखा जिसे हमने रिश्वत देने से मना कर दिया इस प्रकार अपने कर्तव्यों का अनुचित रूप से पालन करते हुए फीस प्रतिपूर्ति व अभिभावको की प्रोत्साहन राशि का भुगतान रोक दिया गया है।

# मुठभेड़ में गोकश को लगी गोली

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरसावा।** अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना सरसावा पुलिस ने हत्या के प्रयास के मुकदमे में वांछित शातिर गोकश के साथ हैदरपुर के जंगल में मुठभेड़ जवाबी कार्यवाही में बदमाश के पैर में लगी गोली। पुलिस ने घायल अवस्था में अस्पताल में कराया भर्ती। पुलिस को उसके पास से एक तमंचा 315 बोर दो जिंदा दो खोखा कारतूस एक बिना नंबर की मोटरसाइकिल बरामद की गई।

सोमवार देर रात्रि में थाना सरसावा प्रभारी निरक्षक नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम शाहजहांपुर रेलवे फाटक से चिलकाना जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रही थी तभी चिल. काना की ओर से दो मोटरसाइकिल सवार आते दिखाई दिए। वह पुलिस टीम को चेकिंग करते देख वापस भागने लगे तो पुलिस टीम द्वारा बाइक सवार संदिग्ध प्रतीत होने पर उनका पीछा करने लगी। तभी बिनाखेड़ी मोड के सामने हैदरपुर के जंगल में मोटरसाइकिल अनियंत्रित हो गिर गई। बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर करते हुए भागने का प्रयास करने लगे।

आत्मरक्षार्थ में पुलिस टीम द्वारा भी फायरिंग की गई जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम असद उर्फ हसद उर्फ मुरसलीम पुत्र अब्बल उर्फ हमीद निवासी ग्राम खानपुर थाना गंगोह हाल निवासी ग्राम कुम्हार हेडा थाना सरसावा जनपद सहारनपुर बताया।द

ूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठा फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस ने घंटों तक जंगल में कांबिंग की लेकिन सफलता हाथ नहीं लग सकी। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर दो जिंदा दो खोखा कारतूस एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स बिना नंबर गोकशी के उपकरण बरामद हुए। घायल अभियुक्त असद थाना सरसावा पर पंजीकृत मुकदमें में वांछित चल रहा था।

# संगठन हित में काम करें कार्यकर्ता: प्रदीप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** संगठन सृजन अभियान जिला संयोजक प्रदीप कंसल व अब्दुल्ला आरिफ आज संगठन सृजन को हासिल करने में फ्रंटल संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ही एक ऐसी पार्टी है जो भाजपा को हराने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता संगठन हित में काम करें।

प्रदीप कंसल व अब्दुल आरिफ आज यहां महानगर कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे सतत रूप से अपने मूल संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कदमताल करें और इसी से हमारे संगठन सृजन अभियान की सफलता का मार्ग प्रशस्त होगा और इसके लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकेगा। प्रदीप कंसल ने कहा कि हर संगठन को अपनी जिम्मेदारी समझ कर संगठन हित में कार्य करना होगा, क्योंकि हम सब का एक ही लक्ष्य, मजबूत कांग्रेस।

प्रदीप कंसल ने कहा कि आज देश में हालात ऐसे हैं कि देश के नागरिकों को सत्तासीन भाजपा धर्म, जाति वर्ग और क्षेत्र के नाम पर लड़ाने का काम कर रही है और यदि हमने इसके विरुद्ध संघर्ष के लिए कमर नहीं कसी तो हमारे देश का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। प्रदीप कंसल ने भाजपा सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि आज भाजपा को शिकस्त देने के लिए मजबूत कांग्रेस की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि कांग्रेस ही भाजपा को शिकस्त दे सकती है। जिला संयोजक अब्दुल्ला आरिफ ने कहा कि जिन प्रकोष्ठों और विभागों के अध्यक्ष अभी नहीं बने, हमें उनकी नियुक्ति में तेजी लानी होगी, जिससे इन खाली पदों को भरकर संगठन के कार्यों को आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने चेतावनी दी कि संगठन सृजन अभियान में किसी भी तरह की लाप. रवाही लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि लापरवाही देखी गई तो उसके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी होगी।

जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा व महानगर अध्यक्ष मनीष त्यागी ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को अपनी-अपनी जिम्मेदारियां को कर्मठता और ईमानदारी से निभाने की हिदायत देते हुए संगठनहित में किए जा रहे कार्यों में निरंतरता पर जोर दिया।

बैठक में सेवा दल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा, महिला कांग्रेस की मधु सहगल, पराग पवार, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गुलशेर अल्वी, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, महानगर अध्यक्ष आरिश सिद्दकी, चंद्रशेखर पासी, प्रबल निधि आदि ने भी अपने विचार रखें। बैठक में जिला उपाध्यक्षगण वरुण शर्मा, दुष्यंत राणा, नितिन शर्मा, पूर्व जिला प्रवक्ता गणेश दत्त शर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष इमरान कुरेशी, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव वर्मा, मुनीश सहगल, श्याम बिहारी शर्मा, प्रभजीत सिंह, महिला कांग्रेस नेत्री मधु सहगल,पराग पवार, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव सोनू पठान, जिलाध्यक्ष गुलशेर अल्वी, आरिश सिद्दीकी, सेवादल महानगर अध्यक्ष अनुज शर्मा, प्रबल निधि सहल,जॉनी बिरला संदीप डाबरे, राजीव बत्रा, राजन बिरला, अनिरुद्ध गुरुंग, मनीष गोदियाल, आयुष गोदियाल, अंकुर शर्मा, हर्ष ठकराल, जुनेद राणा आदि मौजूद रहे।

## धमाके के साथ सड़क ऊपर उठी

**नकुड़।** कस्बे के बीचों बीच उस समय हड़कंप मच गया जब केएलजीएम इंटर कॉलेज के सामने की सड़क दोपहर करीब 3:30 बजे अचानक एक तेज आवाज के साथ करीब एक से डेढ़ फीट ऊपर उठ गई। घटना के वक्त वहां मौजूद लोगों में अफरा तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पहले एक तेज धमाके जैसी आवाज आई फिर देखते ही देखते सड़क का एक बड़ा हिस्सा ऊपर की ओर उभर आया। दुकानदार और राहगीर इस अप्रत्याशित घटना से दहशत में आ गए। तथा सड़क से दूर हट गए। कुछ ही मिनटों में मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। जानकारी मिलते ही पालिका की टीम मौके पर पहुंच गई। उधर नगर पालिका परिषद के लिपिक सुरेश सैनी ने बताया कि सड़क के नीचे अनुमानित गैस भरने या सीवर लाइन में प्रेशर बढ़ने या कोई तकनीकी कमी के कारण सड़क उठ गई है।

# जल निगम कर्मचारियों ने दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जल निगम कर्मियों/पेंशनरों की जीवन से जुड़ी मूलभूत समस्याओं का निराकरण न किये जाने के विरोध में कर्मियों/पेंशनरों ने रोष व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी सदर को सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की।

उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति के पदाधिकारी संरक्षक प्रमोद कुमार के नेतृत्व में आज जिला मुख्यालय पहुंचे जहां उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदर को सौंपकर बताया कि उत्तर प्रदेश जल निगम संघर्ष समिति सदैव सौहार्दपूर्ण वातावरण में विचारध्विमर्श एवं बैठकों के माध्यम से समस्याओं के समाधान की पक्षधर रही है. किन्तु दोनों निगमों के प्रशासन स्तर पर समस्याओं के समाधान के प्रति गम्भीर न होकर उपेक्षाभाव को ही अधिक तरहीज दी गयी है जिससे समस्याएं न केवल यथावत बनी हुयी हैं बल्कि इनमें और इजाफा ही हुआ है। उन्होंने बताया कि समिति द्वारा 14 अक्टूबर 2024 को समस्याओं पर विचार विमर्श के लिए मांग पत्र प्रस्तुत किया गया था जिसका आज तक भी कोई निराकरण नहीं किया गया है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जल निगम (नगरीय /ग्रामीण) में समान रूप से शासन की अद्यतन स्वीकृति के अनुरूप मंहगाई भत्ता/राहत 239 प्रतिशत किया जाये। न्यायालय के आदेशों के अनुरूप षष्टम वेतन के अवशेष का भुगतान अविलम्ब किया जाय। वेतन/पेंशन का भुगतान प्रतिमाह समय पर कराते हुए पावर कार्पोरेशन की भाँति जल निगम (नगरीय/ग्रामीण) के पेंशनरों की पेंशन का भुगतान कोषागार से सम्बद्ध किया जाय। उन्होंने कहा कि सातवां वेतनमान सम्बन्धी शासनादेशों को जल निगम (नगरीय/ग्रामीण) में समान रूप से यथावत लागू किया जाय तथा प्रशासनिक सुगमता, बेहतर समन्वय एवं वित्तीय स्थिति में सुधार के दृष्टिगत एक ही प्रकृति के कार्यो वाले उ.प्र. जल निगम (नगरीय/ग्रामीण) का एकीकरण किया जाय। उन्होंने कहा कि अघोषित रूप से बन्द की गयी अनुकम्पा नियुक्ति की व्यवस्था को पूर्ववत बहाल करते हुए सभी लम्बित प्रकरणों का तत्काल निस्तारण किया जाय। साथ ही कैशलेस चिकित्सा की राज्य कर्मियों पर लागू चिकित्सा परिचर्चा नियमावली (यथा संशोधित) तत्काल लागू की जाय तथा चिकित्सा प्रतिपूर्ति के लम्बित दावों का तत्काल निस्तारण किया जाय।

# कूटनीति कितनी कामयाब

ऑपरेशन सिंदूर और आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख से विश्व समुदाय अवगत कराने गया ऑल पार्टी डेलिगेशन का आखिरी ग्रुप भी मंगलवार को भारत लौट आया है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में यह डेलिगेशन 5 देशों- अमे. रिका, पनामा, गुयाना, ब्राजील और कोलंबिया गया था। शशि थरूर ने दिल्ली एयरपोर्ट पर मीडिया से कहा कि जिन पांच देशों में हम गए थे, वहां हमारा स्वागत अच्छे से हुआ। हमनें उन देशों के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, उपराष्ट्रपति और दूसरे सीनियर लीडर्स से हाई लेवल मीटिंग की। उन लोगों ने समझा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर क्यों किया। ऑपरेशन सिन्दूर के बाद सरकार ने राजनयिक संदेश पहुंचाने की जिम्मेदारी जिन सात प्रतिनिधिमंडलों, जिनमें ज्यादातर सांसद और कुछ पूर्व राजनयिक थे को दी थी, उन्होंने अपनी यात्राएं पूरी कर ली हैं। पहलगाम आतंकी हमले और पाकिस्तान से इसके तार जुड़े होने से उपजे आक्रोश पर देश का नजरिया, पाकिस्तान के आतंकी बुनियादी ढांचे पर भारतीय हमलों की सटीक प्रकृति और आतंकी हमलों के लिए सरकार द्वारा अपनाए गए रुख की जानकारी देने के लिए 59 सदस्यों ने 32 देशों का दौरा किया। यह संदेश महज विदेशी सरकारों के लिए नहीं था, बल्कि कानून-निर्माताओं, विदेशी मीडिया और आम जनता के लिए भी था, खासकर उन देशों में जहां नई दिल्ली को यह महसूस हो कि उसे अपेक्षित समर्थन नहीं मिला है। जिन देशों का दौरा किया गया, उनमें से कई संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के सदस्य हैं और वो देश भी शामिल थे, जो निर्वाचित गैर-स्थायी सदस्य हैं या अगले साल बनेंगे। यह अहम है, क्योंकि भारत को उस वक्त राजनयिक झटके का सामना करना पड़ा जब पाकिस्तान, जो साल 2025-26 के लिए निर्वाचित यूएनएससी सदस्य है, द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएप) का जिक्र हटवाने के लिए यूएनएससी के बयान में संशोधन कराने में सफल रहा। टीआरएफ ने ही पहलगाम हमले की जिम्मेदारी ली थी। पाकिस्तान तालिबान प्रतिबंध कमेटी का अध्यक्ष और संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद-विरोधी कमेटी का उपाध्यक्ष चुने जाने में सफल रहा। यह इस हमले के लिए आतंकवादियों को जिम्मेदार ठहराए जाने का भारत का काम ज्यादा मुश्किल बनाएगा, चाहे वह संयुक्त राष्ट्र द्वारा नामजदगी के जरिये हो या वित्तीय कार्रवाई कार्य बल में। एक और क्षेत्र जिस पर फोकस किया गया, वह इस्लामी सहयोग संगठन की सदस्य-मंडली है, जो भारत के प्रति विशेष रूप से आलोचनात्मक रही है। यह देखा जाना बाकी है कि राजनीतिक कूटनीति की ये यात्राएं कितनी कामयाब रही हैं। खासकर भारत में इस आलोचना को देखते हुए कि विदेश में वार्ताकारों को प्रभावित करने के बजाय, ज्यादा वक्त भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत में और साथ गए भारतीय मीडिया को साक्षात्कार देने में बिताया गया। इन प्रतिनिधिमंडलों को भारतीय नैरेटिव की काट के लिए पाकिस्तान द्वारा उठाए गए नकलची कदम से भी मुकाबला करना पड़ा।

## सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम



पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की लाप. रवाही का नतीजा था, हमले वाली जगह पर सुरक्षाकर्मी क्यों नदारद थे, भाजपा सशस्त्र बलों की वीरता का राजनी. तिकरण करने की कोशिश कर रही है, भाजपा सरकार को चले जाना चाहिए, क्योंकि वह देश के लोगों को सुरक्षा देने में नाकाम है, पीएम मोदी केवल अपने बारे में विज्ञापन देने में बिजी हैं, आतंकवाद का कोई धर्म, जाति या पंथ नहीं होता, आतंकवादियों को सबक सिखाने की जरूरत थी, हम सशस्त्र बलों की बहादुरी को सलाम करते हैं, पाक पर किया की गई एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर पीओके वापस लेने का एक अच्छा मौका था।

**-ममता बनर्जी**
**मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल**

# विलुप्त नदियों में फिर से बहाव की आस



निश्छल प्रेम बसत जिहि हृदय, बिना स्वार्थ सेवारत रहतीं, ज्योति जगातीं संस्कारों की, जगती उसको मां ही कहतीं। मेरी स्वरचित ये पंक्तियां मां के स्वरूप को उद्घाटित करती हैं। मां जीवन -प्रदायिनी होने के साथ-साथ संतति के पालन-पोषण और संस्कारों के बीजारोपण के दायित्वों का सम्यक निर्वहन करती है। जननी के साथ मातृभूमि और नदियों को भी हमने मां कहा है। विचारणीय बिन्दु यह है कि हम नदियों को मां क्यों कहते है? नदियां जल का स्त्रोत है। जल जीवन का आधार है, मानव शरीर में 60 से 70 प्रतिशत जल होता है और जल के बिना मानवजीवन की कल्पना नहीं की जा सकती, क्योंकि मानव को पीने के साथ ही नित्यकर्मादि हेतु जल की नितांत आवश्यकता होती है। साथ ही जल से पेड़-पौधे प्रकाश संश्लेषण की क्रिया द्वारा प्राण वायु-आक्सीजन उत्पादित करते है। बिना प्राणवायु के मानव धरा पर कुछ मिनटों का मेहमान है जिसको हमने कोरोना काल में अनुभव किया है। इस प्रकार नदियां हमारे लिए जीवनदायिनी है और हम नदियों को मां कहते है। नदियों ने मानवजाति के पालन-पोषण में अग्रिम भूमिका का निर्वहन किया है। अनेक सभ्यताओं का विकास नदियों के किनारे हुआ है, जिसमें सिंधु घाटी की सभ्यता नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। नगरों और महानगरों के निर्माण मे नदियों का विशेष योगदान है इसीलिए बड़े-बड़े शहर नदियों और समुद्र के किनारे बसे हुए हैं, क्योंकि नदियां मनुष्य की आवश्यक आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। भारत एक कृषि प्रधान देश है और इसकी 50 प्रतिशत जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। कृषि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। कृषि को सिंचित करने, कृषि-भूमि को उपजाऊ बनाने के साथ पशुपालन में पशुओं को पानी पिलाने, नहलाने व चारा की उपलब्धता में नदियों का विशेष योगदान है।

हिन्दुओं में जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक संस्कार नदियों के किनारे ही सम्पन्न होते है जैसे मुण्डन संस्कार, मोर सिराना, कन्या विवाह के बाद स्नान, अन्तिम संस्कार में दाह संस्कार, राख व अस्थि विसर्जन और दसवां संस्कार नदियों के तट पर आज भी सम्पन्न होते देखे जाते हैं। इसके साथ ही पूजा -पाठ, यज्ञ-हवन, कथाओं के आयोजन के साथ ही जप, तप, ध्यान के लिए नदियों के घाटों को भारतीय धर्म-शास्त्रों में पुण्य प्राप्ति का सर्वोत्तम साधन माना गया है क्योंकि ये शोर-शराबे से दूर शांत व सुरम्य वातावरण होते हैं, जो धार्मिक कृत्यों के लिए सर्वदा उपयुक्त हैं इसीलिए हमारे अनेक तीर्थ स्थल जैसे हरिद्वार, बृजघाट, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, काशी आदि पवित्र नदियों के तट पर अवस्थित हैं जो पुजा. रियों -पुरोहितों के अलावा छोटे दुकानदारों, व्यापारियों, होटल व्यवसायियों आदि अनगिनत लोगों के पालन-पोषण व धनार्जन का आधार है। इसके साथ ही पशु-पक्षी व जलीय जीव-जंतुओं को भोजन की व्यवस्था भी धार्मिक कृत्यों से होती रहती है। नदियां जल संरक्षण का प्राकृतिक रूप से सर्वोत्तम साधन हैं किन्तु आधुनिक समय में स्वार्थपरता, धन लोलुपता व भौतिकता की अंधी दौड़ में मानव जिस डाली पर बैठा है, वह बिना उसके परिणाम को जाने उसी को काट रहा। वह भूल रहा है कि इसका दुष्परिणाम हमारी संतति को किस विकराल रूप में भोगना पड़ेंगे। आज जल स्त्रोतों के अंधाधुंध दोहन, अवरोधन व अतिक्रमण के परिणामस्वरूप देश के विभिन्न क्षेत्रों में भूजल स्तर में तेजी से गिरावट दृष्टिगोचर हो रही है और उन्हें डार्क जोन घोषित किया जा रहा है जो मानवजाति के लिए खतरे की घंटी है। इस विकराल समस्या को समय रहते केंद्र और प्रदेश सरकार ने अनुभव किया और जल संरक्षण के अन्तर्गत जल की एक-एक बूंद बचानी है की भावना को अंग. ीकार करते हुए हर गांव व नगरों में अमृत सरोवरों के निर्माण को साकार रूप प्रदान किया जा रहा है जिसकी प्रथम पहल भी उत्तर प्रदेश के रामपुर के पटवाई ग्राम से हुई जिसका उल्लेख देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में किया। नदियां जल का प्रमुख प्रकृतिक स्त्रोत है किन्तु सहायक नदियां जो किसी नदी की झांड़ यानी मुख्य धारा से निकली जलधारा हैं या झरने, तालाब, पोखर से निकली हैं तथा सीमित क्षेत्र में प्रवाहित होकर उस क्षेत्र में नदी के समस्त दायित्वों को पूर्ण करती हैं किन्तु मानव की संकीर्ण भौतिकवादी सोच का शिकार होने के कारण यह सहायक नदियां नाले या नदी चिन्ह के रूप में दृष्टिगोचर हो रही थीं। किन्तु शासन की जल संरक्षण नीति के अन्तर्गत प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय नदियों को पुनर्जीवित करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी श्रृंखला का एक उदाहरण है रामपुर जनपद की मिलक तहसील की नाहल नदी। जहां का मैं मूल निवासी हूं। 25-30 वर्ष पूर्व यह नदी के समस्त दायित्वों का निर्वहन करती थी। यद्यपि यह नदी भी रामपुर की प्रमुख नदी कोसी से निकली एक जलधारा हैं जो स्वार क्षेत्र से होते हुए सदर तहसील के चमरौआ ब्लाक के 5 गांवों में घूमती हुई मिलक क्षेत्र में प्रवेश करती है। स्वार और चमरौआ क्षेत्र में लोग इसे नदी -नाले के नाम से जानते है किन्तु मिलक क्षेत्र में यह नाहल नदी के नाम से विख्यात है। नाहल नाम नाले का अपभ्रंश रूप प्रतीत होता है। नाहल नदी मिलक ब्लाक में गंगापुर कदीम से निस्बी तक 51 किमी की दूरी में प्रवाहित होकर बरेली जनपद के मीरगंज में खंडिया नदी में मिलती है। किन्तु मानवजनित कुचेष्टाओं के कारण यह नदी मिलक नगर में लम्बे समय से नाले के रूप दृष्टिगोचर हो रही थी क्योंकि इसमें मिलक नगर के नालियों और नालों का गंदा पानी ही पहुंचता था, जबकि बचपन में हमने मिलक प्राइमरी स्कूल में पढ़ने जाते समय कल-कल करते स्वच्छ जल से युक्त इसके स्वरूप को देखा है। आज शासन की नीति और प्रशासन के अथक प्रयासों से विलुप्तप्राय 51 किमी लम्बी नाहल नदी को पुनर्जीवन मिला है ताकि जलस्त्रोतों को संरक्षित करके जलसंचयन के साथ गिरते भूमिगत जल स्तर को रोका जा सके और पर्यावरण को वृक्षारोपण करके हराभरा बनाने के साथ नदी तटों को कटान से सुरक्षित किया जा सके। इस हेतु जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह व पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र का प्रयास लाघनीय है जिन्होंने जमीनी स्तर पर नदी का स्थलीय निरीक्षण कर विकास, राजस्व, सिंचाई, पुलिस विभाग के कर्मचारियों को निर्देशित किया। साथ ही नदी सम्बद्ध 29 ग्राम पंचायतों के लोगों से सीधा सम्पर्क स्थापित कर नदी के पुनर्जीवन की उपादेयता को समझाया। साथ ही कार्य में आ रही रुकावटों के निराकरण हेतु गांववासियों से बातचीत की और अतिक्रमणवादियों को चिन्हित कर सख्ती से नदी जमीन खाली करने हेतु आदेशित किया। नाहल नदी पुनर्जीवन में दोनों अधिकारियों ने श्रमिकों के साथ स्वयं फावड़ा चलाकर श्रमदान किया और एक सार्थक संदेश दिया। इस नदी के पुनर्जीवन से 29 ग्राम पंचायतों के किसानों को सिंचाई का सरलता से सीधा लाभ मिलेगा। जल बहाव को रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने के लिए नदी में जगहों को चिन्हित करके खंदकों का निर्माण किया गया। साथ ही नदी के दोनों ओर पटरी बनाई गई ताकि आवागमन और वृक्षारोपण का कार्य सुगमता से सम्पन्न हो सके। नदी का खुदाई कार्य मनरेगा द्वारा कराया गया और मनरेगा के कार्डधारक ही काम पर लगाए गए। नदियां चरैवेति-चरैवेति, मिलन, परमार्थ और पवित्रता की स्वत: साक्षात संदेशवाहक हैं। पूजा-पाठ के समय गायन किया जाने वाला पवित्रता- मंत्र -स बाह्याभ्यन्तर: शुचि अर्थात हम बाह्य और आंतरिक रूप से पवित्रता को धारण करें, मानव समाज को संदेश देता है कि हम अपने स्वयं के साथ -साथ अपने चारों ओर व्याप्त पर्यावरण को पवित्र, शुद्ध व स्वच्छ बनाने भी योगदान दें ताकि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों को भूजल स्तर की गिरावट आदि प्राकृतिक आपदाओं का सामना न करना पड़े।

**-डॉ. चन्द्रप्रकाश शर्मा**

# योग की विरासत सहेजने को एक अनूठी वैश्विक पहल

**दरअसल, गिनीज बुक रिकॉर्ड की टीम कई महीने पहले से तैयारी करती है इस तरह के रिकॉर्ड दर्ज करने की। एक पूरा एग्रीमेंट बनाया जाता है। 90 दिन पहले प्रोसेस शुरू होता है। बाकायदा लाइसेंस इश्यू किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि अक्षर योग केंद्र के खाते में इससे पहले नौ गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हैं। डेढ़ दशक पहले स्थापित अक्षर योग केंद्र इस समय आयुष योग इंस्टीट्यूशन सार्टिफेकशन बॉडी में शामिल है।**

यह सुखद संयोग ही है कि भारत की सिलकॉन वैली कहे जाने वाले बेंगलुरु से योग की अनूठी धारा दुनिया को हैरत में डालने वाली है। यूं तो बेंगलुरु आईटी हब है, लेकिन यहां आध्यात्मिक ज्ञान व योग की भी वैश्विक ख्याति है। आजकल बेंगलुरु स्थित अक्षर योग केंद्र इन देश-विदेश के हजारों योग साधकों की गहमा-गहमी का केंद्र बना हुआ है। आध्यात्मिक व योग गुरु हिमालय सिद्ध अक्षर के नेतृत्व में इतिहास रचने की तैयारी जारी है। जिसमें अमेरिका, यूरोप, अफ्रीका व एशिया के हजारों प्रतिभागी 12 गिनीज बुक रिकॉर्ड के ऑफिशियल प्रयास की तैयारी में जुटे हैं। यह आयोजन इस बार 11वें विश्व योग दिवस पर होने जा रहा है। अन्य विधाओं के साथ योग में भी विश्व रिकॉर्ड बनाने की क्या जरूरत है। हिमालय सिद्ध अक्षर कहते हैं कि यह प्रयास हमारी प्राचीन विरासत के संरक्षण के साथ दुनिया को यह बताना है कि इसके असली वारिस हम ही हैं। उल्लेखनीय है कि इस बार 11वें विश्व योग दिवस के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ घोषित की है। उल्लेखनीय है कि साल 2010 में स्थापित अक्षर योग केंद्र यह आयोजन पहले ताइवान में करने जा रहा था। लेकिन भू-राजनीतिक कारणों की चुनौती के चलते इस आयोजन को बेंगलुरु में ही आयोजित करने का फैसला किया है। बता दें कि अक्षर योग केंद्र के नाम पहले ही योगासनों के नौ विश्व रिकॉर्ड दर्ज हैं। जिसमें संस्थान के नाम वर्ष 2021 में वशिष्ठासन, 2022 में धनुरासन, वर्ष 2023 में उष्ट्रासन, हलासन तथा 2024 में चक्रासन, नौकासन, कौडिन्यासन, नटराजासन व सूर्य नमस्कार के लिए गिनीज बुक रिकॉर्ड दर्ज हो चुके हैं।

**रिकॉर्ड के लिए जुटेंगे देशी-विदेशी साधक**

दरअसल, पिछले डेढ़ महीने से दो हजार युवा योग साधक ट्रेंड हो रहे हैं। इस बार होने वाली प्रतियोगिता में हर रिकॉर्ड भाग लेने वाले साधकों के नंबर दिए जाएंगे। इस बार जहां कुछ रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, वहीं कुछ रिकॉर्ड टूटेंगे। उनकी संख्या में विस्तार किया जाएगा। इस बार की स्पर्धा का रोचक पक्ष यह है कि इसमें सेना व अर्द्ध सैनिक बलों के योग साधक रिकॉर्ड बनाने वाली टीम का हिस्सा होंगे। इसमें थल सेना, वायु सेना, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ व कर्नाटक पुलिस के युवा साधक शामिल होंगे। इनके हर विभाग के युवा होंगे। इसके अलावा कालेज के छात्र व मल्टीनेशनल कंपनियों के साधक भी शामिल होंगे। साथ ही, अक्षर योग केंद्र के साढ़े तीन सौ विदेशी साधक आएंगे। जिनमें फ्रांस, यूएसए, लंदन, दुबई, हांगकांग, सिंगापुर, ताइवान, मलेशिया व जापान के योग साधक शामिल हैं। इन साधकों की पिछले दो महीने से ऑनलाइन ट्रेनिंग चल रही है। इन रिकॉर्ड की तार्किकता की पड़ताल के लिए गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की तरफ से दो सौ इंस्पेक्ट स्टुअर्ड तैनात किए जाएंगे। इसके अलावा गिनीज बुक वर्ल्ड रिकॉर्ड के तीन सीनियर ऑफिशियल भी मौजूद रहेंगे। इसमें एक विदेश से तथा दो भारत स्थित ऑफिशियल टीम का हिस्सा होंगे।

**ट्रेनिंग के लिए 70 योग शिक्षकों की टीम**

उल्लेखनीय है कि रिकॉर्ड दर्ज करने से इसकी लंबी प्रक्रिया में पहले आवेदन किया जाता है कि ऐसे रिकॉर्ड बनाए जाएंगे, इसकी इतनी समय अवधि होगी। फिर टीम पूरे विश्व में जांच करती है कि क्या इससे पहले कोई रिकॉर्ड दर्ज तो नहीं है। समय, संख्या के अलावा बारह से अधिक पैरामीटर निर्धारित हैं। कुछ आसनों में छोटे बच्चे भाग नहीं ले सकते। जैसे बारह साल से कम के बच्चों को सुरक्षा कारणों से हैंड स्टैंड नहीं करने दिया जाता। वहीं अक्षर योग केंद्र की 70 योग शिक्षकों की टीम है, जिनकी मदद के लिए हैल्पर भी नियुक्त किए गए हैं। जो साधकों को योग सिखा रहे हैं। इस आयोजन का एक रोचक पक्ष यह है कि लगभग 50 दिव्यांग बच्चों की दो विशेष टीम भी आयोजन का हिस्सा होंगी। एक भारत से और दूसरी विदेशों से। ये दिव्यांग बच्चे बारह में से छह आसन पूरा करेंगे। ये देख- सुन नहीं सकते। ये बच्चे प्रतियोगिता वाले दिन मेन स्टेज पर प्रदर्शन भी करेंगे।

**80 दिनों तक 12 आसनों का प्रशिक्षण**

इस साल ग्यारहवें विश्व योग दिवस 21 जून को होने वाले इस आयोजन में देश-विदेश के हजारों योग साधक हिमालय सिद्ध अक्षर के मार्गदर्शन में पसीना बहा रहे हैं। इस साल बनने वाले रिकॉर्ड में जो आसन शामिल हैं उनमें भद्रासन, अधोमुख श्वानासन, शलभासन, गरुड़ासन , एक पाद पादांगुष्ठासन, उभय पादांगुष्ठासन, एक पाद राजकपोतासन प्रमुख हैं। वहीं जो पिछले रिकॉर्ड तोड़ने की तैयारी है, उनमें सेतुबंध, सर्वांगासन, वीरभद्रासन व उत्कटासन शामिल हैं। हिमालय सिद्ध अक्षर बताते हैं कि योग के इस महाकुंभ में करीब साठ देशों के योग साधक भाग लेगें। फिलहाल इसमें अमेरिका, यूरोप व एशियाई देशों के लगभग पांच-पांच सीनियर टीचर मूव करेंगे। ए सीनियर योग शिक्षक हैं। वहीं ट्रेंड योग साधकों की संख्या दो हजार के करीब रहेगी।

**-साभार डीटी**

# अंधविश्वास तथा आडम्बरों के घोर विरोधी थे कबीर दास





योगेश कुमार गोयल

**मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है । माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था । संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई । उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया ।**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास जी ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत कर दिया और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल था। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।

मध्यकालीन युग के इन्हीं महान कवि संत कबीर दास जी की जयंती प्रतिवर्ष ज्एष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है, जो इस वर्ष 11 जून को मनाई जा रही है। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे।

उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीरदास ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है? संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ! दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहेनुसार लालटेन जलाकर ले आई।

वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनटों के बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ए संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं। लेकिन कबीरदास ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है?

उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंग. वाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवत: घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ? कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वत: ही हल हो जाती है।

# गोलीबारी से ऑस्ट्रिया के स्कूल में 11 छात्रों की मौत

## हमलावर स्कूल के छात्र ने खुद को भी मारी गोली

**वियना।** ऑस्ट्रिया के ग्राज शहर में मंगलवार सुबह एक हाई स्कूल में फायरिंग की घटना हुई। इसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 28 घायल हो गए। उनमें से चार की हालत बेहद गंभीर है। कुछ लोगों के सिर में भी गोली लगी है।



पुलिस ने इलाके में बड़ा ऑपरेशन शुरू कर दिया है और लोगों से कहा गया है कि वे वहां से दूर रहें। ऑस्ट्रियाई मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे बोर्ग ड्रेयर्सचुटजेनगैस हाई स्कूल के अंदर गोलियों की आवाजें सुनी गईं। इसके तुरंत बाद पुलिस मौके पर पहुंची। रिपोर्ट के अनुसार, संदिग्ध हमलावर शायद उसी स्कूल का छात्र था और उसने खुद को गोली मारकर जान ले ली। स्कूल के बाथरूम में उसकी बॉडी मिलने की भी सूचना है। ऑस्ट्रिया के गृह मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि मृतकों की वास्तविक संख्या अभी नहीं बताई जा सकती है, इसके साथ ही घायलों की संख्या की पुष्टि भी नहीं की जा सकती है। पुलिस प्रवक्ता सबरी योर्गुन ने बताया कि पुलिस अभी भी यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वहां क्या हुआ था। फिलहाल स्पेशल फोर्स कोबरा को मौके पर तैनात किया गया है। ऑस्ट्रियाई चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर भी ग्राज के लिए रवाना हो गए हैं, जहां उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस करने की योजना है। हाई स्कूल में घटी इस घटना की गंभीरता को देखते हुए पूरे इलाके को घेर लिया गया है और पुलिस ने लोगों से शांत रहने और अफवाहों से बचने की अपील की है।

ग्राज ऑस्ट्रिया का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जो देश के दक्षिण-पूर्व में स्थित है और वहां करीब 3 लाख लोग रहते हैं। यूरोपीय यूनियन के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास ने कहा कि ऑस्ट्रिया के स्कूल में गोलीबारी की खबर सुनकर बहुत दुखी हूं। हर बच्चे को स्कूल में सुरक्षित महसूस करना चाहिए और उसे भय और हिंसा से मुक्त होकर सीखने में सक्षम होना चाहिए। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं पीड़ितों, उनके परिवारों और ऑस्ट्रियाई लोगों के साथ हैं।

## कैलिफोर्नियाः पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर चलाई रबर की गोलियां

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स शहर में पुलिस ने शोरगुल वाले ग्रेनेडों के बाद सबसे सक्रिय प्रदर्शनकारियों पर रबर की गोलियां चलाई है। समाचार एजेंसी आरआईए नोवोस्ती ने बताया कि इससे पहले सुरक्षा बलों ने फ्लैश-बैंग ग्रेनेड का इस्तेमाल किया। बाद में कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने सक्रिय प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया। गौरतलब है कि हिंसा सात जून को तब भड़की जब लॉस एंजिल्स में अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन (आईसीई) सेवा की ओर से अवैध प्रवासियों के खिलाफ छापेमारी की गई, जिसके बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पें हुईं। इसी बीच प्रांत के लिए संघीय फंड में कटौती की खबरें भी सामने आईं। अगले दिन व्हाइट हाउस ने शहर में दो हजार नेशनल गार्ड सैनिकों की तैनाती का ऐलान किया। लॉस एंजिल्स काउंटी के अधिकारियों ने कहा कि उन्होंने नेशनल गार्ड की तैनाती की मांग नहीं की थी।



कीव। रूसी ड्रोन हमले के दौरान बम आश्रय के रूप में इस्तेमाल किए जा रहे मेट्रो स्टेशन पर आराम करते लोग।

## अमेरिका की राजधानी में सैन्य परेड की तैयारी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका की राजधानी में सेना के 250वें जन्मदिन और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के 79वें जन्मदिन के सम्मान में शनिवार की सैन्य परेड की तैयारी हो रही है। सीक्रेट सर्विस के वाशिंगटन फील्ड ऑफिस के मैट मैककूल ने सोमवार को एसोसिएटेड प्रेस से कहा कि हम भारी भीड़ के लिए तैयारी कर रहे हैं। अधिकारी के अनुसार 18 मील से अधिक 'एंटी-स्केल फेंसिंग' लगाई जाएगी और कई ड्रोन का भी उपयोग किया जाएगा। कोलंबिया का पूरा जिला आम तौर पर ड्रोन के लिए नो-फ्लाई ज़ोन है। सेना के अधिकारियों ने शाम की सैन्य परेड में लगभग दो लाख लोगों के शामिल होने का अनुमान लगाया है और मैककूल ने कहा कि वह इस समारोह में लाखों लोगों आगमन के लिए तैयार हैं। दिन के समय जन्मदिन समारोह और रात के समय परेड में प्रवेश को नियंत्रित करने वाली सुरक्षा चौकियों पर कुल 175 मैग्नेटोमीटर का उपयोग किया जायेगा।

# गाजा में उग्रवादी संगठन की मदद कर रहा इजरायल

## हमास का मुकाबला करने के लिए हाथयार भी दिए

**गाजा।** इजरायल सरकार पर गंभीर आरोप लगे हैं कि उसने गाजा में हमास का मुकाबला करने के लिए एक फलस्तीनी मिलिशिया को हथियार दिए हैं। गाजा में हमास का पिछले 2 दशक से कब्जा है।

इजरायल तमाम कोशिशों के बावजूद हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं कर पाया है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक इजरायल ने गाजा में हमास को खत्म करने की जिम्मेदारी 'पॉपुलर फोर्सेज' को दी है। इसका लीडर यासर अबू शबाब है। अबू शबाब खुद को 'आतंकवाद को मिटाने वाला' कहता है, लेकिन कई मानवाधिकार संगठन इसे लुटेरों

### नेतन्याहू बोलेः इसमें कोई बुराई नहीं

और अपराधियों का नेता मानते हैं। इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भी पिछले सप्ताह माना था कि उन्होंने गाजा में हमास को कमजोर करने के लिए उनके विरोधी संगठनों को अपना समर्थन दिया है। नेतन्याहू ने कहा कि अगर इससे इजरायली सैनिकों की जान बचती है, तो इसमें क्या गलत है। रिपोर्ट्स के मुताबिक अबू शबाब एक समय छोटे अपराधों में लिप्त था। कुछ साल पहले हमास की पुलिस ने उसे चोरी और ड्रग्स की तस्करी के आरोप में जेल में डाल दिया था। 2023 के अंत में जब इजरायल और हमास के बीच जंग छिड़ी, तो इजरायली हवाई हमलों की आड़ में वह जेल से फरार हो गया। जेल से भागने के बाद उसने खुद का एक सशस्त्र संगठन पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया खड़ा कर लिया। पॉपुलर फोर्सेज मिलिशिया दक्षिणी गाजा में एक्टिव है। इसमें 100 से ज्यादा मेंबर हैं। ये लड़ाके फलस्तीनी झंडे और 'काउंटर- टेररिज्म यूनिट' के पैच वाली वर्दी पहनते हैं। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया गया है कि पॉपुलर फोर्सेज इजरायली सेना के नियंत्रण वाले इलाकों में काम कर रही है।

# कैटरीना कैफ बनी मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर



## भारतीय पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिश

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ अब मालदीव की ग्लोबल टूरिज्म एम्बेसडर बन गई हैं। मंगलवार को सोशल मीडिया पर यह घोषणा की गई। विजिट मालदीव ने इस खबर को शेयर करते हुए कहा कि वे कैटरीना कैफ को अपने ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर के रूप में पाकर बेहद खुश हैं।

गौरतलब है कि कैटरीना भारत में ब्रांड एंडोर्समेंट की दुनिया का बड़ा चेहरा हैं। कैटरीना ने इस मौके पर कहा कि मालदीव लग्जरी और नेचुरल ब्यूटी का शिखर है, ऐसी जगह जहां सादगी और शांति एक साथ मिलती है। 'सनी साइड ऑफ लाइफ' का फेस बनकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। इस कोलेबोरेशन के जरिए मैं दुनियाभर के लोगों को मालदीव की खासियत और बेहतरीन यात्रा अनुभव से परिचित कराने के लिए उत्साहित हूं। भारत-मालदीव रिश्तों में खटास के बीच आया यह कोलेबोरेशन यह कोलेबोरेशन ऐसे वक्त में हुआ है जब भारत और मालदीव के रिश्तों में पिछले साल जनवरी के बाद से कुछ कड़वाहट देखी गई थी। विजिट मालदीव ने हाल ही में समर सेल कैंपेन लॉन्च किया है ताकि दुनियाभर से ज्यादा से ज्यादा सैलानी मालदीव की खूबसूरती, समृद्ध समुद्री जीवन और लग्जरी अनुभवों को जान सकें। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने मालदीव की यात्रा पर जा सकते हैं। मालदीव नेताओं की आपत्तिजनक टिप्पणियों ने बढ़ाया था विवाद गौरतलब है कि 2024 की शुरुआत में दोनों देशों के रिश्तों में खटास आई थी।

# यमन में 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया गया

**अदन।** यमन के सुरक्षा बलों ने सोमवार को रेड सी तट के बाब अल-मंडब क्षेत्र में मानव तस्करी गिरोह से 177 अफ्रीकी प्रवासियों को बचाया, जिसमें कई महिलाएं भी शामिल थीं।

यहां के एक सुरक्षा सूत्र ने नाम न बताने की शर्त पर बताया कि यमन के सरकारी बलों ने तैज प्रांत के धुबाब तटीय जिले में मानव तस्करी नेटवर्क से कई इथियोपियाई प्रवासियों को मुक्त कराया। यह बचाव अभियान बाब अल-मंडब से लेकर प्रांत लाहज के रस अल-अरह तटीय क्षेत्र तक फैले एक व्यापक सुरक्षा ऑपरेशन का हिस्सा था। सूत्रों के अनुसार यमन की पश्चिमी तटरेखा पर अफीकी और यमनी तस्करों के सहयोग से मानव तस्करी के नेटवर्क सक्रिय हैं। ये गिरोह नाव से आये अवैध प्रवासियों को अपहरण कर निजी ठिकानों में कैद कर उनका शोषण करते हैं। यमनी न्यूज एजेंसी दो दिसम्बर ने इस सुरक्षा अभियान की पुष्टि करते हुए, इसे मानव तस्करी के खिलाफ जारी मुहिम का हिस्सा बताया। पश्चिमी तटीय सुरक्षा क्षेत्र के कमांडर ब्रिगेडियर जनरल मुजाहिद अल-हजौरा ने कहा कि इस अभियान में धुबाब के विभिन्न हिस्सों में तस्करों की ओर से इस्तेमाल किए जाने वाले ठिकानों और हिरासत स्थलों को निशाना बनाया गया तथा 123 पुरुषों और 54 महिलाओं को सफलतापूर्वक मुक्त कराया गया।

# पाक हुआ 76 हजार अरब रुपये का कर्जदार, वित्त मंत्री फिर भी संतुष्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोमवार, 9 जून को इकोनॉमिक सर्वे 2024-25 जारी किया गया। इसे वित्तमंत्री मोहम्मद औरंगजेब ने पेश किया। सर्वे के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीनों में पाकिस्तान पर कर्ज बढ़कर 76000 अरब पाकिस्तानी रुपये हो गया।

इसमें से 51500 अरब रुपये लोकल बैंकों से और 24500 अरब रुपये देश के बाहर दूसरे देशों या बैंकों से लिया गया है। वित्तमंत्री ने कहा कि पिछले दो सालों से देश की अर्थव्यवस्था में सुधार आया है। मौजूदा वित्त वर्ष में इसमें स्थिरता और मजबूती आई है। नकदी के संकट से जूझ रहे देश की अर्थव्यवस्था इस साल 2.7 प्रतिशत की दर से बढ़ने की संभावना है। पाकिस्तान का वित्तीय वर्ष 1 जुलाई से शुरू होता है, जिसके लिए



### दो साल में अर्थव्यवस्था पटरी पर लौटी


आज शाम पाकिस्तान का बजट पेश होगा। इससे एक दिन पहले इकोनॉमिक सर्वे पेश किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में औरंगजेब ने बताया कि साल 2023 में जीडीपी ग्रोथ 0.2 प्रतिशत थी, जो 2024 में बढ़कर 2.5 प्रतिशत हो गई है। वित्तमंत्री ने कहा, 2025 के लिए हमने 2.7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है। यह एक रिकवरी है और स्थाई विकास की दिशा में सही कदम है। अगला वित्तीय वर्ष एक बदलाव की कहानी होगा। वित्त वर्ष 2024-25 में जुलाई से अप्रैल के बीच चालू खाता (करंट अकाउंट) में 1.9 अरब डॉलर का सरप्लस दर्ज हुआ। इसकी मुख्य वजह आईटी सेक्टर से 3.5 अरब डॉलर का होने वाला निर्यात रहा। रेमिटेंस यानी जो लोग दूसरे देशों में पैसा कमाकर पाकिस्तान भेजते हैं, वो इस साल के अंत तक 37 से 38 अरब डॉलर पहुंच सकता है। दो साल पहले यह 27 अरब डॉलर था। 30 जून 2024 तक पाकिस्तान का फॉरेक्स रिजर्व्स यानी विदेशी मुद्रा भंडार 9.4 अरब डॉलर थे। 2023 में पाकिस्तान के पास सिर्फ दो हफ्ते के आयात के लिए ही विदेशी मुद्रा भंडार बचा था।

## अमेरिका में व्यापक यात्रा प्रतिबंध लागू

**ह्यूस्टन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से जारी व्यापक यात्रा प्रतिबंध सोमवार से लागू हो गया, जो ट्रम्प-प्रशासन की कड़ी आव्रजन नीति के बीच बढ़ते हंगामे के दौरान आया है। सप्ताहांत में, कैलिफोर्निया में आव्रजन छापों के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान लॉस एंजिलेस में प्रदर्शनकारियों की नेशनल गार्ड से झड़प हुई। न्यूयॉर्क सिटी में सोमवार को प्रदर्शनकारियों ने ट्रम्पटॉवर पर कब्जा कर लिया और हाल ही में हिरासत में लिए गए प्रवासियों की रिहाई की मांग की। करीब 20 मिनट की तनातनी के बाद पुलिस ने करीब 20 लोगों को गिरफ्तार किया। पिछले सप्ताह ट्रम्प ने एक घोषणा पर हस्ताक्षर किए, जिसमें 12 देशों के नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया।

## मेलबर्न में कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी मेलबर्न में सोमवार देर रात एक कार दुर्घटना में दो लड़कों की मौत हो गई और एक घायल हो गया। ऑस्ट्रेलिया के पूर्वी गिप्सलैंड क्षेत्र में मंगलवार को मेलबर्न से 300 किलोमीटर पूर्व में ओरबोस्ट शहर में एक कार के पेड़ से टकराने की सूचना पर आपातकालीन सेवाओं को बुलाया गया। इस हादसे में 18 वर्षीय पुरुष चालक और 15 वर्षीय पुरुष यात्री की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।




# छात्र बदसलूकी पर अमेरिका ने दी सफाई

## अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं, वैध तरीके से आएं, तो स्वागत

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यूजर्सी में भारतीय छात्र को जमीन पर पटकने, हथकड़ी लगाने और डिपोर्ट करने के मुद्दे पर भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने मंगलवार को बयान दिया। दूतावास ने कहा कि अमेरिका में अवैध एंट्री बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अमेरिकी दूतावास ने एक्स पर लिखा-अमेरिका अपने देश में वैध यात्रियों का स्वागत करता है।

हम अवैध एंट्री, वीजा का दुरुपयोग या अमेरिकी कानून के उल्लंघन को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इससे पहले भारतीय मूल के अमेरिकी बिजनेसमैन कुणाल जैन ने रविवार को इस घटना वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। जैन ने एक्स पर लिखा-मैंने न्यूअर्क एयरपोर्ट पर एक युवा भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर, रोते हुए, अपराधी की तरह ट्रीट होते देखा। जैन ने बताया कि छात्र हरियाणवी में कह रहा था कि मैं पागल नहीं हूं,

### एयरपोर्ट पर छात्र को पटका फिर इंडिया भेजा था

ये लोग मुझे पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। वीडियो में एयरपोर्ट अधिकारियों ने छात्र को जमीन पर पटका और उसे हथकड़ी लगाई। इसके बाद उसे भारत डिपोर्ट कर दिया गया। अभी तक यह साफ नहीं है कि छात्र को किस वजह से डिपोर्ट किया गया। अधिकारियों ने भारतीय छात्र को हथकड़ी लगाकर जमीन पर पटक दिया। छात्र ने कहा कि वो पागल नहीं है, उसे जबरदस्ती पागल साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। कुनाल जैन ने कहा था कि बच्चे वीजा लेकर सुबह फ्लाइट से आते हैं। किसी कारण से इमिग्रेशन अथॉरिटीज को अपने आने का कारण समझा नहीं पाते और शाम की फ्लाइट से हाथ-पैर बांधकर, मुजरिमों की तरह भेज दिए जाते हैं। हर दिन 3-4 ऐसे मामले हो रहे हैं। पिछले कुछ दिनों में ऐसे केस ज्यादा बढ़ गए हैं। जैन ने भारतीय दूतावास, अमेरिका और भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर से इस मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की। उन्होंने लिखा था कि पता लगाना चाहिए कि इस छात्र का क्या हो रहा है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर एक्स पर लिखा कि अमेरिका में लगातार भारतीय नागरिकों को अपमानित किया जा रहा है। हर दिन ऐसी खबरें आ रही हैं और नरेंद्र मोदी चुप्पी साधे हुए हैं। मोदी सरकार भारतीयों के सम्मान की रक्षा करने में नाकाम साबित हुई है। हमारी मांग है कि नरेंद्र मोदी को ट्रंप प्रशासन से भारतीयों के अपमान को लेकर बात करनी चाहिए।

